नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 207 | नई दिल्ली, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

माधुरी ने की पाणी की प्रशंसा... पेज-12

## एक नजर

### छठ-दीपावली के मौके पर चलायी जाएंगी सात हजार विशेष ट्रेनें: वैष्णव

**नई दिल्ली।** सरकार ने छठ और दीपावली के पर्व पर यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए सात हजार विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विशेष ट्रेनों के परिचालन का नया रिकॉर्ड होगा। उन्होंने बताया कि पिछले साल रेलवे ने छठ और दीपावली के सीजन में चार हजार विशेष ट्रेनें चलायी थी, जो एक रिकॉर्ड था। उन्होंने कहा कि इन विशेष ट्रेनों को चलाने से हर दिन दो लाख अतिरिक्त लोग सफर कर सकेंगे। भारतीय रेल प्रतिदिन 13 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों का परिचालन करती है।

### चक्रवात 'दाना': नौसेना हैडर अभियान के लिये तैयार

**नई दिल्ली।** ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों पर चक्रवातीय तूफान 'दाना' के आने के मद्देनजर, नौसेना मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान चलाने की योजना बना रही है। पूर्वी नौसेना कमान ने आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में नौसेना अधिकारियों के प्रभारी (एनओआईसी) के साथ समन्वय में यह अभियान चलाने की योजना बनायी है। इसके अलावा, नौसेना कमान बेस विक्टुअलिंग यार्ड (बीवीवाई), मैटेरियल ऑर्गनाइजेशन और नौसेना अस्पताल आईएनएचएस कल्याणी जैसी इकाइयों के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि राज्य प्रशासन की ओर से मांगे जाने पर आवश्यक आपूर्ति और चिकित्सा सहायता प्रदान की जा सके। संभवतः प्रभावित क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों पर आवश्यक कपड़े, पीने का पानी, भोजन, दवाइयां और आपातकालीन राहत सामग्री आदि की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा, बाढ़ राहत और गोताखोरी टीमों को जरूरत पड़ने पर समन्वित बचाव एवं राहत कार्यों में सहायता के लिए जुटाया जा रहा है। समुद्र से राहत प्रयासों में सहायता के लिए, पूर्वी बेड़े के दो जहाज आपूर्ति, बचाव और गोताखोरी टीमों के साथ खड़े हैं।

### जन्म तिथि का आधिकारिक प्रमाण 'आधार कार्ड' नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि 'आधार कार्ड' जन्म तिथि का आधिकारिक प्रमाण नहीं है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने सरोज और अन्य की पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ अपील स्वीकार कर ली, जिसमें आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि के आधार पर सड़क दुर्घटना में मृत्यु के लिए उन्हें दिए जाने वाले मुआवजे को कम कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र के आधार पर मृतक की आयु निर्धारित करने और मुआवजा तय करने के आदेश को बरकरार रखा। पीठ ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा जारी एक परिपत्र का हवाला दिया। इसके साथ ही एक वैधानिक प्रावधान का भी जिक्र दिया, जिसमें स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र को जन्म तिथि का वैध प्रमाण घोषित किया गया था।

## जम्मू कश्मीर: LOC के पास सेना की गाड़ी पर आतंकी हमला

# दो जवान शहीद, 2 मजदूरों की भी मौत

**गुलमर्ग, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में भारतीय सेना की गाड़ी पर आतंकी हमला हुआ है। हमले में सेना के दो जवान शहीद हो गए हैं। इसके अलावा आतंकियों ने सेना के दो पोर्टर (कुली) की भी हत्या कर दी है। तीन अन्य जवान घायल हुए हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। सुरक्षा बलों ने इलाके को सील करते हुए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में पिछले चार दिनों में यह तीसरा बड़ा अटैक है। इससे पहले 20 अक्टूबर को गांदरबल में आतंकी हमले में डॉक्टर समेत 7 लोगों की हत्या कर दी गई थी। गुरुवार सुबह भी गैर प्रवासी मजदूर को आतंकियों ने गोली मारी थी।

गुलमर्ग में हुए आतंकी हमले पर सेना के अधिकारियों ने पीटीआई को जानकारी दी कि आतंकवादियों ने बारामूला जिले के बोटापथरी में वाहन पर गोलीबारी की थी। हमले में दो जवान शहीद हो गए। इसके अलावा आतंकियों ने सेना के दो पोर्टर की भी गोलीबारी में हत्या कर दी। आतंकी हमले में सेना के तीन जवान घायल भी हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि यह क्षेत्र पूरी तरह से सेना के कब्जे में है और अतीत में ऐसी खबरें हैं कि एक आतंकवादी समूह ने गर्मियों की शुरूआत में घुसपैठ की थी और यह अफरावत रेंज के ऊंचे इलाकों में छिपा था। बूटापथरी क्षेत्र को हाल ही में पर्यटकों के लिए खोला गया था।

गुलमर्ग में सेना के वाहन पर आतंकी हमले की घटना से कुछ घंटे पहले पुलवामा में एक संदिग्ध आतंकवादी हमले में एक गैर-स्थानीय मजदूर घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि आतंकी गोलीबारी में घायल मजदूर की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी शुभम कुमार के रूप में हुई। आज सुबह बटागुंड गांव में आतंकवादियों ने उसे गोली मार दी थी। गोली उसके हाथ पर लगी थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### आतंकियों ने एक मजदूर को भी बनाया निशाना

यह हमला ऐसे वक्त पर हुआ, जब कुछ घंटे पहले ही जम्मू कश्मीर के गंदरबाल जिले में एक मजदूर पर आतंकियों ने फायरिंग कर दी. घायल मजदूर का की पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वाले प्रीतम के रूप में हुई है.

### तीन दिन पहले हुए हमले में हुई थी 7 लोगों की मौत

इससे तीन पहले गंदरबाल में ही आतंकियों ने टनल बनाने में लगे मजदूरों के हाउसिंग कैंप में हमला किया था. इस हमले में 6 मजदूरों और एक डॉक्टर की मौत हो गई थी.

### आतंकियों पर हो तुरंत एक्शन- एलजी

जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने कहा, बुटापथरी सेक्टर में हुए जघन्य आतंकी हमले पर सेना के शीर्ष अधिकारियों से बात की. आतंकवादियों को मार गिराने के लिए त्वरित और मुंहतोड़ जवाब देने का निर्देश दिया. कार्रवाई जारी है. हमारे शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा. उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं. घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं.

### हमले की कड़ी निंदा करता हूं : उमर अब्दुल्ला

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस हमले पर दुख जताया. उन्होंने ट्वीट कर कहा, उत्तरी कश्मीर के बूटा पथरी इलाके में सेना के वाहनों पर हमले के बारे में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण खबर है जिसमें कुछ लोग हताहत और घायल हुए हैं. कश्मीर में हालिया हमलों की यह श्रृंखला गंभीर चिंता का विषय है. मैं इस हमले की कड़ी से कड़ी निंदा करता हूं और जिन लोगों की जान गई उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं. मैं यह भी प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग पूरी तरह और शीघ्र स्वस्थ हो जाएं.

### महबूबा मुफ्ती ने दुख जताया

वहीं, इस हमले पर जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने दुख जताया है. उन्होंने ट्वीट कर कहा, बारामूला में सेना के काफिले पर आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं और गहरा दुख हुआ, जिसमें एक नागरिक की मौत हो गई. इसकी स्पष्ट रूप से निंदा करती हूं और घायल सैनिकों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करती हूं.

## महाराष्ट्र चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की लिस्ट, 48 सीटों पर नाम का ऐलान

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। 48 सीटों के लिए उम्मीदवार फाइनल हो गए हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले साकोली से, विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात संगमनेर से, विपक्ष के नेता विजय वडेट्टिवार ब्रम्हपुरी से, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण कराड दक्षिण से और सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान चांदीवली से चुनाव लड़ रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी। पार्टी की ओर से उम्मीदवारों में प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को उनके वर्तमान क्षेत्र साकोली से एक बार फिर उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण को भी उनकी मौजूदा सीट कराड दक्षिण से प्रत्याशी बनाया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वेडेट्टिवार को ब्रह्मपुरी, पूर्व मंत्री अमित देशमुख को लातूर शहर और असलम शेख को मलाड पश्चिम से उम्मीदवार बनाया गया है।



### कांग्रेस की लिस्ट

कांग्रेस ने गुरुवार शाम को 48 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। इसमें शहाड़ा सीट से राजेंद्र कुमार को, नंदुरबार से किरन तड़ावी, नवापुरा से कृष्णकुमार नाइक, सकड़ी से प्रवीण चौरे, धुले नगर सीट से कुणाल पाटिल, रावेर से धनंजय चौधरी, मल्कापुर से राजेश इकाड़े, चिखली से राहुल बौंदरे, रिसौड से अमित जनक, धमनगांव रेलवे सीट से वीरेंद्र जगताप, अचलपुर से अनिरुद्ध देशमुख, देवली से रंजीत कांबले, अमरावती से सुनील देशमुख, नागपुर दक्षिण से प्रफुल गुदाढ़े, नागपुर मध्य से बंटी शेल्के, नागपुर पश्चिम से विकास ठाकरे, नागपुर उत्तरी सीट से नितिन राउत, सकोली से नानाभाऊ पटोले, गोंदिया विधानसभा सीट से गोपाल दास अग्रवाल, रजूरा सीट से सुभाष धोते, ब्रह्मपुरी से विजय वडेट्टीवार, चिमूर विधानसभा सीट से सतीश वारजुकर, भोर सीट से तिपुरपति कोंडेकर और हड़गांव सीट से माधवराव पाटिल को टिकट दिया गया है।

## शरद पवार गुट ने जारी की उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

# अजित पवार के खिलाफ भतीजे युगेंद्र को दिया टिकट

**पुणे, एजेंसी।** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शरद पवार गुट ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट का ऐलान कर दिया है। शरद पवार गुट के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 45 उम्मीदवारों की घोषणा की। राकांपा (शरदचंद्र पवार) पार्टी ने बारामती विधानसभा क्षेत्र से भी अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। बारामती से राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने युगेंद्र पवार को उम्मीदवार घोषित किया है। युगेंद्र पवार का मुकाबला अपने चाचा और एनसीपी के दूसरे धड़े के प्रमुख अजित पवार से होगा। इस लिस्ट में जयंत पाटिल, अनिल देशमुख, राजेश टोपे समेत कई बड़े नाम शामिल हैं। जयंत पाटिल इस्लामपुर से चुनाव लड़ेंगे। जितेंद्र अव्हाड़ मुंब्रा से चुनाव लड़ेंगे। अनिल देशमुख काटोल से चुनाव लड़ेंगे। रोहित पवार कर्जत जामखेड से और रोहिणी खडसे मुक्ताईनगर से चुनाव लड़ेंगी। दिवंगत आर आर पाटिल के बेटे रोहित पाटिल (तासगांव-कवथेमहांकल) का नाम शामिल है। रोहित पाटिल पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं।

हाल ही में लोकसभा चुनाव के दौरान बारामती में अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार और मौजूदा सांसद और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के बीच तीखी टक्कर देखने को मिली। जुलाई 2023 में अजित पवार के दलबदल से भड़के इस पारिवारिक झगड़े के बाद हुए चुनाव में अजित पवार की पत्नी को हार का सामना करना पड़ा। जिसके बाद परिवार के भीतर मतभेद और गहरा गए। एनसीपी में अजित पवार का गुट अब सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन का हिस्सा है।



### कौन हैं युगेंद्र पवार?

32 वर्षीय युगेंद्र दिग्गज नेता शरद पवार के पोते और अजित पवार के भाई श्रीनिवास पवार के बेटे हैं। उन्होंने बोस्टन स्थित नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक की डिग्री हासिल की है। युगेंद्र शरद पवार के करीबी रहे हैं और पवार के संरक्षण में अपने लिए राजनीतिक जमीन तैयार कर रहे हैं। युगेंद्र शरद पवार द्वारा स्थापित शैक्षणिक संस्थान विद्या प्रतिष्ठान के कोषाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान सुप्रिया सुले के लिए प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जबकि उनके पिता श्रीनिवास ने महायुति सरकार में शामिल होने और शरद पवार को छोड़ने के लिए अजित की खुलकर आलोचना की थी।

# गिरिराज-तेजस्वी ने गरमाया सियासी पारा नीतीश की रणनीति पर सबकी नजरें

## बिहार में 'धर्म-कांटा' पर टिका वोट बैंक

**दीपक कुमार तिवारी**

**पटना।** बिहार की राजनीति इन दिनों धर्म और ध्रुवीकरण के मुद्दों पर तेज होती दिख रही है। भाजपा के फायरब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपनी पांच दिवसीय "हिन्दू स्वाभिमान यात्रा" के माध्यम से हिन्दुओं को 'खतरे' के प्रति सचेत किया, तो आरजेडी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मुसलमानों की सुरक्षा को लेकर सख्त लहजे में बयान देकर माहौल को गरमा दिया। गिरिराज सिंह की यात्रा को जहां भाजपा के अंदरूनी समर्थन की कमी महसूस हुई, वहीं नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने इसे अप्रासंगिक करार दिया। हालांकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे रोकने का कोई प्रयास नहीं किया, जिससे उनके रुख पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

गिरिराज सिंह ने अपनी यात्रा के दौरान बिहार के सीमांचल में बांग्लादेशी घुसपैठ और बदलती जनसंख्या संरचना को लेकर चिंता जताई। उन्होंने हिन्दू वोटरों को एकजुट करने के लिए त्रिशूल धारण कर तीखे बयान दिए। अररिया के सांसद प्रदीप सिंह ने भी इस यात्रा में उनके सुर में सुर मिलाया, हालांकि भाजपा ने इसे उनका निजी बयान बताया। दूसरी ओर, आरजेडी और उनके सहयोगियों ने गिरिराज की यात्रा का विरोध किया। तेजस्वी यादव ने इस यात्रा को दंगे भड़काने की साजिश करार दिया और ईंट से ईंट बजा देने की धमकी दी।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, गिरिराज सिंह की यह यात्रा भाजपा के हिन्दू वोटरों को पोलराइज करने का प्रयास है। लेकिन बिहार में जातिगत समीकरणों को देखते हुए यह स्पष्ट नहीं है कि इसका कितना फायदा भाजपा को मिल सकेगा। मुस्लिम वोटरों का ध्रुवीकरण भी तेजस्वी यादव और उनके महागठबंधन के पक्ष में हो सकता है, जो भाजपा के लिए चुनौती साबित होगा। बिहार की राजनीति में मुस्लिम वोटरों का 17 प्रतिशत हिस्सा निर्णायक भूमिका निभाता है, और करीब 47 विधानसभा सीटों पर उनकी अहमियत है। 2020 के विधानसभा चुनावों में 77 प्रतिशत मुस्लिम वोट महागठबंधन को मिले थे, जिससे आरजेडी का एम-वाई (मुस्लिम-यादव) समीकरण मजबूत हुआ। अब गिरिराज सिंह के हिन्दू वोटों को एकजुट करने की कोशिशें और तेजस्वी के मुस्लिम वोटों को साधने की कोशिशों के बीच नीतीश कुमार अपने धर्मनिरपेक्ष छवि को बचाने की कोशिश में हैं। इस सियासी जंग के बीच नीतीश कुमार की खामोशी सवाल खड़े कर रही है। गिरिराज की यात्रा पर न तो प्रशासनिक रोक लगी है और न ही नीतीश ने खुलकर इसका विरोध किया है। ऐसे में बिहार की राजनीति में धर्म आधारित वोट बैंक की लड़ाई और गहरी होती जा रही है, जिससे नीतीश कुमार के सामने चुनौती और बढ़ गई है।



### उप्र विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतारने निर्णय लिया है और कहां है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए वह इंडिया समूह की जीत सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेगी।

कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी ने विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव में किसी भी सीट पर उम्मीदवार खड़ा नहीं करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा, "उत्तर प्रदेश में 10 में से नौ सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं लेकिन आज का समय अपने संगठन या पार्टी को बचाने का नहीं है, ये समय संविधान और भाईचारे की रक्षा करने का है। इसके मद्देनजर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने फैसला लिया है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी चुनाव मैदान में अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी।

# उमर अब्दुल्ला ने पीएम मोदी से की मुलाकात, इन मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके अलावा, उन्होंने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की। इससे पहले, उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि वह जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संबंध में केंद्रीय नेतृत्व को प्रस्ताव सौंप सकते हैं।

बीते दिनों उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में हुई कैबिनेट बैठक में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संबंध में प्रस्ताव भी पारित किया गया था, जिसे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंजूरी भी दे दी थी।


हाल ही में हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में कुल 90 सीटों में से नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 सीटें जीत कर सरकार बनाई है। कांग्रेस बाहर से समर्थन कर रही है।

जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर से लद्दाख को अलग कर दोनों को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में चुनाव हुए हैं। बीते दिनों इस चुनाव के कई सियासी मायने निकाले गए थे। लद्दाख को बिना विधानसभा के केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है।

इससे पहले जब उमर अब्दुल्ला की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई, तो उन्होंने इसे महज एक शिष्टाचार भेंट बताया था। उन्होंने कहा था कि इस मुलाकात के दौरान हमने घाटी से जुड़े मुद्दों पर बात की।

उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की। उन्होंने उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर में चल रही सड़क विकास परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में हुए आतंकी हमले के बाद मुख्यमंत्री दिल्ली पहुंचे हैं, जहां उनकी मुलाकात कई बड़े शीर्ष नेताओं से हुई है। गांदरबल हमले में एक चिकित्सकीय कर्मचारी समेत सात लोगों की मौत हो गई थी। जान गंवाने वाले लोगों में कई पेशे से जुड़े लोग शामिल थे। इस हमले के बाद विपक्ष ने घाटी में शांतिपूर्ण माहौल होने के केंद्र सरकार के दावे पर सवाल खड़े किए थे।



# सीएम आतिशी ने दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स का किया शुभारंभ, बोलीं- खेलों को बढ़ावा देगी आप सरकार

❍ जोनल स्तर पर 3500 से अधिक स्कूलों की आपस में हुई प्रतियोगिता
❍ 29 जोन की टाप टीमें अब स्टेट लेवल पर दिखाएंगी दमखम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के स्कूलों में उभरती खेल प्रतिभाओं को निखारने और छात्रों को अपने खेल कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के लिए दिल्ली सरकार हर साल दिल्ली राज्य स्कूल खेलों का आयोजन करती है। इस श्रृंखला में मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को छत्रसाल स्टेडियम में 'दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स' 2024-25 का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि, "हमारा सपना है कि दिल्ली में रहने वाले हर बच्चे को उनके टैलेंट के हिसाब से आगे बढ़ने का अवसर मिले। चाहे पढ़ाई हो या स्पोर्ट्स दिल्ली सरकार ये जिम्मेदारी लेती है कि स्टूडेंट्स को आगे बढ़ने के लिए हर प्रकार के अवसर मिलेंगे। पैसों की कमी कभी भी खिलाड़ियों के टैलेंट में बाधा न बने इसलिए दिल्ली सरकार ने प्ले एंड प्रोग्रेस व मिशन एक्सीलेंस स्कीम की शुरूआत की।" ट्रेनिंग के लिए 2-3 लाख तक का सहयोगः आतिशी आतिशी ने कहा कि टैलेंट घर में पैसा नहीं देखता, टैलेंट ये नहीं देखता कि बच्चा अमीर परिवार से है या गरीब परिवार से है। इसलिए आप बच्चों के लिए दिल्ली सरकार ने प्ले एंड प्रोगेस स्कीम शुरू की हुई है जिसमें 17 साल तक के बच्चों को उनकी ट्रेनिंग के लिए 2 से 3 लाख तक का सहयोग दिया जाता है।

शुभी शर्मा ने अंडर-14 लॉन टेनिस में जीता सिल्वर मेडल त्यागराज स्टेडियम में खेले गए लान टेनिस टूनामेंट में शुभी शर्मा ने अंडर-14 महिला वर्ग में दूसरा पायदान हासिल कर सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के बड़े-बड़े खिलाड़ियों को मात दी। इसके अलावा लान टेनिस अंडर-19 पुरुष वर्ग में ईशान पात्रा ने सेमीफाइनल में उदय दहिया को हराया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में शुभम ने शौर्य राज को मात दी। ईशान पात्रा और शुभम के बीच लॉन टेनिस का फाइनल मुकाबला दिपावली के बाद खेला जाए। दिल्ली स्टेट प्रतियोगिता में श्रेया ने गोल्ड व रागिनी ने सिल्वर जीता छत्रसाल स्टेडियम में अंडर-19 महिला वर्ग 1500 मीटर प्रतियोगिता में मोर्डन पब्लिक स्कूल शालीमार बाग में पढ़ने वाली श्रेया ने गोल्ड मेडल जीता। श्रेया मुकाबले की शुरूआत में दूसरें पायदान पर बनी हुई थी। हालांकि, आखिरी समय में अपनी दौड़ने की रफ्तार को तेज कर पहला पायदान प्राप्त किया। इसके अलावा दूसरे पायदान पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेस्ट पटेल नगर में पढ़ने वाली 17 वर्षीय रागिनी सिंह ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। बता दें, दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स का आयोजन गुरुवार से शुरू होकर पूरे नवंबर तक चलेगा. इसके अंतर्गत 5 नवंबर को एथलेटिक्स मीट का आयोजन भी किया जाएगा. हर साल दिल्ली सरकार शिक्षा निदेशालय द्वारा दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स का आयोजन किया जाता है. इनमें विभिन्न आय वर्ग के छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं. इन खेलों का उद्देश्य स्कूल जीवन से ही बच्चों के अंदर खेल की प्रतिभा को निखारने और खेल के प्रति बच्चों का आकर्षण बढ़ाने के लिए किया जाता है. इन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को दिल्ली सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जाता है.

## दीवाली और छठ पर सात हजार विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी

-02 लाख अतिरिक्त लोगों को रोज यात्रा की सुविधा मिलेगी इससे तैयारी

-अधिक यात्रियों को ढोने के लिए नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी जोड़े जा रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर भारतीय रेलवे ने 7,000 विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इससे त्योहारी सीजन में दो लाख अतिरिक्त लोगों को रोजाना ट्रेन में यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यह ऐलान किया। इनमें से बड़ी संख्या में विशेष ट्रेनें दिल्ली-एनसीआर के स्टेशनों से चलेंगी। कैबिनेट फैसलों की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में वैष्णव ने कहा कि त्योहारों के मौके पर इतनी बड़ी संख्या में विशेष ट्रेनें चलाने का यह रिकॉर्ड है। पिछले साल करीब 4,500 ट्रेनें चलाई गई थीं, वह भी अपने आप में एक रिकॉर्ड था। लेकिन इस बार संख्या और बढ़ा दी गई है। इस बीच,रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंत्रालय ने इस साल सेवाओं को बढ़ाने का फैसला किया है। उत्तर रेलवे (एनआर) इस अवधि के दौरान बड़ी संख्या में ट्रेन चलाएगा क्योंकि बड़ी संख्या में यात्री देश के पूर्वी भागों में आवाजाही करते हैं। उत्तर रेलवे ने हाल ही में एक प्रेस बयान में कहा कि वह लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में मदद करने के लिए विशेष ट्रेन के लगभग 3,050 फेरे संचालित करेगा। इसमें कहा गया है, वर्ष 2023 में भारतीय रेलवे ने विशेष त्योहार ट्रेन चलाईं, जिसमें उत्तर रेलवे ने विशेष ट्रेन के 1,082 फेरे संचालित किए। इस साल ट्रेन के 3,050 फेरे संचालित किए जाएंगे, जो 181 प्रतिशत की वृद्धि है। इसमें कहा गया है विशेष ट्रेन के अलावा, अधिक यात्रियों को समायोजित करने के लिए ट्रेन में अतिरिक्त कोच भी जोड़े जा रहे हैं।

## दिव्यांगों को पांच हजार मासिक पेंशन की घोषणा आप सरकार का बड़ा फैसला : सुभाष चन्द्र लाला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने जल्द ही राजधानी दिल्ली के दिव्यांगों के लिए बड़ा निर्णय लिया है। कैबनेट में पास किये गए निर्णय के मुताबिक अब दिल्ली में दिव्यंगो को पांच हजार रुपए पेंशन मिला करेगी। आम आदमी पार्टी विश्वाश नगर वार्ड के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र लाला ने दिल्ली सरकार के इस निर्णय को एतिहासिक बताते हुए कहा सरकार के इस निर्णय से राजधानी दिल्ली के तकरीबन स्व लाख दिव्यांगों को लाभ मिलेगा। सुभाष चन्द्र लाल कहते हैं कैबनेट के निर्णय के मुताबिक जिन लोगो के पास 60 फीसदी या उससे अधिक विकलांगता का सर्टिफिकेट होगा उन्हें यह सुविधा मिलेगी। और अभी दिल्ली में तकरीबन सवा लाख के आसपास दिव्यांग है जिन्हें पेंशन मिल रही है लेकिन अब उन्हें बढ़ी डॉ. से पेंशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सुभाष चन्द्र लाला कहते है दिल्ली सरकार ने जो निर्णय लिया है अब दिल्ली इकलौता ऐसा राज्य बन जाएगा जहां दिव्यांगों को इतनी राशि पेंशन के रूप में मिलेगी। सुभाष लाला कहते हैं महिलाओं के लिए एक हजार रुपए देने की योजना पर पहले से ही काम चल रहा है। सुभाष लाला कहते है केवल आम आदमी पार्टी की सरकार ही जनहित में ऐसे निर्णय ले सकती है।

## एसएमए की जानलेवा बीमारी से ग्रसित दो बच्चियों को बचाने की आप सांसद ने शुरू की मुहिम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप-1 बीमारी से ग्रसित दो बच्चियों की जिंदगी बचाने के लिए देशभर के लोगों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है. गुरुवार को उन्होंने दोनों बच्चियों के माता-पिता की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस कर बच्चियों की जान बचाने के लिए मुहिम की शुरूआत की. उन्होंने कहा कि एक 11 महीने और दूसरी 8 महीने की दो बच्चियों को एसएमए टाइप-1 की गंभीर बीमारी है. इसमें बच्चे का जीवन ढाई से तीन साल का होता है. इस बीमारी के इलाज के लिए लगने वाले इंजेक्शन की कीमत 17 करोड़ रुपए है. जो सारी छूट के बाद 10-11 करोड़ रुपए का पड़ता है. एक सामान्य मां-बाप के लिए महंगे इंजेक्शन खरीद पाना असंभव है, ऐसे में सरकार और देशवासियों को मदद के लिए आगे आना चाहिए. उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों से अपील की है कि जितना भी संभव हो, इन बच्चियों की जान बचाने में मदद करें. इंजेक्शन के लिए अमेरिकी सरकार से बात करें प्रधानमंत्री मोदीः सिंह ने अपने इस महीने की अपनी पूरी तनख्वाह से दोनों बच्चियों को 1-1 लाख रुपए की मदद की है. साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भी मदद के लिए पत्र लिखने की बात कही है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी अपील है कि वह राजनीति को अलग रखकर इस इंजेक्शन को सस्ते में उपलब्ध कराने के लिए अमेरिकी सरकार से बात करें. उन्होंने कहा कि संसद में भी भारत सरकार से मांग की थी कि जब तक भारत सरकार ऐसे मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी तब तक ऐसे बच्चों को बचाना बहुत मुश्किल है. स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी एक अत्यंत गंभीर बीमारी है, जिसके इंजेक्शन की कीमत करीब 17 करोड़ रुपए है. सरकार द्वारा इसमें टैक्स की छूट देने के बाद यह करीब 10-11 करोड़ रुपए का पड़ता है. इस इंजेक्शन को नारवोटिस नामक एक अमेरिकी कंपनी बनाती है. देश में इस तरह के सहयोग से अभी तक चार-पांच बच्चों को इंजेक्शन लगाकर उनका जीवन बचाया जा सका है. दोनों बच्चियों के माता-पिता ने क्राउड फंडिंग के लिए इंपैक्ट गुरु नामक ऐप पर बच्चियों का अकाउंट बनाया है. जहां दोनों बच्चों से जुड़ी सारी जानकारी दी गई हैं.

## हत्या के चार घंटे के अंदर नाबालिग समेत पांच पकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कल्याणपुरी इलाके में बुधवार तड़के अजीत उर्फ पग्गल की हत्या के मामले को हत्या के चार घंटे के अंदर सुलझा लिया। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग समेत पांच लोगों को पकड़ा है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि वारदात में इस्तेमाल एक चाकू जैसा धारदार हथियार, एक टूटा हुआ लकड़ी की तख्ती, टूटी बोतल, टूटा पत्थर का स्लैब और ईंट बरामद हुआ है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान कल्याणपुरी झुग्गी निवासी राहुल उर्फ गुग्ली, देव उर्फ लीची, कल्लू, शिवा उर्फ बक्कू और नाबालिग के रूप में हुई है। जबकि मृतक अजीत उर्फ पग्गल है। पुलिस ने वारदात के बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की और उन्हें दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक, मामले में कल्याणपुरी इलाके में एक शव पड़े होने की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि ब्लॉक 18, कल्याणपुरी में छोटू की दुकान के पास एक लड़के का शव पड़ा है। पुलिस को जांच के दौरान युवक के शरीर पर चाकू से हमले के निशान के साथ अन्य घाव मिले। इस बीच स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम और एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शव की पहचान के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वारदातस्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और पुलिस ने जांच के दौरान आरोपियों को दबोच लिया।

## वृद्धावस्था पेंशन की मांग को लेकर भाजपा नेताओं का धरना प्रदर्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में आज दिल्ली के बुजुर्ग नागरिकों ने राजघाट पर भाजपा विधायकों के साथ धरना प्रदर्शन किया। भाजपा के कार्यकताओं ने प्रचंड प्रदर्शन के माध्यम से दिल्ली के बुजुर्गों की आवाज को उठाया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पेंशन पर दिल्ली के बुजुर्गों का हक है लेकिन उस पेंशन को अरविंद केजरीवाल ने 2017 से रोक रखा है ' दिल्ली के बुजुर्ग स्वाभिमानी हैं। अपनी जरूरतों के लिए वह किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना चाहते। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल की भ्रष्टाचार की सरकार अपने ऊपर पैसा खर्च कर सकती है लेकिन बुजुर्गों को पेंशन नहीं दे सकती।

दिल्ली के बुजुर्गों को पेंशन मिले उनके इस अधिकार के लिए हम लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि खुद को श्रवण कुमार कहने वाले केजरीवाल दिल्ली के बुजुर्गों की जेब काट रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सिर्फ दिल्ली की जनता को लूटने का काम करते है। उन्होंने दिल्ली के हर विभाग को लूटा है और तो और केजरीवाल ने अपने घर पर महिला सांसद को पीटवाने का काम भी किया।

उन्होंने कहा कि अब केजरीवाल को उनके किए की सजा भी मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक - एक कार्यकर्त्ता बुजुर्गों की पेंशन दिलवाने के लिए दिन रात एक कर देगा।

## प्रदुषण बढ़ा रही खाली चल रही डीटीसी बसें बंद करें : थान सिंह यादव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पंचायत संघ ने गांव नांगलोई सईदान में बढ़ते प्रदूषण को लेकर पंचायत प्रमुखों की बैठक की इसमें दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को बढ़ा रही डीटीसी की खाली चल रही बसों को लेकर माननीय उपराज्यपाल से जांच की मांग की है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने मुख्यमंत्री से मांग की कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सरकारी कर्मियों व अधिकारियों को अतिरिक्त भत्ता देकर साइकल से दफ्तर आने के लिए प्रोत्साहित करें। ओर सभी राजनैतिक दलो के प्रदेशाध्यक्षों से आग्रह किया की प्रदूषण से गैस चैम्बर बनी दिल्ली को बचाने के लिए वे अपने सभी कार्यकताओं से साइकल का इस्तेमाल करने की अपील करें। सभी गांव पंचायतों से आग्रह किया की वे भी प्रदुषित होती दिल्ली को बचाने में अपना योगदान करें। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की ज्यादातर डीटीसी खाली बसों को एक के पीछे एक चलते देखा जा सकता है।

## कांग्रेस पार्टी में शामिल कई आप नेता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आज आम आदमी पार्टी के उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद प्रतिनिधि इस्लाम मलिक को उनके सैंकड़ो साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल किया और सभी को कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका संगठन में स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हसन अहमद और अली मेंहदी भी मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि इस्लाम मलिक और उनके साथियों के कांग्रेस में शामिल होने से उत्तर पूर्वी दिल्ली में हमारी ताकत बढ़ेगी, क्योंकि क्षेत्र में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है और इनके साथ बड़ी तादात में मुस्लिम समाज जुड़ा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस की विचारधारा और कार्यशैली में भरोसा जताकर दूसरी पार्टी के लोगों के कांग्रेस के साथ जुड़ने का सिलसिला जारी है, जिससे कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी के तिमारपुर विधानसभा सचिव प्रवीण सोनकर को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, पीके मिश्रा, पूर्व निगम पार्षद अमरलता सांगवान मुख्य रुप से मौजूद थी। पार्टी में शामिल होने वालों बताया कि वो कांग्रेस के आदर्शो, परम्परा, विचारधारा और सकारात्मक सोच तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे और जन नायक राहुल गांधी जी के प्रभावशाली व्यक्तित्व और उनके देशवासियों के अधिकारों और हितों के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस परिवार में शामिल हुए सभी लोगों का दिल की गहराईयों से स्वागत करता हॅ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, माननीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व और जन प्रिय नेता राहुल गांधी जी की जनता के लिए संघर्ष की लड़ाई से प्रेरित होकर दूसरी पार्टी के लोग कांग्रेस के साथ जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि सपने दिखाने और उनकी हकीकत में बड़ा अंतर होता है, कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को भाजपा और आम आदमी पार्टी ने धोखा दिया, जिसके कारण इनका विश्वास वहां खत्म हो गया।

# एक नजर

## सड़कों की नहीं हो पा रही सफाई : राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम की सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर वायु प्रदूषण को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि निगम की आप सरकार के चलते सड़कों की सफाई नहीं हो पा रही है। इससे दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। सड़कों की सफाई के लिए जरूरी मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की कमी है। दुख की बात है कि जब से निगम की सत्ता में आप सरकार आई है तब से एक भी नई मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन नहीं खरीदी गई है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि जब भाजपा की सरकार निगम में थी तो केंद्र सरकार के सहयोग से 52 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों को सड़कों की सफाई के लिए उतारा था। समय के साथ इनकी संख्या को बढ़ाया जाना था। आप सरकार ने निगम का कार्य पूरी तरह से ठप कर दिया है। न तो दिल्ली में सफाई के लिए कोई कार्य और न ही वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आप सरकार कोई कदम उठा रही है। महापौर को चाहिए कि वह दिल्ली के वायु प्रदूषण के नियंत्रण पर विफल होने पर दिल्ली की जनता से माफी मांगे और निगम से इस्तीफा दे।

## पोलियोमाइलाइटिस से उत्पन्न लगातार खतरे को पहचानना आवश्यक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस विश्व पोलियो दिवस पर, पोलियोमाइलाइटिस से उत्पन्न लगातार खतरे को पहचानना आवश्यक है, विशेष रूप से भारत के मेघालय में हाल ही में देखी गई पोलियो घटना के मद्देनजर। पोलियो, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो मल-मौखिक संचरण के माध्यम से फैलती है और मुख्य रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है, जिससे अपरिवर्तनीय पक्षाघात होता है और कुछ मामलों में मृत्यु हो जाती है। दशकों की प्रगति के बावजूद, यह बीमारी वैश्विक स्वास्थ्य जोखिम बनी हुई है, खासकर भारत जैसे देशों के लिए, जो पोलियो मुक्त हैं, हालांकि पुनरुत्थान से बचने के लिए सतर्क रहना चाहिए।

दिल्ली के बाल रोग विशेषज्ञ सलाहकार डॉ. अनिल कुमार ड्रोलिया कहते हैं, पोलियो एक वैश्विक खतरा बना हुआ है, और इसके खिलाफ लड़ाई में टीकाकरण हमारा सबसे प्रभावी उपकरण है। निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (आईपीवी), 6 सप्ताह से शुरू होकर, बच्चों में महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा बनाता है, उन्हें इस जीवन-परिवर्तनकारी वायरस के अपरिवर्तनीय प्रभावों से बचाता है। यह जरूरी है कि हर बच्चे को यह महत्वपूर्ण टीका समय पर मिले। डॉ. ड्रोलिया बताते हैं, पोलियो मुक्त रहने में भारत की 12 साल की सफलता हमारे टीकाकरण कार्यक्रमों की ताकत का प्रमाण है, लेकिन हम आराम नहीं कर सकते। वायरस अभी भी दुनिया के कुछ हिस्सों में फैल रहा है, और वैश्विक यात्रा पोलियो मुक्त क्षेत्रों में पुनः परिचय को एक निरंतर खतरा बनाती है। सतर्कता महत्वपूर्ण है।

## ताहिर हुसैन ने यूएपीए मामले में दलील पेश की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हिंसा मामले में आरोपी ताहिर हुसैन के वकील ने गुरुवार को कड़कड़डूमा कोर्ट में दलील पेश की। वकील ने कहा कि सरकार की नीति के खिलाफ बोलना देश के खिलाफ तब तक नहीं कहा जा सकता, जब तक कि यह देश की अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता के लिए हानिकारक न हो। अदालत में आरोप तय करने पर बहस चल रही है। यह मामला यूएपीए अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। हुसैन के वकील राजीव मोहन ने अपनी दलीलें पेश कीं।

## आईपी यूनिवर्सिटी के एम॰ फार्मा और डी॰ फार्मा प्रोग्राम की ओपन हाउस काउन्सलिंग 25 अक्टूबर को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपी यूनिवर्सिटी के एम॰ फार्मा (सीईटी कोड 189) और डी. फार्मा (सीईटी कोड 190) प्रोग्राम की ओपन हाउस काउन्सलिंग ऑफलाइन मोड में यूनिवर्सिटी के द्वारका कैम्पस में 25 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। उसी दिन दस्तावेज सत्यापन के उपरांत सीटों का आवंटन भी कर दिया जाएगा। उस काउन्सलिंग में इन दोनों प्रोग्राम के लिए जारी मेरिट लिस्ट के सभी उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। आवेदक को यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम से निर्गत 1,55,500 रुपए का बैंक ड्राफ़्ट एम॰ फार्मा के लिएऔर 65,000 रुपए का बैंक ड्राफ़्ट डी. फार्मा के लिए, सीईटी का एडमिट कार्ड और रैंक कार्ड और चार पासपोर्ट आकार के फोटो काउन्सलिंग के समय साथ लेकर आना है। एम॰ फार्मा प्रोग्राम में 100 और डी. फार्मा में 60 सीटें उपलब्ध हैं। ये दोनों प्रोग्राम यूनिवर्सिटी के द्वारका कैम्पस स्थित सेंटर औफ एक्सलेन्स इन फामार्सुटिकल साइयन्स में उपलब्ध हैं।

## एम्स ट्रामा सेंटर में बेड की संख्या में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एम्स ट्रामा में बृहस्पतिवार को पांच नए मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) शुरू किए गए। एम्स के निदेशक डा. एम श्रीनिवास ने इस नए ओटी ब्लाक का शुभारंभ किया। इससे एम्स ट्रामा सेंटर में ओटी की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। इससे ट्रामा सेंटर में दोगुनी सर्जरी हो सकेगी। इससे हादसा पीड़ितों को इलाज में आसानी होगी। ट्रामा सेंटर के प्रमुख डा. कमरान फारूकी ने बताया कि कुछ वर्ष पहले ट्रामा सेंटर में 100 बेड बढ़े थे। इस वजह से ट्रामा सेंटर में बेड बढ़कर कुल 259 बेड हो गए।

लेकिन ऑपरेशन थिएटर की कमी बनी हुई थी। पहले से ट्रामा सेंटर में छह ऑपरेशन थिएटर थे। ट्रामा सेंटर में हर महीने 1200 से 1500 मरीजों की सर्जरी होती है। ओटी खाली नहीं मिलने के कारण कई मरीजों को दूसरे अस्पताल में रेफर करना पड़ता है। इसके मद्देनजर ट्रामा सेंटर के पहली मंजिल पर पांच नए मॉड्यूलर ऑपरेशनथिएटर शुरू किए गए हैं। ये सभी ओटी एकीकृत और इंटरनेट से जुड़े हैं। इसलिए सर्जरी को प्रशिक्षण के लिए लाइव डेमो रूम, व्याख्यान हाल या दुनिया में कहीं भी प्रसारित किया जा सकता है। सर्जरी के दौरान जरूरत पड़ने पर डॉक्टर दूसरे ओटी में मौजूद डॉक्टर से बात कर सकते हैं। इसके लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## केजरीवाल जी वादा पूरा करो, एक बार यमुना में डुबकी लगाकर दिखाओ : रोमेश चन्द्र गुप्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कई साल पूर्व दिल्ली के लोगो से वादा किया था अगले साल में आप लोगो के साथ स्वच्छ यमुना में डुबकी लगाऊंगा। लेकिन अगला साल तो क्या अब तो कई साल बीत चुके हैं बावजूद इसके डुबकी लगाने की बात तो दूर अब तो वे इस बाबत चर्चा भी नहीं करते। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के महामंत्री रोमेश चन्द्र गुप्ता का। रोमेश चन्द्र गुप्ता कहते हैं दिल्ली सरकार की घोर लापरवाही के चलते यमुना राजधानी दिल्ली में जहरीली हो चुकी है। रोमेश चन्द्र गुप्ता कहते हैं मनुष्य तो क्या अब जल जन्तु भी यमुना में घुसने से भय खाते हैं। लेकिन दिल्ली की सरकार को शर्म तक नहीं आती यमुना की हालत देख कर। रोमेश चन्द्र गुप्ता कहते हैं अरविन्द केजरीवाल ने एक बार फिर से 2025 तक यमुना की सफाई का दावा करके कहा था कि वो यमुना में स्वयं डुबकी लगाऐंगे।

रोमेश गुप्ता कहते हैं कि दूषित यमुना का झाग वाला पानी भी भ्रष्टाचार से जुड़ा दिख रहा है, जब दिल्ली जल बोर्ड ने यमुना सफाई में 6500 करोड़ खर्च किए तब भी यमुना दूषित और दूषित होती जा रही है। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी से भागने के लिए दिल्ली में समस्या कोई भी हो आप पार्टी के पास हर विषय पर एक रटा रटाया जवाब है कि सबके लिए पड़ौसी राज्य, उपराज्यपाल और केन्द्र सरकार को जिम्मेदार है। राजधानी में पानी भर जाए, सड़के टूटी हो, महिलाओं को पेंशन न मिले हर मामले में इनके पास एक ही जवाब है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के नालो पानी बिना ट्रीट कर-के सीधा यमुना में डाला जा रहा है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

# भारत जोड़ो अभियान की दिल्ली इकाई ने महाराष्ट्र भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया




महाराष्ट्र के अकोला में भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेंद्र यादव पर हमले के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया नई दिल्ली। भारत जोड़ो अभियान की दिल्ली इकाई ने महाराष्ट्र भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकताओं ने महाराष्ट्र भवन के रेज़िडेंट कमिश्नर को ज्ञापन सौंप कर अपना विरोध दर्ज करवाया और हुड़दंगियों पर कानूनी कार्यवाही की मांग की। दरअसल 21 अक्टूबर 2024 को महाराष्ट्र के अकोला में भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेन्द्र यादव की सभा में कुछ हुड़दंगियों द्वारा हंगामा और धक्कामुक्की की गई। "संविधान की रक्षा और हमारा वोट" के विषय पर आयोजित सभा को संबोधित करने के लिए आयोजक द्वारा आमंत्रित करने पर योगेन्द्र यादव जैसे ही अपने भाषण के लिए तैयार हुए सभा मे उपस्थित इन हुड़दंगियों ने उन्हे घेर लिया। सभा मे उपस्थित श्रोताओं और स्वयंसेवकों ने हुड़दंगियों से वक्ताओं की सुरक्षा की। हुड़दंगी पुलिस के सामने कुर्सियां तोड़ते रहे और हंगामा करते रहे लेकिन उन हुड़दंगियों पर कोई कारवाई नहीं की गई और पुलिस योगेंद्र यादव को वहां से ले कर चली गई। नवनीत तिवारी ने कहा कि हम इस घटना की कड़ी निन्दा करते हैं और अपना विरोध दर्ज करवाने यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र में चुनाव है और ऐसे समय में योगेंद्र यादव पर यह हमला साफ इशारा करता है कि महाराष्ट्र में कुछ लोग बहुत डरे हुए है। वह नहीं चाहते थे कि योगेंद्र यादव जनता के बीच लोकतंत्र और संविधान को बचाने की बात करें। एडवोकेट. रविंद्र वर्मा ने कहा कि हमने रेज़िडेंट कमिश्नर को ज्ञापन दे कर उनके माध्यम से महाराष्ट्र सरकार से यह मांग की है कि वह इस घटना की सधन जांच करें और हुड़दंगियों पर कानूनी कारवाही की जाएं। रिजवान खान ने कहा कि यह केवल योगेंद्र यादव पर हमला नहीं बल्कि यह साफ साफ लोकतंत्र पर हमला है और ऐसे कृत्य बताते है कि महाराष्ट्र में लोकतंत्र और कानून व्यवस्था की क्या स्थिति है।

## समाधान शिविर में आई 38 शिकायतों में से 11 का हुआ समाधान




**फरीदाबाद, एजेंसी।** प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार तथा जिला उपायुक्त डा. विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम के तीनों जोन के कार्यालयों तथा ग्रामीण आँचल में तीनों ब्लॉकों के बीडीपीओ कार्यालयों में गुरुवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 38 शिकायतें आई, जिनमें से 11 शिकायतों का संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान करवा दिया गया। शेष 27 शिकायतों का निवारण भी अतिशीघ्र करने के कड़े निर्देश दे दिए गए हैं। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए आगामी एक महीने तक प्रत्येक कार्यदिवस के दौरान सुबह 9 से 11 बजे तक नगर निकाय कार्यालयों में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में कोई भी आमजन अपनी शिकायत लेकर पहुच सकता है और उसका समाधान करवा सकता है। समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, पानी/सीवरेज, सडकें व सफाई संबंधित शिकायत प्राप्त हुई, जिसके लिए वहां संबंधित अधिकारीगणों को निर्देश दिए गए कि वे उक्त शिकायतों का निपटान शीघ्र अति शीघ्र करें। वहीं समाधान शिविर में आए प्रार्थियों की शिकायतों को जिन्हें लिखने में परेशानी हो रही थी उनकी शिकायतों को नगर निगम के कर्मचारियों की सहायता से लिखवा कर व पूरे दस्तावेज लगाकर समाधान भी मौके पर करवाया गया। उपायुक्त विक्रम सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन लगने वाले समाधान शिवरों में निर्देश दिए है कि वे जनता की शिकायतों को शान्तिपूर्वक सुने और सभी शिकायतकताओं विशेषतौर पर वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों तथा महिलाओं का सम्मान करते हुए उनकी शिकायतों का निवारण करे।

## दो वाहन चोर पकड़े, कई वाहन किए बरामद



**फरीदाबाद, एजेंसी।** वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा एवीटीएस फरीदाबाद की टीम ने महिंद्रा पिकअप गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों पर पूर्व में वाहन चोरी के पांच मुकदमें भी दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रिजवान और साकिब का नाम शामिल है। दोनों नूहं जिले के गांव गोधोला के रहने वाले हैं। अपराध शाखा टीम ने दोनों आरोपियो को नाका चेकिंग के दौरान शहर बल्लबगढ़ के एरिया से चोरी की गई महिंद्रा पिकअप गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ में एक अन्य मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। शहर बल्लभगढ़ से चोरी किया मोटरसाइकिल फतेहपुर तगा नहर से बरामद किया गया है।

आरोपी वाहन चोरी करने के लिए ही फरीदाबाद आते हैं। वे वाहनों को बेचने के लिए चोरी करते हैं। दोनों पर पूर्व में चोरी के मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## अवैध संबंध में रुकावट बना बच्चा तो मां के प्रेमी ने घोंटा गला, मुठभेड़ में आरोपी अरेस्ट

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के सिटी फॉरेस्ट में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के ऊपर आठ साल के बच्चे की गला दबाकर हत्या करने का आरोप है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी पैर में गोली लगने के कारण गंभीर घायल हो गया, जिसे बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोप लगया है कि बच्चे की मां के साथ आरोपी के अवैध संबंध थे। बच्चा बीच में रुकावट बनने लगा तो उसे अपने रास्ते से हटाने के लिए उसका काम तमाम कर दिया। पूछताछ में महेश ने बताया कि बीते एक साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई। इसी बीच बच्चे की मां के साथ उसके अवैध संबंध हो गए थे। मगर बच्चा बीच में रुकावट बन रहा था। इसलिए उसने उसे रास्ते से हटा दिया। बच्चे को साइकिल से जाते देखा तो उसे कोल्डड्रिंक और कुछ खिलाने के बहाने अपने साथ दुकान ले गया। जहां उसने रस्सी से गला गोंटकर उसकी हत्या कर दी। अंधेरा होने पर उसने यह कहकर ई-रिक्शा लिया कि उसका भाई बीमार है और फिर बच्चे को कंधे पर रखकर अस्पताल की तरफ चल दिया। मगर वह सिटी फॉरेस्ट आने पर ही उतर गया और वहां बच्चे की लाश ठिकाने लगा दी। मगर सीसीटीवी के आधार पर वह पकड़ा गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि नंदग्राम थानाक्षेत्र के गांव गढ़ी भट्ठा नंबर-5 में आठ साल का आकाश अपनी विधवा मां और भाई-बहन के साथ रहता था। वह तीसरी कक्षा में पढ़ता था। पिता कुमार की मौत करीब छह साल पहले सड़क हादसे में हो गई थी। बीते मंगलवार शाम करीब सात बजे आकाश घर से साइकिल चलाने के लिए निकला तो था मगर लौटकर वापस नहीं आया। घरवालों को चिंता हुई तो बच्चे की खोजबीन शुरू हुई। अगले दिन बुधवार की सुबह करीब आठ बजे बच्चे की लाश सिटी फोरेस्ट के पास पड़ी मिली। लाश मिलने पर पुलिस को इसके बारे में सूचित किया गया। डीसीपी ने आस-पास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने को कहे। सीसीटीवी में साइकिल सवार एक व्यक्ति आकाश के साथ जाता दिखा तो बालक के परिजनों से उसकी पहचान कराई गई। घरवालों ने बताया कि फुटेज वाला शख्स महेश गुप्ता है जो बीड़ी-सिगरेट की दुकान चलाता है। महेश मूलरूप से रामपुर जिले का रहने वाला है। इसके बाद गुरुवार को पता चला कि वह भोवापुर रोड पर छिपा है। नंदग्राम पुलिस ने घेराबंदी की तो उसने पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

## ज्ञानखंड तीन में पानी नहीं आने के कारण लोग परेशान

**ट्रांस हिंडन, एजेंसी।** इंदिरापुरम स्थित ज्ञानखंड तीन में पानी की आपूर्ति बाधित रही है। इससे कॉलोनी के तीन हजार से अधिक लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ा। वहीं न्यायखंड तीन, अभयखंड, वसुंधरा, वैशाली के कई इलाकों में पानी की समस्या रही। पानी नहीं मिलने से लोगों को बाहर से बोतल बंद पानी मंगाकर काम चलाना पड़ रहा है। मोटर में तकनीकी खराबी के चलते ज्ञानखंड में पानी की आपूर्ति बाधित रही। इससे तीन हजार से अधिक लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ा। बिना पानी के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों का आरोप है कि बाहर से बोतल बंद पानी मंगाने से जेब पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। वहीं न्यायखंड तीन, अभयखंड एक, वैशाली सेक्टर तीन, वसुंधरा सेक्टर पांच, सात दो चार में दूषित पानी की आपूर्ति हुई। वैशाली सेक्टर तीन के निवासी मनोज कुमार ने बताया कि पिछले दस दिन से कभी कम प्रेशर पानी, कभी दूषित तो कभी पानी नहीं आने की समस्या से जूझना पड़ रहा है। लोगों को आरोप है कि बिना के पानी के बच्चे व बुजुर्गों को अधिक परेशानी होती है। सुबह के समय पानी नहीं मिलने से बच्चों को स्कूल व बड़ों को दफ्तर जाने के लिए देरी हो रही है। अधिक टीडीएस का पानी आने से बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। अधिकारियों को पानी की सुचारू सप्लाई के लिए कई बार शिकायत की मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जीडीए के अधिशांसी अभियंता पीयूष सिंह का कहना है कि मोटर के तकनीकी खराबी होने के कारण पानी की आपूर्ति बाधित रही। अन्य इलाकों में सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

## नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण का चला बुलडोजर, करोड़ों की भूमि भू-माफिया के चंगुल से मुक्त



**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा प्राधिकरण ने गुरूवार को ग्राम सलारपुर में अधिसूचित जमीन पर अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग 5 हजार वर्ग मीटर जमीन पर बुलडोजर चलाकर करोड़ की भूमि को भू-माफिया के चंगुल से बचा लिया। इस कार्यवाही में ग्राम सलारपुर के 4 तथा ग्राम-सोरखा के दो खसरा नंबरों की जमीन शामिल है। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से भू-माफिया व कॉलोनाइजरों में हड़कंप मचा हुआ है। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस दौरान कुछ लोगों ने प्राधिकरण की इस कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया। जो पुलिस बल देखकर भाग गए। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने प्राधिकरण के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगया जाए। जहां पर भी अवैध निर्माण या कब्जा किया गया है। उसे तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। उक्त निदेर्शों के क्रम में नोएडा प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर विभिन्न भू-माफियाओं द्वारा किये जा रहे अतिक्रमणों के खिलाफ आज प्राधिकरण के वर्क सर्किल-6 क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सलारपुर में सघन अतिक्रमण अभियान चलाकर अवैध प्लाटिंग, बाउंड्रीवाल, तीन-शेड फैंसिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

भूलेख टीम के साथ वर्क सर्किल-6 के अधिकारियों के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। इसके अलावा आज कई निमार्णों पर अंतिम नोटिस भी चस्पा किया गया।

## अवैध खनन रोकने को उठाएं सख्त कदम:आनंद शर्मा



**फरीदाबाद, एजेंसी।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ संबंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सख्त से सख्त कार्यवाही करें तथा अवैध खनन माफिया की धर-पकड़ के लिए नियमित रूप से टीमें गठित कर निगरानी एवं गस्त करें। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा आज गुरुवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष म् अवैध खनन को रोकने के लिए गठित की गयी जिला स्तरीय टास्क फोर्स के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.आनंद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरते। अवैध खनन करने वालों की शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई अमल में लाना सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला खनन अधिकारी कमलेश ने बताया कि जिला में अब तक अवैध खनन के कार्य में संलिप्त 22 वाहनों को पकड़ा गया है जिसमें से 16 पर एफ.आई.आर., 1 पर जुमार्ना किया गया है तथा शेष पर जरूरी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति अगर अवैध खनन के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कराना चाहता है तो वह टोल फ्री नंबर पर कॉल कर-के अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

## आज के दौर में खादी की है एक अलग पहचान। राजन मुथरेजा



**फरीदाबाद, एजेंसी।** एनआईटी, एक नंबर मार्किट में गुरूवार को खादी ग्राम उद्योग आश्रम की शॉप खोली गई। इस अवसर पर बड़खल विधानसभा के युवा समाजसेवी और विभिन्न धार्मिक संगठनों से जुड़े भाई राजन मुथरेजा मुख्यतिथि के रूप में पहुंचे। इस मौके पर खादीग्राम उद्योग आश्रम के चेयरमैन राजबीर जी ने भाई राजन मुथरेजा का बुके द्वारा स्वागत किया। एनआईटी, एक नंबर मार्किट में खुली इस खादीग्राम उद्योग आश्रम का रिबन काटकर राजन मुथरेजा ने इस शॉप का उद्घाटन किया। इस मौके पर भाई राजन मुथरेजा ने कहा की भले ही आज कई वैरायटी के कपड़े बाजार में आ गए हों, लेकिन खादी की एक अलग पहचान है। आज भी लोग खादी को पसंद करते हैं, जो हर मौसम में सुकून देती है। हमारे देश प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी जी स्वयं खादी के ही कपडे पहनना पसंद करते है। आज खादी के कपड़ों का ट्रेंड केवल राजनितिक पार्टियों के बीच फेमस नहीं है बल्कि समाज का हर वर्ग खादी के कपडे पहनना पसंद करता है।

## 20 हजार रुपये न देने पर ईंट से कुचला था मां का सिर, हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद, एजेंसी।** ट्रोनिका सिटी में 4 अक्टूबर को मिले महिला के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है. पुलिस ने इस मामले में महिला के बेटे समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक, महिला के बेटे ने 20 हजार रुपये न देने पर मां की हत्या कर दी थी. इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है. 4 अक्टूबर को सुनील कुमार ने गाजियाबाद पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी पत्नी संगीता की हत्या कर दी गई है. इस शिकायत के तुरंत बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की. विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से गहराई से जांच शुरू की.

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतका का बेटा सुधीर उर्फ मोहित, इस हत्या का मुख्य आरोपी है. जब पुलिस ने उसे और उसके दो दोस्तों– सचिन और अंकित– को पूछताछ के लिए बुलाया, तो सुधीर ने जो खुलासा किया, वह हर किसी को चौंका देने वाला था. हत्या की वजहः सुधीर ने बताया कि उसे अपने व्यक्तिगत काम के लिए 20 हजार रुपये की आवश्यकता थी, जिसे मां ने देने से मना कर दिया था. मां से डांट खाने और पैसे न मिलने की वजह से उसका गुस्सा इतना बढ़ गया कि उसने अपने दोस्तों के साथ इस घटना को अंजाम देने की योजना बना डाली. 2 अक्टूबर को सुधीर ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर रात 9 बजे अपनी मां को एक सुनसान जगह पर बुलाया, जहां उसने अपनी मां पर हमला किया. हत्या के सबूत मिटाने के लिए उन्होंने शव को एक सुनसान जगह पर फेंकने की योजना बनाई. पुलिस की कार्रवाईः 23 अक्टूबर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीनों आरोपियों को ट्रोनिका सिटी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया. उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त ईंट और मोटरसाइकिल भी बरामद की गई. अब पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि आरोपियों को सख्त सजा मिले. दरअसल, यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या समाज में मानवीय संबंधों की महत्ता अब खत्म होती जा रही है? क्या पैसे की अहमियत मानवता से अधिक हो गई है? ऐसे मामलों में न केवल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, बल्कि समाज में जागरुकता फैलाने की भी आवश्यकता है.

## एक नजर

### अवैध पटाखों सहित तीन व्यक्ति गिरफ्तार



**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद पुलिस ने तीन आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार करके भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रदीप, राजुदेव और विनोद कुमार का नाम शामिल है। प्रदीप एनआईटी फरीदाबाद, राजुदेव बसंतपुर कालोनी तथा विनोद कुमार रोशन नगर फरीदाबाद का रहने वाला है।

प्रदीप को थाना कोतवाली की पुलिस टीम ने 32 किलोग्राम पटाखे के साथ काबू किया है। जिसका मुकदमा थाना कोतवाली में दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। राजुदेव और विनोद कुमार को पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने अलग-अलग स्थान से काबू किया है। राजुदेव को 50.500 किलो ग्राम पटाखों तथा विनोद कुमार को 26.150 किलोग्राम पटाखों सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार कुल 108.650 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए है।

### व्यापारी पर गोली मारकर हत्या की धमकी देने का आरोप

**ट्रांस हिंडन, एजेंसी।** इंदिरापुरम थानाक्षेत्र स्थित हैबीटेट सेंटर के मॉल मैनेजर ने एक व्यापारी पर गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। 21 अक्तूबर की घटना में बुधवार को पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित पुलकित त्यागी ने पुलिस को बताया कि मॉल में विभू गौतम की दुकान है। वह लंबे समय से मेंटेनेंस चार्ज, बिजली बिल व अन्य खर्चों का भुगतान नहीं कर रहे। सोमवार को वह अपने साथियों के साथ दुकान का सामान लेकर जा रहे थे। बकाया को लेकर उन्होंने विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से छानबीन कर रही है।

### मिठाई संग डिब्बा तोलने पर जुमार्ना लगेगा

**गाजियाबाद, एजेंसी।** मिठाई के साथ डिब्बे का वजन तौलने पर दस हजार का जुमार्ना देना पड़ेगा। इसको लेकर विधिक माप विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी की है। मिठाई विक्रेताओं को भी इस सूचना की जानकारी ग्राहकों को देने के लिए एक नोटिस दुकान पर चस्पा करने का आदेश दिया गया है।

दिपावली तक विधिक माप विज्ञान खास तौर पर अलर्ट मोड पर रहेगा और मिठाई की दुकानों का निरीक्षण करता रहेगा। मिठाई के साथ डिब्बे का वजन तौलने पर ग्राहक भी विधिक माप विज्ञान विभाग में शिकायत कर सकते है। विधिक माप विज्ञान के वरिष्ठ निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि दिपावली पर मिठाई विक्रेताओं द्वारा मिठाई के साथ डिब्बे का वजन तौलने की शिकायते आती है, जिसको देखते हुए खास तौर पर निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया अगर मिठाई विक्रेता मिठाई के साथ डिब्बे का वजन तौलते हुए मिले तो दस हजार का जुमार्ना लगाया जाएगा।

### सड़क हादसे में एक इंजीनियर की मौत, एक अन्य घायल

**नोएडा (उत्तर प्रदेश), एजेंसी।** नोएडा में एक सड़क हादसे में एक इंजीनियर की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार रात सेक्टर-58 पुलिस थाना क्षेत्र में फोर्टिस अस्पताल के पास की है जब एक कार ने सड़क पर पैदल चल रहे दो इंजीनियर को टक्कर मार दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उत्तराखंड के निवासी नीरज पांडे (30) को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल सुभाष पांडे (30) का उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कुमार ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है तथा उसके चालक की तलाश की जा रही है।

### युवती से सोने के जेवरात ठग ले गए दो शातिर

**ट्रांस हिंडन, एजेंसी।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित मंगल बाजार में पीएनबी बैंक के पास खरीददारी करते समय युवती को बातों में उलझाकर दो शातिर युवक लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए। न्यायखंड तीन में रहने वाली गीता रानी पुत्री निरंजन लाल के अनुसार वह 22 अक्तूबर को मंगल बाजार गई थीं। इसी दौरान नीतिखंड एक में पीएनबी बैंक के पास दो शातिर युवकों ने बातों में उलझाकर सोने की चूड़ी व सोने की अंगूठी उतरवाकर एक रूमाल में रखवा ली। उन्हें यह रूमाल लौटा दिया और घर जाने पर पीड़िता ने इसे खोला तो पीतल की चूड़ी रखी मिली। जालसाज असली गहने लेकर फरार हो गए।

### लूटपाट व मारपीट में घायल मिस्त्री की मौत, आरोपियों की तलाश जारी

**पलवल, एजेंसी।** पलवल जिले में चांदहट थाना क्षेत्र के घोड़ी गांव में झगड़े में घायल युवक की उपचार के दौरान दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर दो नामजद सहित अन्य के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घोड़ी गांव निवासी मूलचंद ने बताया कि उसका बेटा भोजराज बोरिंग करने की मशीन पर चांदहट गांव में काम करता था। बोरिंग कराने वाला व्यक्ति उसके बेटे को 17 अक्टूबर को पैसे देकर गांव आ गया। उसी दौरान वहां पर गांव घोड़ी के ही रहने वाले खैमी, अजीत व अन्य लड़के वहां पहुंच गए। शाम के समय उसके बेटे की छुट्टी होने के बाद आरोपी उसे अपने साथ ले गए और उससे पैसे लूट लिए। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके बेटे भोजराज के साथ मारपीट की, तो वह बेहोश हो गया। जिसके बाद उसके बेटे को लगी चोटों पर आरोपी सुजवाड़ी गांव में किसी मेडिकल स्टोर पर ले गए और वहां पट्टी कराने के बाद उसके हाथों को बांध कर चौपाल पर डाल कर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि वे रातभर भोजराज को ढूंढते रहे, सुबह चौपाल पर हाथ बंधे हुए व बेहोशी की हालत में मिला। मूलचंद ने बताया कि वे तुरंत अपने बेटे को जिला नागरिक अस्पताल लेकर गए, जहां से दिल्ली सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। 17 अक्टूबर से उसका बेटा दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा था, लेकिन 23 अक्टूबर को अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# पूर्ववर्ती सरकारों के समय योग्यता से नहीं, पहुंच और रिश्वत से नौकरी मिलती थी: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में नौकरी योग्यता से नहीं बल्कि ऊंची पहुंच और रिश्वत से ही मिलती थी, लेकिन 2017 के बाद से चयन प्रक्रिया को भेदभाव मुक्त बना दिया गया है।



मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1,526 ग्राम पंचायत अधिकारियों, 360 ग्राम विकास अधिकारिया (समाज कल्याण) और 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षकों समेत कुल 1,950 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा, 'आप में से कुछ अभ्यर्थियों ने 2017 के पहले भी आवेदन किया होगा। सक्षम व समर्थ होने के बावजूद सिर्फ इसलिए चयन नहीं हुआ होगा, क्योंकि आपके पास पहुंच और अभिभावक के पास इतना पैसा नहीं था कि नियुक्ति करा सकें। सब कुछ होने के बावजूद आपको चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाता था।'

उन्होंने कहा कि लेकिन पिछले सात-साढ़े सात वर्ष में चयन प्रक्रिया में किसी के साथ भेदभाव नहीं हुआ।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'अगर अच्छे, सक्षम और योग्य अभ्यर्थियों का चयन नहीं होगा तो सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिस तंत्र को कार्य करना है, वह स्वयं लकवाग्रस्त हो जाएगा। ऐसी स्थिति पैदा न हो, इसके लिए 2017 में ही तय किया गया कि जितने भी आयोग तथा बोर्ड हैं, वे निष्पक्षता तथा पारदर्शी तरीके से आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया संपन्न करें।'

उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार में सरकारी, निजी क्षेत्र और संविदा के आधार पर नियुक्तियां ईमानदारी से बढ़ीं तो उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में तेजी से दौड़ता दिखाई दे रहा है।'

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नवचयनित अभ्यर्थियों को जितनी निष्पक्षता और पारदर्शिता से नियुक्ति मिली है, पूरा कार्यकाल उसी निष्पक्षता और पारदर्शी तरीके से बढ़ता जाएगा।

उन्होंने कहा कि ऐसा होने से उत्तर प्रदेश भारत की नंबर एक अर्थव्यवस्था और भारत 2047 में विकसित तथा आत्मनिर्भर बनेगा।

मुख्यमंत्री ने दावा किया, 'उनकी सरकार ने अपने पिछले साढ़े छह-सात वर्ष के कार्यकाल में लगभग सात लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दीं। प्रदेश के अंदर सुरक्षा का बेहतर माहौल देने के कारण निजी क्षेत्र में भी लाखों नौजवानों के लिए नौकरी की संभावना बढ़ाई गई हैं।'

उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा पहले नौकरी-रोजगार के लिए देश-दुनिया में भटकता था लेकिन आज उसे अपने प्रदेश, क्षेत्र और जिले में नौकरी मिल रही है और वह नौकरी करते हुए परिवार की देखभाल भी कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन ग्राम पंचायत राज अधिकारियों व पंचायतीराज विभाग से जुड़े अभ्यर्थियों का चयन हुआ है उन्हें कमोबेश नियुक्ति पत्र भी उसी जिले का मिला है, जहां के वे निवासी हैं।

## गोल्ड मेडलिस्ट एस एम जैद भव्य समारोह के बीच सम्मानित

### दुबई से आए बड़े भाई ने किया कार्यक्रम का आयोजन,तमाम खेल प्रेमियों ने दुआओं से नवाजा

**कासमपुर गढ़ी।** ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप में उत्तराखंड से गोल्ड मेडल जीतकर आए सेल्यूट ताइक्वांडो अकादमी के स्टूडेंट एवं वरिष्ठ पत्रकार एस एम असलम के होनहार पुत्र धुरंधर बाल खिलाड़ी एसएम जैद का गत सायं भव्य समारोह के बीच जोरदार स्वागत किया गया।



जैद के सम्मान समारोह का यह कार्यक्रम दुबई से आए उसके तयेरे बड़े भाई एस एम जावेद ने आयोजित किया। इस दौरान शानदार पार्टी का आयोजन भी किया गया और बधाई एवं आशीर्वाद देने वालों ने गोल्ड मेडल प्राप्त खिलाड़ी एस एम जैद को प्यार करते हुए खूब दुआएं दी। इस मौके पर जैद के उस्ताद एवं अकादमी के कमांडो ट्रेनिर मौ. आरिफ को भी सम्मानित किया गया। जैद के पिता, आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ के अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार एस एम असलम ने अपने बेटे की इस शानदार सफलता पर अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए इसे तमाम अपनों की दुआओं का सिला बताया और सभी का शुक्रिया अदा किया।

इस मौके पर शिरकत कर स्वागत करने वालों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी तमाम शुभचिंतकों एवं खेल प्रेमियों ने एस एम जैद को खूब दुआएं एवं आशीर्वाद दिया।

## बड़े भाई ने हड़प लिये छोटे भाई के 14 लाख रुपये

### पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**द न्यूज फिफ्टीन**

**किरतपुर।** किरतपुर के गांव बरमपुर में बड़े भाई द्वारा अपने सगे छोटे भाई के 14 लाख रुपये हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। भाई दर-दर की ठोकरें खाने के बाद एसपी की शरण में पहुंचा है। उसने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को अपने साथ हुयी घटना से अवगत कराया है और न्याय की गुहार लगाई है।

किरतपुर के गांव बरमपुर निवासी मंजीत सिंह पुत्र जेठू सिंह ने एसपी बिजनौर को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि जब वह छोटा था तब पिता जेठू सिंह का फरवरी 2009 में देहांत हो गया था। पिता जेठू सिंह रेलवे में कर्मचारी थे। उनके देहांत के उपरांत उनकी माता को रेलवे विभाग से पिता के पीएफ फंड से 14 लाख रुपये की धनराशि मिली थी। तब मैं छोटा था और मेरा बड़ा भाई अंकित बालिग था। विभाग से मिली धनराशि माता जी हासिल हुयी। तब गांव के जिम्मेदारों ने तय किया कि मृतक आश्रित में बड़े भाई अंकित को रेलवे विभाग में नौकरी मिल जाये और जो विभाग से 14 लाख रुपये मिले हैं ये रुपया मुझ मंजीत को बालिग होने पर मय एफडी ब्याज लौटा दिया जायेगा। अंकित ने पिता के स्थान पर मृतक आश्रित की नौकरी हासिल कर ली। मैं बालिग हुआ तो मैंने तय फैसले के अनुसार अपने 14 लाख रुपये लौटाने की मांग की तब मेरे चाचा व मेरे बड़े भाई ने धमकाया डराया, और अब वह 14 लाख रुपये नहीं लौटा रहे हैं। काफी प्रयास किया मगर वह नहीं मान रहे हैं। मंजीत सिंह ने एसपी को बताया कि अंकित मेरे घर से बूढ़ी मां को ले गया है और गांव का मकान हथियाने के फिराक में है। मंजीत सिंह ने एसपी से गुहार लगाई है वह न्याय हित में अंकित से ब्याज सहित 14 लाख रुपये की एफडी वापस दिलवाने की कृपा करें।

## किरतपुर में अपराधियों की अब खैर नहीं

### पुलिस ने लिया तीसरी आंख का सहारा

**द न्यूज फिफ्टीन**

**किरतपुर।** क्षेत्र में अपराध की रोकथाम के लिये पुलिस ने तीसरी आंख का सहारा लिया है। अपराधियों के लिये अब अपराध को अंजाम देना आसान नहीं होगा। जाने अंजाने में यदि कोई बदमाश अपराध को अंजाम देता है तो वह तीसरी आंख में कैद हो जायेगा और पुलिस उस तक आसानी से पहुंच जायेगी। थाना प्रभारी जयभगवान सिंह ने बताया कि शहर में मुख्य चौराहों पर, मुख्य बाजार में, मौहल्ले के चौराहों पर नगर पालिका के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं।

गौरतलब हो कि जबसे जयभगवान सिंह ने थाना प्रभारी का चार्ज संभाला है तबसे वह क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने में काफी हद तक सफल हुये हैं। उनका प्रयास है कि थाना क्षेत्र भयमुक्त हो और जनता चैन की नीन्द सोये। यही कारण है कि वह रोज शाम छः बजे मुख्य बाजार में मय पुलिस बल गश्त करते हैं। थाने की पुलिस के अतिरिक्त स्वंय भी वह रात्रि में गश्त पर रहते हैं। यह उनकी कार्यशैली ही है कि स्वंय गश्त पर रहते हुये पुलिसकर्मियों की बीट भी चैक करते रहते हैं। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार है यही उनका भरसक प्रयास है। जयभगवान सिंह ईमानदार व्यक्ति हैं।

वह भ्रष्टाचार के सख्त खिलाफ है, उनका कहना है कि उनके भ्रष्टाचारी और अपराधी में कोई अंतर नहीं है। ना वह अपराध को और ना ही अपराधी को बर्दाश्त करते हैं। उनके सख्त रवैये के कारण क्षेत्र अपराध मुक्त होता जा रहा है।

सटोरियों व जूआरियों के खिलाफ चले अभियान से अपराधिक प्रवृत्ति के युवाओं में खलबली मची हुई है। खाईबाड़ क्षेत्र छोड़कर रफू चक्कर हो गये हैं।

## गोंडा के प्रतिष्ठित चिकित्सक व कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा

**गोंडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक प्रतिष्ठित चिकित्सक, चिकित्सा जांच केंद्र के प्रबंधक तथा कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी व लापरवाही से कार्य करते हुए किसी के जीवन को संकट में डालने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।



कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि खरगूपुर थाना क्षेत्र के कहला तेंदुआ निवासी महेश कुमार की तहरीर पर बुधवार को एक निजी अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. टी.एस. भोसले, अस्पताल प्रबंधक और सभी कर्मचारियों के खिलाफ अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया।

पाठक के मुताबिक प्राथमिकी में कहा गया है कि महेश ने अपने बेटे शक्ति (18) को 12 फरवरी 2024 को असहनीय पेट दर्द की शिकायत होने पर जिला मुख्यालय पर एक प्रतिष्ठित संस्थान के पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. क्षितिज सरन से इलाज कराया था।

शिकायत के अनुसार, चिकित्सक ने मरीज का एमआरसीपी कराने को कहा जिसके बाद एक निजी केंद्र पर बेटे की जांच कराकर रिपोर्ट प्राप्त की।

प्राथमिकी में कहा गया कि रिपोर्ट को देखने पर चिकित्सक सरन ने बताया कि उनका बेटा गंभीर बीमारी से ग्रस्त है और इसका इलाज लंबा है लेकिन ठीक हो जाएगा। इसमें कहा गया कि बेटे को दवा से कोई खास राहत नहीं मिली तो उन्होंने कई अन्य चिकित्सकों को भी दिखाया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

प्राथमिकी के अनुसार, महेश ने 15 मार्च को पीजीआई लखनऊ के डॉ. रजनीश सिंह से संपर्क किया और उन्हें शक्ति की जांच रिपोर्ट दिखाई जिसे जांचने के बाद उन्होंने बताया कि यह रिपोर्ट शक्ति की न होकर किसी राम मिलन गोस्वामी (62) की है।

महेश ने जांच केंद्र से संपर्क कर दूसरी रिपोर्ट हासिल की जिसे फिर डॉ. रजनीश सिंह को दिखाया गया तो उन्होंने यह रिपोर्ट भी राम मिलन गोस्वामी की ही बताई।

महेश ने शिकायत में आरोप लगाया कि गलत जांच रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सकों ने अनुचित दवाइयां लिखीं, जिससे शक्ति का जीवन संकट में पड़ गया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रकरण में अदालत के आदेश पर बुधवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 336 (लापरवाही से किसी की जान को खतरे में डालना) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि क्योंकि यह अपराध इस साल एक जुलाई से पहले का है इसलिए इस मामले में भारतीय न्याय संहिता के बजाय भारतीय दंड संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

इस बीच, इस संबंध में सेंटर के प्रबंधक महेंद्र सिंह ने कहा कि प्राथमिकी में लगाए गए आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं ऐसा केवल परेशान करने के लिए किया गया है।

## यूपी ने मारी बाजी, आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाने में देश में बना नंबर 'वन'

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साढ़े सात साल पहले सूबे की सत्ता संभालते ही बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले यूपी को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए। इसके तहत योगी सरकार ने प्रदेश के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने, मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सस्ता इलाज उपलब्ध कराने के लिए कई फैसले लिए। आज इसका असर पूरे प्रदेश में देखा जा सकता है। अब, प्रदेशवासियों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है।




योगी सरकार की मॉनिटरिंग और उत्तम प्रदेश बनाने के दृढ़ संकल्प का ही असर है कि उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं में पूरे देश में अपना परचम लहराया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की विभिन्न इकाइयों में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सचिव रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप पूरे प्रदेश में युद्धस्तर पर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएस) के तहत प्रदेशवासियों की हेल्थ यूनिक आईडी बनाने का काम चल रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश पूरे देश में एबीडीएस की विभिन्न इकाइयों को बनाने में पहले स्थान पर है। इनमें उत्तर प्रदेश आभा आईडी, हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री, हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री, 100 माइक्रोसॉफ्ट प्रोजेक्ट, स्कैन एंड शेयर मॉड्यूल के मामले में पूरे देश में पहले पायदान पर है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड में पूरे देश में दूसरे स्थान पर है।

सचिव रंजन कुमार ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा को प्रदेश में पिछले एक वर्ष से लागू किया गया है। अब तक प्रदेश लगभग 12.45 करोड़ आभा आईडी को बनाकर पूरे देश में पहले पायदान पर है। वहीं, दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है, जहां अभी तक लगभग 5.46 करोड़ आभा आईडी को बनाया गया है। इसी तरह हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर) में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के स्वास्थ्य कर्मियों जैसे डॉक्टर, नर्सेज, सीएचओ, एएनएम, आशा इत्यादि का पंजीकरण किया जा रहा है। अब तक 74,789 रजिस्ट्री की जा चुकी है और वर्तमान में प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। वहीं, दूसरे स्थान पर कर्नाटक है, जहां पर अभी तक लगभग 58,919 हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री का सृजन किया जा चुका है।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सचिव रंजन कुमार ने आगे बताया कि हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री (एचएफआर) में सभी चिकित्सा संस्थानों, चिकित्सालयों, स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद्र, प्राइवेट चिकित्सालय, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक इत्यादि का पंजीकरण होना है। अब तक 61,015 हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री को फैसिलिटीज रजिस्टर किया जा चुका है। इस मामले में भी वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

राज्य के समस्त सरकारी चिकित्सा संस्थान, चिकित्सालय, उप-केंद्रों का शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। दूसरे स्थान पर कर्नाटक है, जहां पर अभी तक लगभग 60,743 हेल्थ फैसिलिटी की रजिस्ट्री का सृजन किया जा चुका है। एबीडीएम के तहत संचालित स्कैन एंड शेयर मॉड्यूल से सरकारी चिकित्सालयों में पंजीकरण में होने वाली कठिनाइयों को सफलतापूर्वक कम किया जा रहा है।

सरकारी चिकित्सालयों में मरीज या तीमारदार को ओपीडी पंजीकरण में लगने वाले लगभग 50 मिनट को स्कैन एंड शेयर मॉड्यूल द्वारा कम करते हुए लगभग 5 मिनट करने में रजिस्ट्रेशन हो रहा है। स्कैन एंड शेयर मॉड्यूल में उत्तर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। वर्तमान में 1.42 करोड़ से अधिक टोकन बनाते हुए मरीजों को लाभान्वित किया जा रहा है, जबकि द्वितीय स्थान पर बिहार है, जहां 95 लाख से अधिक टोकन बनाए गए हैं।

भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा लागू 100 माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट में से 35 माइक्रोसाइट का संचालन प्रदेश में किया जा रहा है। माइक्रोसाइट निजी क्षेत्र में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंगीकरण के लिए लागू किया गया है। इसमें वर्तमान में सर्वाधिक हेल्थ रिकार्ड प्रदेश से ही जोड़े जा रहे हैं। इसमें राजधानी लखनऊ देश में पहला माइक्रोसॉफ्ट है, जिसने निर्धारित लक्ष्य को सर्वप्रथम प्राप्त किया है। इसके जरिए न सिर्फ मरीजों को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, बल्कि अस्पतालों में बेहतर ढंग से कतार प्रबंधन, अस्पताल प्रबंधन एवं डेटा प्रबंधन करते हुए चिकित्सकीय व्यवस्था को और पारदर्शी एवं सरल बनाया जा रहा है।

इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड (ईएचआर/पीएचआर) बनाने के लिए चिकित्सालय में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन कम्प्लायंट हेल्थ मैनेजमेंट इनफार्मेशन का होना आवश्यक है, जिसके माध्यम से रोगी के प्रवाह और डाटा का अस्पताल में स्थानीय प्रबंधन करते हुए संचालन किया जा सकता है।

प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड सृजन के लिए विभिन्न चिकित्सालयों में लैब इनफॉर्मेशन सिस्टम का इंटीग्रेशन किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक लगभग 5.25 करोड़ इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड का सृजन किया जा चुका है। वर्तमान में प्रदेश भारत में द्वितीय स्थान पर है। जबकि, प्रथम स्थान पर आंध्र प्रदेश है, जिसने अभी तक 5.32 करोड़ इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड सृजन कर लिया है। सचिव ने बताया कि जल्द ही प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड बनाने में पूरे देश में पहले स्थान पर होगा।

## एक नजर

### नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के आरोप में सेवादार गिरफ्तार

**बुलंदशहर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में एक सत्संग भवन के एक सेवादार को दो नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) शंकर प्रसाद ने बताया कि पीड़िताओं के परिजनों की शिकायत पर स्याना कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक सत्संग भवन के सेवादार मोहन लाल (75) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों पीड़िताओं की उम्र 13 साल है और वे एक ही गांव की रहने वाली हैं। प्रसाद ने बताया कि दोनों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, 'एक किशोरी के गर्भवती होने पर मामले का खुलासा हुआ। किशोरी ने परिजन को बताया कि सत्संग भवन के सेवादार ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया है।' उसने बताया कि सेवादार पर उसी गांव की एक अन्य किशोरी के साथ भी दुष्कर्म करने का आरोप है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रसाद के मुताबिक, 'आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।'

### आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की मीरापुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिये आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सेक्टर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार गोयल ने बताया कि मंगलवार को नियमित निरीक्षण के दौरान मोरना-शुक्रताल मार्ग पर बिजली के खंभों पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी जाहिद हुसैन के पक्ष में प्रचार के कई पर्चे चिपके मिले जो आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बुधवार को हुसैन के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। मीरापुर विधानसभा उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान होना है।

### टैंकर ने सड़क के किनारे खड़े लोगों को कुचला, तीन की मौत

**बुलंदशहर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के डिबाई क्षेत्र में सड़क के किनारे खड़े होकर अपने वाहन का टायर बदल रहे कुछ लोगों को एक टैंकर ने कुचल दिया जिससे तीन लोगों की मौत हो गयी तथा एक अन्य जख्मी हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार ने बताया कि बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात चार लोग एक गाड़ी पर धान लादकर उसे कासंगज से जहांगीराबाद मंडी में बेचने जा रहे थे तभी अलीगढ़-अनूपशहर मार्ग पर रात करीब तीन बजे उनके वाहन का टायर पंक्चर हो गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद वाहन को सड़क किनारे लगाकर उसका टायर बदल रहे थे तभी एक टैंकर ने उन्हें कुचल दिया। कुमार ने बताया कि हादसे में सतीश चंद (42), राम सिंह (58) और संजू (27) की मौत हो गई और हादसे में घायल विजय को गंभीर हालत में अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### महाकुंभ 2025 : स्पीड बोट और मिनी क्रूज से मिनटों में संगम पहुंच सकेंगे श्रद्धालु

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज में ह्यमहाकुंभ-2025ह्न को श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सरल बनाने की तैयारियां पूरे जोर पर हैं। मेला प्राधिकरण, जिला प्रशासन और नगरीय निकाय के सभी विभाग योगी सरकार के निदेर्शों के मुताबिक दिव्य, भव्य, नव्य महाकुंभ को साकार करने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में यूपी टूरिज्म श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को विशेष सुविधा देने जा रहा है। इस महाकुंभ में पहली बार यूपी टूरिज्म की ओर से मिनी क्रूज और स्पीड बोट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। श्रद्धालु त्रिवेणी बोट क्लब से संगम स्नान के लिए मिनी क्रूज या स्पीड बोट की सुविधा ले सकेंगे। पर्यटन विभाग की इस सेवा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुगम तरीके से संगम स्नान करवाना है। सीएम योगी के निदेर्शों के मुताबिक महाकुंभ में संगम स्नान को अधिक से अधिक सुविधाजनक और सुगम बनाने की दिशा में पर्यटन विभाग महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग ह्यमहाकुंभ-2025ह्न में पहली बार संगम स्नान के लिए मिनी क्रूज और स्पीड बोट की सुविधा उपल्ब्ध करवा रहा है। ये सुविधा दिसंबर 2023 से चल रही है, लेकिन महाकुंभ में पर्यटन विभाग पहली बार ये सेवा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि यूपीएसटीडीसी की वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा का उद्घाटन सीएम योगी ने ही किया था। इसके माध्यम से प्रयागराज के त्रिवेणी बोट क्लब से संगम तक की यात्रा कुछ मिनटों में ही पूरी की जा सकेगी।

### डेढ़ लाख एकड़ से अधिक का लैंडबैंक तैयार करने में जुटी योगी सरकार

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश को औद्योगिक प्रदेश बनाने की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार प्रयासरत है। सरकार का लक्ष्य 2027 तक 1.5 लाख एकड़ से अधिक का लैंडबैंक तैयार करना है, जिससे राज्य में औद्योगिक निवेश और विकास के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जा सके। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने प्रस्तुत की गई वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी से संबंधित एक रिपोर्ट में बताया गया कि सितंबर 2024 तक सरकार ने 54 हजार एकड़ भूमि का लैंडबैंक तैयार कर लिया है। इसमें से 30-40 प्रतिशत भूमि का उपयोग औद्योगिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह भूमि यूपीसीडा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा, और गीडा जैसे प्रमुख औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा अधिग्रहित की जा रही है, जो राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक परियोजनाओं के लिए आवंटित होगी। योगी सरकार का लक्ष्य 2024-25 के वित्तीय वर्ष के अंत तक 82 हजार एकड़ भूमि का लैंडबैंक तैयार करना है। इसके बाद अगले दो से तीन साल में शेष भूमि का अधिग्रहण और आवंटन करके 1.5 लाख एकड़ से अधिक का लैंडबैंक तैयार किया जाएगा। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 21,751 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है, जो औद्योगिक विस्तार के लिए एक सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा, 5,811 एकड़ भूमि का विकास किया गया है और यह उद्योगपतियों को आवंटन के लिए तैयार है।

### दीपोत्सव 2024 : 28 लाख दीयों से जगमग होंगे अयोध्या के 55 घाट

**अयोध्या, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस वर्ष अयोध्या का आठवां दीपोत्सव भव्य और दिव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख दीयों को प्रज्वलित कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी हो रही है। दीपोत्सव की तैयारियों के अंतर्गत डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने दीयों और स्वयंसेवकों की संख्या का निर्धारण कर लिया है, जिससे इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर योजनाबद्ध कार्य हो सके। आयोजन के तहत सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख से अधिक दीए प्रज्वलित किए जाएंगे। राम की पैड़ी, चौधरी चरण सिंह घाट और भजन संध्या स्थल सहित अन्य सभी घाटों पर दीयों को घाट समन्वयकों की निगरानी में बिछाया जाएगा।

## एक नजर

### बिहार में गाय के बछड़े को लेकर विवाद, अब डीएनए टेस्ट से असली मां को ढूंढेंगी पुलिस?



**कटिहार,संवाददाता।** बिहार के कटिहार में एक बछड़े को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए हैं, जिसके बाद पुलिस को डीएनए टेस्ट का सहारा लेने पर विचार कर रही है। लालकोठी मोनिधार मोहल्ले में छोटी कुमारी नाम की महिला का दावा है कि एक साल पहले करंट लगने से उनकी गाय की मौत हो गई थी और यह बछड़ा उसी का है। उनका कहना है कि यह बछड़ा खेतों में भटक रहा था और अब खुद ही उनके घर आ गया है। दूसरी ओर, वार्ड नंबर 21 के पार्षद प्रतिनिधि मनोज राय का कहना है कि यह बछड़ा अमित कुमार नाम के व्यक्ति का है, जो उनके ही वार्ड में रहते हैं। उनका आरोप है कि छोटी कुमारी जबरदस्ती बछड़े को अपने घर में बांधकर रखी है। मामला तब और उलझ गया, जब दोनों पक्षों ने थाने में अलग-अलग आवेदन दे दिए। छोटी कुमारी अपनी बात पर अड़ी हैं, वहीं पार्षद प्रतिनिधि भी अमित कुमार के हक में दलीलें पेश कर रहे हैं। पुलिस इस उलझन भरी स्थिति में फंस गई है। हालांकि, पुलिस ने दोनों पक्षों को जल्द ही मामले का हल निकालने का भरोसा दिया है। पुलिस का कहना है कि वो बछड़े का डीएनए टेस्ट कराने पर विचार कर रही है। जिससे यह पता चल सकेगा कि उसकी असली मां कौन है। इसके साथ ही, पुलिस ये भी पता लगाएगी कि बछड़े पर असली मालिकाना हक किसका है।

### अतिरिक्त शुल्क लौटाने और परीक्षा तिथि जारी करने की मांग

**मुजफ्फरपुर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन (AISF) ने बिहार के पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों से PET 2022 में लिए गए अतिरिक्त आवेदन शुल्क लौटाने और PET 2023 की परीक्षा तिथि जल्द जारी करने की मांग की है। AISF के राज्य परिषद सदस्य अभिषेक कुशवाहा ने बताया कि कई वर्षों से पीएचडी पात्रता परीक्षा (PET) के लिए ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों से 3000 रुपये आवेदन शुल्क लिया जा रहा था। जब बिहार विधानसभा में डुमरांव के विधायक अजीत कुशवाहा ने शिक्षा विभाग से इस विषय पर सवाल उठाया, तब शिक्षा मंत्री ने आवेदन शुल्क में संशोधन की बात कही थी। इसके बाद विश्वविद्यालय ने आवेदन शुल्क में संशोधन तो कर दिया, लेकिन PET 2022 और PET 2023 के विद्यार्थियों से ली गई अतिरिक्त राशि लौटाने की कोई घोषणा नहीं की गई। अभिषेक कुशवाहा ने यह भी कहा कि PET 2023 के आवेदन किए हुए पांच महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा तिथि जारी नहीं की गई है। अक्स्रह ने जल्द से जल्द परीक्षा तिथि घोषित करने और विद्यार्थियों की अतिरिक्त राशि लौटाने की मांग की है।

### अधीक्षण अभियंता को आवेदन देकर लगाई इंसाफ की गुहार, बैठे धरना पर



**पश्चिम चम्पारण/बेतिया।** शहर के के.आर रोड स्थित भवन निर्माण विभाग के कार्यालय में गुरुवार को कार्यालय कर्मचारी ने अपने ही कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध खोला मोर्चा कर्मचारियों का कहना है कि कार्यपालक अभियंता हमेशा हम सभी कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार तथा गंदी-गंदी गलियों का प्रयोग करते हैं जिसके कारण हम सभी कर्मचारीगण आहत है तथा सभी की मनोदशा सही नहीं है जिसके कारण कार्य करने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर इंसाफ कि मांग कि है। वहीं जिला मंत्री संतोष प्रसाद ने कहा कि हम सभी कर्मचारीयो का ए.सी सर से प्रार्थना है कि अपने स्तर से उपरोक्त परीस्थिति को देखते हुए कार्रवाई करें ताकि हम सभी कर्मचारी अपना कार्य सम्मान के साथ करे। इस बाबत कार्यपालक अभियंता से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं जाना जा सका। धरना पर बैठे रंजीत कुमार, विकास कुमार, अभिषेक कुमार पाठक, सुमन राम, वीरेंद्र पासवान, अब्दुल कयूम, सुशील रावत, राजीव कुमार, महबूब आलम, खूबलाल महतो आदि शामिल थे।

### डीहजीवर पंचायत की मुखिया के ससुर से आफताब आलम ने की मुलाकात



**मुजफ्फरपुर/औराई।** औराई विधानसभा क्षेत्र के डीहजीवर पंचायत की मुखिया के ससुर कलाम पर अपराधियों द्वारा गोली चलाए जाने की घटना के बाद महागठबंधन समर्थित भाकपा-माले के पूर्व विधायक प्रत्याशी और आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम ने नोबेल अस्पताल, मुजफ्फरपुर में घायल कलाम से मुलाकात की। उन्होंने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और डीएसपी से बात कर अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही कलाम के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की। आफताब आलम ने घटना के लिए सरकार और प्रशासन की विफलता को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि औराई प्रखंड अपराधियों का अड्डा बनता जा रहा है, जो सरकार की प्रशासनिक कमजोरियों का परिणाम है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसके खिलाफ जल्द ही निर्णायक आंदोलन किया जाएगा।

# पटना में छठ के लिए आठ घाट खतरनाक

**101 घाटों पर जिला प्रशासन की विशेष तैयारी शुरू**



**पटना,संवाददाता।** लोक आस्था के महापर्व छठ में अभी करीब 12 दिन बचे हुए हैं। लेकिन हर वर्ष की अपेक्षा इस बार गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। अभी गंगा न्यूनतम वाटर लेवल से करीब साढ़े 5 मीटर ऊपर बह रही है। ऐसे में जिला प्रशासन के लिए छठ घाट को चुस्त दुरुस्त करना बड़ी चुनौती बन गई है। अधिकांश घाटों पर वाटर लेवल अधिक है और पक्के घाटों को छोड़कर लगभग सभी कच्चे घाटों पर दलदल की स्थिति बनी हुई है। हालांकि जिला प्रशासन के जरिए युद्ध स्तर पर घाटों को ठीक करने का काम किया जा रहा है, लेकिन जिस अनुपात से गंगा का जलस्तर घट रहा है ऐसे में उम्मीद है कि इस बार 8 से 10 घाटों को खतरनाक घोषित किया जा सकता है।

पटना डीएम चंद्रशेखर ने पुष्टि की है कि पटना के आठ घाट अभी तक खतरनाक हैं, जबकि 101 घाट पर छठ किया जा सकता है. छठ घाट पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा के लिए पटना प्रमंडल आयुक्त मयंक बड़बड़े, पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी राजीव मिश्रा लगातार घाटों पर नजर बनाए हुए हैं और इसी कड़ी में आज गुरुवार को दानापुर के नासरीगंज घाट से पटना सिटी के गायघाट तक जलमार्ग से निरीक्षण किया और सभी घाटों का मुआयना किया। डीएम चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष गंगा का जलस्तर में कुछ वृद्धि दिख रही है, लेकिन अभी छठ में 10 दिन से ज्यादा समय बचे हुए हैं। ऐसे में हम लोग दलदल को हटाने का कार्य कर रहे हैं। तो संपर्क पथ को भी अभी ठीक करने में लगे हुए हैं .उन्होंने बताया कि अभी जिस तरह से गंगा का जलस्तर घट रहा है, उस हिसाब से छठ तक अभी से 1 मीटर के आसपास पानी घटने की उम्मीद है और उसी को देखते हुए हम लोग तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी पानी और निकलेगा उसका इंतजार हम लोग कर रहे हैं, अभी जो दलदल निकल चुके हैं वह इतने दिनों में सूख जाएंगे। छठ के समय तक कितने पानी निकलते हैं। उस अनुसार बेरिकेटिंग की जाएगी और उसी के आधार पर घाटों पर बालू देकर दलदल से निजात पाया जा सकता है।

छठ में घाटों पर कितने जगह बचते हैं। वह सब दीपावली के बाद ही क्लियर हो पाएगा। अभी जिस तरह से कम होना चाहिए उसके हिसाब से ठीक हो रहा है। डीएम ने बताया कि अभी जो निरीक्षण किया गया है, उसमें आठ खतरनाक घाट चयन किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से एलसीटी घाट, पहलवान घाट, बांस घाट, मीनार घाट यह सब खतरनाक की श्रेणी में हैं, जहां अभी कटाव हो रहा है। बहुत ऐसे भी घाट हैं जो अनुपयुक्त हैं, इसमें अदालत घाट, मिश्री घाट, इन सब घाटों पर पानी ही नहीं रहता है। इसलिए यहां छठ पहले भी नहीं होते आ रहे हैं। हालांकि यह सब पक्के घाट हैं, लेकिन अनुपयुक्त है। उन्होंने बताया कि दानापुर से लेकर दीदारगंज तक कुल 109 घाट हैं, जिसमें आज हम लोगों ने 75 घाट का निरीक्षण किया है।101 गंगा घाट है, जो छठ करने लायक है और उन पर तेजी से काम किया जा रहा है।

गंगा का जलस्तर घटने से परिस्थितियों में और बहुत बदलाव होंगे। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रीयट घाट, महेंद्रु घाट के अलावे कई ऐसे घाट हैं, जहां अभी पूरी तरह दलदल की स्थिति बनी हुई है. उम्मीद है कि छठ तक सूख जाएगा। गंगा घाट के अलावे जिला प्रशासन पटना में 45 तालाब है वहां भी छठ के लिए व्यवस्था की जा रही है। सभी तालाब तथा पार्कों में भी जिला प्रशासन की ओर से टैंकर के जरिए गंगाजल उपलब्ध कराया जाएगा। सभी घाटों पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है और गाड़ी वहीं तक जाएगी जहां तक पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। मुख्य रूप से दीघा पाटिल घाट, जेपी सेतु से सटे गेट नंबर 93 से 82 तक तथा कलेक्ट्रेट घाट यह सभी घाट बड़े घाट के रूप में होने जा रहे हैं और इन जगहों पर बड़ी पार्किंग की व्यवस्था होगी। अन्य घाटों पर भी पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है।

## यहां की पंचायत में मौत की कीमत 3.5 लाख रुपये

**संवाददाता**

**कटिहार।** बिहार के कटिहार में पंचायत के लोगों ने एक मौत का सौदा कर दिया। मौत पर पंचायत लगाते हुए मौत की कीमत केवल साढ़े तीन लाख रुपये लगाया गया। वहीं पुलिस के नाम पर भी 75 हजार वसूले गए। मामला कटिहार के कोड थाना क्षेत्र के बिशनपुर पंचायत से जुड़ा हुआ है। जहां गांव के रहने वाले सुरेश ठाकुर पर आरोप है कि गांव के 45 वर्षीय राजेंद्र ठाकुर के साथ आपसी विवाद में हुई मारपीट में राजेंद्र ठाकुर की बुधवार को मौत हो गई है और उसकी मौत के जिम्मेदार उन्हें ठहराया गया।



घटना के बाद पंचायत में पंच लोग बैठे और पंचायती करते हुए मामले को रफा दवा करने को कहा गया। मृतक परिवार को साढ़े तीन लाख रुपये देकर मामले को रफा दफा कर दिया गया है।

वहीं उन्हें कोढ़ा थाना पुलिस के नाम पर भी डराया धमकाया गया। मामले की सूचना पाकर कोड थाना पुलिस की 112 की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन उन्हें पंचायत के लोगों ने जाने को कहा और थाने में मामला दर्ज नहीं होगा, ये कहकर पुलिस को मैनेज करने के नाम पर भी 75 हजार वसूल लिए हैं।

कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर पंचायत के सुरेश ठाकुर ने कैमरे पर बताया है कि आपसी विवाद में वो खुद जाकर सो गया और उसके बाद पता चला कि मौत हो गई और राजेंद्र ठाकुर की मौत का जिम्मेदार मुझे ठहराया गया।

ग्रामीणों की ओर से 112 को सूचना दी गई। घटना की सूचना पाकर कोढ़ा थाना पुलिस भी पहुंची थी और पंचों ने थाने को पैसे देने के नाम पर 75 हजार ले लिए जबकि मृतक के परिवार को साढ़े तीन लाख लिए गए।

मामला सामने आने के बाद पुलिस पर भी सवाल उठ रहे हैं कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। कार्रवाई करने के बजाय स्थानीय प्रतिनिधि और पुलिस की ओर से मामला दबाकर आपसी समझौता कराया गया।

मामले पर कोढ़ा एसडीपीओ धर्मेंद्र कुमार से बात की गई तो वो अवकाश पर थे, जिसके बाद कटिहार एसडीपीओ से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा मामला हमारे संज्ञान में नहीं आया है कुछ वीडियो और बयान अगर आता है तो अवश्य जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सांप ने काटा तो लेकर पहुंचा था अस्पताल, डिस्चार्ज हुआ तो बोला- मैं खुद जहरीला हूं



**भागलपुर,संवाददाता।** बिहार के भागलपुर के मीराचक गांव के रहने वाले शख्स प्रकाश मंडल कुछ दिनों पहले काफी सुर्खियों में थे। प्रकाश मंडल ने एशिया के पांच जहरीले सांपों में से एक रसल वाइपर सांप को अपने हाथ में पकड़ लिया था और अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल पहुंचकर उन्होंने कई घंटों तक वह जहरीले सांप को गर्दन से पकड़कर अस्पताल में इधर-उधर घूमते रहे। इसी बीच सांप ने उनके हाथों में अपना विष छोड़ दिया था। इस दौरान अस्पताल में मौजूद डॉक्टर और मरीज के घरवाले भी डर की वजह से उनके नजदीक नहीं आ रहे थे। घटना के 10 दिन बीत चुके हैं और प्रकाश मंडल अपने इलाज को आधे में छोड़कर ही अस्पताल से भाग आए हैं। जब टीवी 9 की टीम प्रकाश मंडल के पास मीराचक गांव में पहुंची तो, वहां प्रकाश मंडल ने खुद को एक दुकान पर बैठा हुआ पाया। उन्होंने बातचीत में बताया कि हमको गली में सांप दिखाई दिया। हमने उसको पकड़कर लपेट लिया। इसी दौरान उनसे हमें काट लिया। उसे काटने से हमको कुछ नहीं हुआ। हम खुद से ही सुई दवाई ले रहे हैं। सांप को हाथ में लेकर हम गर्दा उड़ा दिए। हमको कोई दिक्कत नहीं हुआ। हम खुद जहर हैं, इसलिए उसको पकड़ लिए. अस्पताल से हम इसलिए भाग आए, क्योंकि वहां अच्छा नहीं लग रहा था. हम जीवित रह जाएंगे क्योंकि हम खुद जहर खाते हैं। आगे प्रकाश मंडल ने बताया कि दुर्गा पूजा के मेला के बाद हम गली में घूम रहे थे, इसी दौरान हमको वह सांप दिखा। हमने सांप को देखते ही करतब दिखाने के लिए उसको अपने हाथ में पकड़ कर उठा लिया। उन्होंने बताया कि घर में पूरा परिवार है बेटा है। पत्नी हैं लेकिन, हमको उसे वक्त किसी का फिक्र नहीं दिमाग में आया. उन्होंने कहा कि मैंने सांप को उठा लिया। अभी मुझे कोई कष्ट नहीं है सब कुछ ठीक है।

## स्मार्ट मीटर लगाने गए जेई को कमरे में बंदकर पीटा

**बेतिया,संवाददाता।** बिजली विभाग की टीम के एक नेता ने दबंगई की है। राजकिशोर चौधरी नाम के इस शख्स ने स्मार्ट बिजली मीटर लगाने आए बिजली विभाग के जेई के साथ पहले तो धक्का-मुक्की की। इसके बाद भी जब उसका मन नहीं भरा तो उसने जेई को एक कमरे में बंद कर दिया। मामला मनुआपुल थाना क्षेत्र मेहंदीयाबारी गांव का है।? जहां जनसुराज के नेता राजकिशोर चौधरी ने स्मार्ट मीटर लगाने आए जेई के साथ दुर्व्यव्हार किया। जेई राकेश कुमार उसके घर स्मार्ट मीटर लगाने गए थे। इसी क्रम में जेई और उसके बीच बहस हो गई। जेई ने दबंग नेता समेत दो लोगों पर एफआईआर दर्ज करायी है। मनुआपुल थाना में दर्ज एफआईआर में बताया कि बिजली विभाग के जेई और उनकी टीम मीटर खराबी होने के बाद नया मीटर लगाने गए थे। वहीं इस घटना का वीडियो बिजली विभाग की ओर से सौंपा गया है। वीडियो में दिख रहा है कि राजकिशोर चौधरी बातचीत करते-करते जेई को धकेल कर एक कमरे में बंद कर देते हैं।

## नाव दुर्घटना में दो की मौत

**मुजफ्फरपुर,औराई।** औराई प्रखंड के फतेहपुर गांव के समीप गुरुवार सुबह करीब 9 बजे बागमती नदी की दक्षिणी उपधारा में एक नाव डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। नाव पर कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें से 8 लोग सुरक्षित बच गए। सभी लोग मवेशियों के लिए घास लाने भरथुआ चौर जा रहे थे। मृतकों में मुस्कान कुमारी (12 वर्ष) और संजीव कुमार (32 वर्ष) शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाव नदी के उत्तरी तट के पास अचानक पलट गई। नाव पर सवार अन्य लोग बली राय, अमीरा राय, सत्यनारायण राय, अविनाश कुमार, अशोक राय, संजीव राय, अशोक राय के पुत्र ऋषु कुमार, सुरेश माझी, और बृजकिशोर राय की पत्नी शामिल थे। घटना की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी अमन पटेल, राजस्व कर्मचारी अजीत यादव और बेदौल ओपी प्रभारी मनोज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन शवों को नहीं खोजा जा सका। दोपहर 2 बजे एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और 3 बजे से शवों की तलाश शुरू की, परंतु देर शाम तक शव बरामद नहीं हो सके। एसडीआरएफ की टीम के देर से पहुंचने के कारण स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश था। मृतक संजीव राय के दो पुत्र हैं, एक 6 वर्ष का और दूसरा 4 वर्ष का। वहीं, मुस्कान कुमारी राम छबील राय की पहली पुत्री थी। दुर्घटना के बाद पूर्व विधायक डॉ. सुरेन्द्र कुमार राय और राजद नेत्री स्नेहा रानी समेत कई जनप्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे।



## बीच सड़क घेरकर मर्डर

### गोलियों की तड़तड़ाहट से थरार्या पटना का फुलवारी शरीफ

**पटना,संवाददाता।** बिहार की राजधानी पटना का एक कोना गोलियों की गड़गड़ाहट से थर्रा गया। फुलवारी शरीफ के बिस्किट फैक्ट्री मोड़ के पास अमित कुमार नाम के एक युवक की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि पांच अपराधियों ने घेर कर अमित की हत्या की। जमीन विवाद को हत्या का कारण बताया जा रहा है। अमित को एम्स ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने पर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी खंगाला जा रहा है। दानापुर के फुलवारी शरीफ में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। बिस्किट फैक्ट्री के पास पांच अज्ञात हमलावरों ने अमित कुमार नाम के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के वक्त अपराधियों ने अमित पर चार से पांच राउंड गोलियां चलाई और मौके से फरार हो गए। प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद में हत्या का कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर सबूत जुटा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बड़ी संख्या में अपराधी अचानक आए और अमित पर गोलियां चला दी। गोलियां लगने से अमित वहीं गिर गया और अपराधी फरार हो गए।



## 7 साल के रिश्ते में लगा ऐसा ग्रहण, जिस बीवी की लगवाई सरकारी नौकरी, वही कर गई बेवफाई

**गया,संवाददाता।** बिहार के गया में एक शख्स ने अपनी पत्नी पर बेवफाई का आरोप लगाया। एसएसपी से बोला- साहब मैंने अपनी पत्नी को पढ़ाया-लिखाया। अब नौकरी लगते ही उसने मुझे छोड़ दिया। उधर पत्नी ने भी इस पर सफाई दी है। बताया कि वो क्यों उसके साथ नहीं रहना चाहती। SDM ज्योति मौर्या केस से तो हर कोई वाकिफ है ही। ज्योति के चपरासी पति आलोक मौर्या ने आरोप लगाया था कि उसने पत्नी को पढ़ाया-लिखाया। लेकिन सरकारी अफसर बनते ही ज्योति ने उसे छोड़ दिया। यह केस पिछले साल देश में काफी सुर्खियों में रहा था। फिर इस तरह के न जाने कितने ही केस सामने आने लगे। अब बिहार के गया से भी मिलता जुलता मामला सामने आया है। बिहार मिलिट्री पुलिस(बीएमएपी) में तैनात एक युवती के पति ने उस पर गंभीर आरोप लगाकर एसएसपी से न्याय मांगा है। मामला गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र की है। पति मिथिलेश कुमार ने अपनी पत्नी पर बेवफाई का आरोप लगाया है। मामला गया के एसएसपी आशीष भारती तक पहुंचातो उन्होंने इस पर जांच के आदेश दे डाले। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित शेरघाटी थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर पंचायत के भुजौल गांव का रहने वाला है। मिथिलेश कुमार ने बताया- मैंने मेहनत मजदूरी करके पढ़ा-लिखाकर अपनी पत्नी प्रीति कुमारी को बिहार पुलिस में नौकरी लगवाई। अब नौकरी लगते ही वह बेवफाई कर रही है। बिहार पुलिस में कांस्टेबल के पद पर सेवा शुरू करने के साथ अलग रहने का फैसला ले लिया है।



## सरकारी कार्यक्रम के दौरान परोसे गए खाने में निकली छिपकली

**जहानाबाद,संवाददाता।** बिहार के जहानाबाद जिले के सदर प्रखंड स्थित प्रशिक्षण केंद्र में कार्यक्रम आयोजित हुआ था। लेकिन वहां उस समय हड़कंप मच गया जब पंचायत प्रतिनिधियों को परोसे गए खाने में एक प्रतिनिधि की थाली में छिपकली निकली। खाना शहर के चाणक्य होटल से मंगाया गया था। खाने में कीड़े-मकोड़े मिलने की खबर इन दिनों काफी सुनने को मिलती रहती हैं। खाने में कॉकरोच तो कहीं मेंढक तो कहीं छिपकली निकलने की खबरें अब तक सामने आ चुकी हैं। अब इसी तरह बिहार के जहानाबाद से भी खाने में छिपकली निकलने की खबर सामने आई है। यहां एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को परोसे गए खाने में छिपकली मिलने पर बवाल मच गया।

सदर प्रखंड के प्रशिक्षण केंद्र में मोदनगंज एवं मखदुमपुर प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों, कार्यपालक सहायकों एवं पंचायत सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा था। इस प्रशिक्षण में लगभग 55 जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन लोगों को खाना खिलाया जा रहा था और कुछ लोगों ने खाना खा लिया था। इस क्रम में कार्यपालक सहायक रवि कुमार ने खाना खाने के लिए जैसे ही पैकेट खोला, उसमें रखी सब्जी में छिपकली मिल गई। इस बात की जानकारी प्रशिक्षण ले रहे कर्मचारियों को लगी तो कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। किसी अनहोनी की आशंका से सभी भयभीत हो गए। लेकिन किसी भी व्यक्ति की तबीयत नहीं बिगड़ने पर सभी ने राहत की सांस ली। पता चला कि खाना शहर के चाणक्य होटल से मंगाया गया था। कर्मचारियों का कहना है कि जिस तरह से होटल द्वारा लापरवाही बरती गई है और होटल के कर्मचारियों द्वारा जिस तरह से खाने को पैक किया गया है इसे प्रतीत होता है कि बिना उचित जांच के ही खाना को पैक किया गया था। इस पर अब क्या कार्रवाई होती है देखना होगा। कुछ दिन पहले हैदराबाद स्थित IIIT इंस्टिट्यूट की मेस के खाने में मेंढक निकलने से हड़कंप मच गया था। एक छात्र की बिरयानी की प्लेट में यह मेंढक निकला। छात्र ने बाकी के छात्रों संग मिलकर इसकी शिकायत मेस मैनेजर से की। जब कोई एक्शन नहीं लिया गया तो छात्रों ने तेलंगाना खाद्य सुरक्षा आयुक्त से इसकी शिकायत की। सोशल मीडिया पर भी मेंढक वाली बिरयानी की फोटो खूब वायरल हुई थी।





चरण सिंह

विचार

# यूपी उप चुनाव में भूपेंद्र सिंह हुड्डा वाली गलती कर गये अखिलेश!

भले ही उत्तर प्रदेश में सपा मुखिया अखिलेश यादव कांग्रेस को भाव न देकर खुश हो रहे हैं। भले ही वह इसे हरियाणा में हुए अपमान का बदला मान रहे हों पर उत्तर प्रदेश में एक भी सीट कांग्रेस के सिंबल पर न लड़े जाने का नुकसान अखिलेश यादव को उठाना पड़ सकता है। दरअसल भले ही हरियाणा में कांग्रेस हार गई हो पर मुस्लिम राहुल गांधी को अपना नेता मानते हैं। जिसका प्रमाण हरियाणा विधानसभा चुनाव में मेवात में हुई कांग्रेस की जीत है। यदि उत्तर प्रदेश के मुस्लिमों में यह संदेश चला गया कि अखिलेश यादव ने जानबूझकर कांग्रेस को सीटें नहीं दी हैं और कांग्रेस के नेता इस बात को लेकर नाराजगी जता देते हैं तो मुस्लिम वोटबैंक आजाद समाज पार्टी की ओर जा सकता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि आज की तारीख में दलित मायावती से ज्यादा चंद्रशेखर आजाद में विश्वास जता रहे हैं। यदि उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में मुस्लिमों का रुख आजाद समाज पार्टी की ओर हो गया तो समझ लीजिए कि अखिलेश यादव को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वैसे भी बसपा के साथ ही पीडीएम भी उप चुनाव में हाथ आजमा रही है। असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल भी अखिलेश यादव को नुकसान पहुंचाने में लगे हैं। ऐसे में पीडीएम और बसपा के प्रत्याशी भी सपा के वोट काट सकते हैं।

दरअसल लोकसभा चुनाव में जो ३७ सीटें सपा ने जीती हैं उनमें कांग्रेस विशेषकर राहुल गांधी का बड़ा योगदान है। अखिलेश यादव को यह समझना होगा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को जो हवा मिली और राहुल गांधी ने जो आरक्षण और संविधान को लेकर माहौल बनाया उसका फायदा सपा को मिला। यदि उत्तर प्रदेश में सपा के खिलाफ यह संदेश चला गया कि वह कांग्रेस को तवज्जो नहीं दे रहे हैं तो उसका खामियाजा सपा को उठाना पड़ सकता है। ऐसे में मुस्लिम आजाद समाज पार्टी की ओर जा सकता है। नगीना लोकसभा चुनाव में मुस्लिमों ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी से ज्यादा चंद्रशेखर आजाद को ज्यादा पसंद किया। दरअसल कांग्रेस उप चुनाव में ३-५ सीटें मांग रही थी। जब अखिलेश यादव ने सात सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये गये तो कांग्रेस नेताओं में नाराजगी देखी गई। फिर एक चर्चा चली कि फूलपुर सीट पर कांग्रेस के अजय राय चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि सपा के मुर्तजा सिद्दीकी ने फूलपुर से पर्चा भर दिया था। जब अखिलेश यादव ने बची खैर और गाजियाबाद सीट पर भी सपा के सिंबल पर प्रत्याशी उतार दिये तो यह माना गया कि कांग्रेस को अखिलेश यादव ने साइकिल पर हाथ नहीं रखने दिया।

देखने की बात यह है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस रणनीति के साथ चुनाव लड़ रहे हैं, ऐसे में अखिलेश यादव भी वह गलती कर गये जो गलती भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा में की है। योगी आदित्यनाथ और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की मथुरा में हुई मीटिंग से यह संदेश गया है कि मोहन भागवत ने योगी आदित्यनाथ को पूरी ताकत से साथ उप चुनाव लड़ाने का भरोसा दिया है। ऐसे में यदि योगी का बंटोगे तो कटोगे का नारा चल निकला तो सपा के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। वैसे भी जातीय आंकड़ों के अलावा अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में ऐसा कुछ नहीं किया जिसके चलते उन्हें वोट मिले। विपक्ष में रहने के बावजूद समाजवादी पार्टी ने किसान-मजदूर और युवाओं के लिए कोई आंदोलन नहीं किया। देखने की बात यह है कि इन उप चुनाव में योगी आदित्यनाथ को भी लोकसभा में हुई हार का बदला चुकता करना है। यह सदेश देना है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार उनकी वजह से नहीं बल्कि दिल्ली की वजह से हुई थी। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि उत्तर प्रदेश में बीजेपी और सपा के बीच किस तरह की टक्कर देखने को मिलती है। क्योंकि दोनों ही पार्टियां अपने ही सिंबल पर सभी सीटें लग रही हैं।

## अब वो बात कहाँ.....

-अतुल मलिकराम-

एक रोज मेरा किसी काम से जाना हुआ, घर लौटते हुए शाम हो गई। मैं घर लौट ही रहा था कि दूर किसी चाय की दुकान पर एक पुराना गाना सुनाई दिया। गाने के बोल मेरे कानों में पड़े तो एक पल के लिए मैं जवानी के उस समय में पहुँच गया जब मैं गाने सुनने का बड़ा शौकीन हुआ करता था। लेकिन कुछ ही देर में वापस आज की दुनिया में लौट आया। घर लौटा तो देखा मेरी बिटिया अपने मोबाईल फोन में किसी एप पर गाने सुने रही है। उसे देख कर मेरे मन में खयाल आया कि एक वो जमाना था जब रेडियो और रिकॉड्र्स पर गाने सुनने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी और एक आज का दौर है जब केवल एक क्लिक पर ही दुनियाभर का संगीत मौजूद है। लेकिन जो मिठास उस पुराने दौर में थी वो आज कहीं नहीं मिलती.......

गाने सुनने का यह शौक मुझे शायद विरासत में मिला था। मुझे आज भी याद है बचपन में मेरे दादाजी के पास एक ग्रामोफोन हुआ करता था। जिस पर वे गाने चलाया करते थे। उस समय संगीत सुनना एक रस्म की तरह हुआ करता था। जब भी कोई नया गाना सुनना होता था तो, ग्रामोफोन को बड़ी एहतियात से सेट किया जाता था। कांच का डिस्क निकाला जाता, उसकी सफाई की जाती, और फिर सुई को बड़ी सावधानी से रिकॉर्ड पर रखा जाता। ग्रामोफोन का वो धीमा घूमना, और सुई का डिस्क पर आकर सुरों को निकालना। बचपन की मासूमियत में यह सब बड़ा ही जादुई लगता था उस संगीत में एक अलग ही संतुष्टि थी। वो संगीत महज कानों तक नहीं बल्कि दिल तक पहुंचता था। हालाँकि वह ग्रामोफोन आज भी है लेकिन अब वह घर का सजावटी सामान बन चुका है।

समय बदला तो रेडियों का दौर आया, वह दौर भी बड़ा अनूठा था। मैं और मेरे दोस्त हर शाम फरमाइशी गानों का कार्यक्रम सुनने के लिए झुंड बना कर बैठ जाया करते थे। रेडियो पर बजने वाले गानों के साथ ही कार्यक्रम के प्रस्तुतकताओं की बातचीत, उनकी शेरो-शायरी, और गीतों के पीछे की कहानियां सब मिलकर संगीत का आनंद कई गुना बढ़ा देती थीं। और कभी हमारा फरमाइशी गीत हमारे नाम के साथ बज गया, तो खुशी सातवें आसमान पर पहुँच जाती थी।

समय बदला तो कैसेट्स और टेप रिकॉर्डर्स आ आए। अब लोग अपने पसंदीदा गानों को रिकॉर्ड कर सकते थे और उन्हें कहीं भी और कभी भी सुन सकते थे। इन कैसेट्स की भी अपनी यादें हैं। अपने पसंदीदा गानों को कैसेट में रिकॉर्ड करवाना, दोस्तों के साथ कैसेट्स का आदान-प्रदान भी अलग अनुभव था। धीरे-धीरे कैसेट्स की जगह सीडी और डीवीडी ने ले ली और फिर पेन ड्राइव आई। इन सभी साधनों में ढेर सारे गाने संभाल कर रखे जा सकते थे। साथ ही अपने पसंदीदा गाने देखे भी जा सकते थे।

समय के साथ-साथ दौर बदलता गया और नई-नई तकनीक आई, तो गानों को किसी डिवाइस में स्टोर करने की जरुरत भी खत्म हो गई। यूट्यूब और मोबाईल एप जैसे माध्यमों से संगीत सुनना आसान तो हो गया लेकिन मन-पसंद गानों को सुनने का जो उत्साह था वो खत्म हो गया। इन तकनीकों ने हमारे लिए संगीत की उपलब्धता तो आसान बना दी लेकिन इस उपलब्धता में गानों की वो मिठास कहीं खो गई। आज हमारे लिए कोई भी गाना केवल एक क्लिक पर उपलब्ध है। आप चाहे जहाँ भी हों दुनियाभर का हर संगीत आपकी जेब में ही है। लेकिन पुराने समय का वो रोमांच और संतोष, जो सुई से निकलते सुरों में था, वो अब केवल सिर्फ यादों में ही रह गया........

# भारत की उपलब्धि और मोदी का संदेश है समझौता

-बीपी गौतम-

भारत और चीन के बीच समझौता होना आसान बात नहीं है। जुलाई में विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच दो अहम बैठकें हुई थीं। पिछले चार वर्षों में 31 दौर की कूटनीतिक बैठकें और 21 दौर की सैन्य वार्ता ने भारत और चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की वापसी को लेकर एक समझौते पर पहुंचने का रास्ता खोला है। पहली बैठक 4 जुलाई को कजाकिस्तान के अस्ताना में एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ स्टेट मीटिंग के दौरान हुई थी, इसमें दोनों मंत्री इस बात पर सहमत हुये थे कि एलएसी पर मौजूदा स्थिति का लंबे समय तक खिंचना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है, इसके बाद दोनों मंत्री 25 जुलाई को लाओ पीडीआर के वियनतियाने में आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में मिले थे, जिसमें भारत की तरफ से कहा गया कि दोनों मंत्रियों ने जल्द से जल्द डिसइंगेजमेंट के लिये तत्परता के साथ काम करने की जरूरत पर सहमति जताई, जिसके बाद भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय पर कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की बैठक आयोजित की गई, जो 31 जुलाई को दिल्ली में, फिर 29 अगस्त को चीन में हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिये रूस के कजान में पहुंचे तो, उनका सदैव की तरह भव्य स्वागत किया गया। कृष्ण भक्तों ने भजन गाये, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाव-विभोर हो गये। कजान से सामने आई तस्वीरों में इस बार विशेष बात यह देखी गई कि नरेंद्र मोदी को भारत गणराज्य का प्रधानमंत्री लिखा गया, वहां रहने वाले भारतीय समुदाय ने पोस्टर पर इंडिया शब्द नहीं लिखा, इसके अलावा दुनिया भर में कई मोर्चों पर युद्ध चल रहा है, ऐसे तनाव पूर्ण वातावरण में नरेंद्र मोदी सकारात्मक संदेश दे रहे हैं, जिससे विश्वभर के नेता प्रभावित दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने रूस पहुंचते ही एक बार फिर दोहराया कि हर समस्या का हल शांति से ही संभव है, साथ ही भारत और चीन के बीच 52 महीनों से चल रहे तनाव को बातचीत के द्वारा ही हल कर दिया गया, जिसे भारत की विशेष उपलब्धि कहा जा सकता है, साथ ही युद्ध से जूझ रहे देशों के लिये नरेंद्र मोदी का विशेष संदेश भी कहा जा सकता है, इस सब पर ही चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम...

**भारत और चीन के बीच विवाद सुलझा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग के बीच बैठक से पहले ही भारत और चीन ने एक अहम कदम के रूप में सीमा विवाद सुलझा लिया। भारत और चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अप्रैल 2020 से पहले की तरह गश्त शुरू करने पर सहमत हो गये, इस समझौते से दोनों देश लद्दाख में विवाद के बाकी बचे दो क्षेत्रों देपसांग-डेमचोक से सेनाओं को हटा लेंगे। विवाद के चार अन्य क्षेत्र गलवां घाटी, उत्तर व दक्षिण पेंगोंग त्सो और गोगरा हॉट स्प्रिंग पर पहले ही समाधान निकल चुका है। गलवां घाटी में खूनी संघर्ष के साढ़े चार साल बाद ब्रिक्स सम्मेलन से पहले ही भारत की यह बड़ी उपलब्धि रही।

**52 महीनों से चल रहा था विवाद**

भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में 52 महीनों से चल रहा सीमा तनाव सुलझने के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस फैसले की घोषणा करते हुये कहा कि 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई घटनाओं के बाद से हम चीनी पक्ष के साथ सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर लगातार संपर्क में थे। डब्ल्यूएमसीसी और सैन्य कमांडर स्तर पर दोनों देशों के बीच कई दौर की बात-चीत हुई। उन्होंने कहा कि वार्ता की इन कवायदों के कारण कई मोर्चों पर टकराव और तनाव मिटाने में कामयाबी मिली है, फिर भी असहमति के कुछ बिंदु बाकी थे। विदेश सचिव के अनुसार पिछले कुछ हफ्तों में हुई वाताओं के बाद भारत-चीन सीमा क्षेत्र में सैन्य गश्त की व्यवस्था को लेकर सहमति बन गई है, इसके चलते सैन्य आमने-सामने की स्थिति अब सुलझ गई है। सहमति विशेष रूप से डेपसांग और डेमचौक क्षेत्रों में गश्त से संबंधित है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हम कह सकते हैं कि चीन के साथ सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। हम उन जगहों पर गश्त करने में सक्षम होंगे, जहां हम 2020 से पहले कर रहे थे। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा विकास है।

**आसान नहीं थी समझौते की राह**

भारत और चीन के बीच समझौता होना आसान बात नहीं है। जुलाई में विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच दो अहम बैठकें हुई थीं। पिछले चार वर्षों में 31 दौर की कूटनीतिक बैठकें और 21 दौर की सैन्य वार्ता ने भारत और चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की वापसी को लेकर एक समझौते पर पहुंचने का रास्ता खोला है। पहली बैठक 4 जुलाई को कजाकिस्तान के अस्ताना में एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ स्टेट मीटिंग के दौरान हुई थी, इसमें दोनों मंत्री इस बात पर सहमत हुये थे कि एलएसी पर मौजूदा स्थिति का लंबे समय तक खिंचना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है, इसके बाद दोनों मंत्री 25 जुलाई को लाओ पीडीआर के वियनतियाने में आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में मिले थे, जिसमें भारत की तरफ से कहा गया कि दोनों मंत्रियों ने जल्द से जल्द डिसइंगेजमेंट के लिये तत्परता के साथ काम करने की जरूरत पर सहमति जताई, जिसके बाद भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय पर कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की बैठक आयोजित की गई, जो 31 जुलाई को दिल्ली में, फिर 29 अगस्त को चीन में हुई।

**भरोसे को हुआ नुकसानः द्विवेदी**

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पिछले दिनों कहा था कि दोनों पक्षों ने आसान मुद्दों को सुलझा लिया है और अब कठिन परिस्थितियों से निपटने की जरूरत है। उन्होंने कहा था कि कूटनीतिक पक्ष से सकारात्मक संकेत मिले हैं और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन दोनों देशों के सैन्य कमांडरों पर निर्भर है। उन्होंने कहा था कि पूरे मामले में दोनों देशों के बीच भरोसा टूटा है और हम चाहते हैं कि अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति बहाल हो।

**यह है ब्रिक्स**

ब्राजील, रुस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह को इफ्क्रर के रूप में जाना जाता है। ब्रिक्स दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है। ब्रिक्स के विचार की परिकल्पना वर्ष- 2001 में की गई थी, जो 2006 में ब्रिक के रूप में सामने आई, फिर 2010 में दक्षिण अफ्रीका भी सम्मिलित हो गया, जिसके बाद ब्रिक्स कहा जाने लगा। अगस्त 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुये 15वंअ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में लिये गये निर्णय के अनुसार अब समूह में 10 देश सम्मिलित हो गये हैं। मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात नये पूर्ण सदस्य के रूप में ब्रिक्स में सम्मिलित हुये हैं। ब्रिक शब्दावली के जन्मदाता जिम ओनील हैं। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय कंसलटेंसी गोल्डमैन सैक्स से जुड़े ओनील ने इस शब्दावली का प्रयोग सबसे पहले वर्ष- 2001 में अपने शोधपत्र में किया था, जिसका शीर्षक था बिल्डिंग बेटर ग्लोबल इकोनॉमिक ब्रिक्स। ब्रिक्स आज दुनिया की 43% आबादी, दुनिया के 32% भूमि क्षेत्र, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 35% और विश्व निर्यात का 20% कवर करता है। समूह के अनुसार, यह पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग विकसित करने के अवसर प्रदान करता है, जो देशों के सतत विकास और वृद्धि में योगदान देता है।

**भारत के लिये अहम है ब्रिक्स**

भारत ब्रिक्स को वैश्विक संतुलन, विविधता और बहुलता का एक अहम मंच मानता है। रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा कि भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य है और ब्रिक्स के ढांचे के अंदर आर्थिक सहयोग के लिये प्रतिबद्ध है। मीडिया रिपोर्टस विनय कुमार ने कहा कि सम्मेलन में एजेंडे में भारत की तरफ से कुछ मुद्दे सम्मिलित हैं, जिसमें आर्थिक सहयोग का और विस्तार, राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार समझौता, सतत विकास, विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को दूर करने के लिये पीएम मोदी का एलआईएफई मिशन, समाज के हाशिये पर पड़े वर्गों के डिजिटल समावेशन, वित्तीय समावेशन की दिशा में काम करना और भारत की कुछ उपलब्धियां सम्मिलित हैं।

**रवाना होने से पहले नरेंद्र मोदी ने यह कहा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रूस के दौरे पर रवाना होने से पहले कहा कि वह शिखर सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा को लेकर आशान्वित हैं। उन्होंने कहा कि भारत ब्रिक्स के अंदर करीबी सहयोग को महत्व देता है, जो वैश्विक विकासात्मक एजेंडा, बहुपक्षवाद, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक सहयोग, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों को जोड़ने आदि से जुड़े मुद्दों पर बातचीत और चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। मैं ब्रिक्स के अन्य नेताओं से भी मिलने के लिए उत्सुक हूँ।

# जीवन में संजीवनी बूटी का काम करते हैं त्यौहार



ऊषा शुक्ला

त्यौहार हमें प्रेम के साथ-साथ त्याग की भावना भी सिखाते हैं। बिना त्याग की भावना के त्यौहारों का आनंद अधूरा है। कोई भी त्यौहार तभी सार्थक है, जब उसे सभी मिलजुलकर मनाएउत्सवों का एकमात्र उद्देश्य आनंद-प्राप्ति है। यह तो सभी जानते हैं कि मनुष्य अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए आजीवन प्रयत्न करता रहता है। आवश्यकता की पूर्ति होने पर सभी को सुख होता है। पर, उस सुख और उत्सव के इस आनंद में बड़ा अंतर ।त्योहार हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। त्योहारों के बहाने हम अपने व्यस्त जीवन में थोड़ा सा समय अपने लिए निकाल पाते हैं । जाने कहाँ गए वो दिन जब त्योहार खुशी लेके आते थे और आज त्योहार चिंता लेकर आते हैं। हर मनुष्य सोचता है जल्दी से यह त्योहार खत्म हो जाए तो मैं यह करूँ। अब मनुष्य यह नहीं सोचता कि जल्दी से काम खत्म हो जाए तो मैं त्योहार में मौज मस्ती करू। कोई भी त्योहार आ रहा हो उसके खत्म होने का इंतजार आज कल अधिकतर लोग करते हैं । जाने अनजाने सबके मुख से एक ही शब्द सुनने को मिलता है कि यह त्योहार खत्म हो जाए तब मैं यह काम करूँ ।आज की इस भागदौड़ के जीवन में हर व्यक्ति धन के पीछे भाग रहे हैं ।आजकल के युवा पीढ़ी अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ने में हर पल अपना कीमती सकूँ खोती जा रही है । शायद ही इस युवा पीढ़ी के लिए त्योहार एक अमृत की तरह हो जाते हैं कि जब सारे परेशानियाँ दुख और चिंता छोड़कर युवा पीढ़ी दिल खोलकर हंसती है ।त्योहारों से सांस्कृतिक सद्भाव का वातावरण बनता है। त्योहारियाँ के माध्यम से जीवन के नैतिक सामाजिक मूल्य मनोरंजन के साथ मिल जाते हैं। संपन्न लोगों का यह कर्तव्य है कि वे गरीबों को त्योहारों का भागीदार बनाएं। त्योहारों के नाम पर धन का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए।सभी त्योहार हमें प्रसन्नता से जीने और मिल-जुलकर रहने का संदेश देतें हैं। फिर भी आज कल की युग में कोई भी त्योहार आपसी मतभेद मिटा ही नहीं पा रहा। एक ही माँ से जन्में दो बेटे तीज त्योहार में भी एक दूसरे को बधाइयां नहीं देते । और आश्चर्यजनक प्रथा तो यह निकली है कि शादी होने के बाद लड़कियाँ अपने पति को अपने मायके के तर्ज.पर नाचना शुरू कर देते हैं । यह भी देखा गया है कि दामाद शादी के बाद अपनी ससुराल में रहने लग जाता है गलत है यह ।दामाद को ससुराल में क्यों नहीं रहना चाहिए? सीधा सा जबाब है- बेटा बनकर रहना चाहें तो अवश्य रहना चाहिए । दामाद के रूप मे वह मात्र मेहमान बनकर ही रहेंगे जिसके कारण वह ससुराल में ज्यादा दिन नही रुक सकते । एक समय था जब सभी लोग महीनों पहले से त्योहारों की प्रतीक्षा करते थे पर आज के युग में किसी के पास त्योहार मनाने का समय नहीं है । बड़ी बड़ी क्लाइंट के साथ मीटिंग और अत्यंत व्यस्त जीवन भविष्य को व्यस्तता के तरफ धकेल रहा है ।त्योहारों के आने से हम अपनी सामान्य दिनचर्या से अलग एक विशेष उत्साह का अनुभव करते हैं। सबके घर मिठाइयां जाती हैं सबसे घरेलू सकते हैं और सगे रिश्तेदार सगे भाई एक दूसरे को देखते तक नहीं ।मित्रों और सगे-संबंधियों से मिलकर, आपस में प्यार बाँटकर हमें प्रसन्नता होती है । इस प्रकार त्योहारों का हमारे जीवन में काफी महत्व है ।स्वभाव से ही मनुष्य उत्सव-प्रिय है, पर्व हमारे जीवन में उत्साह, उल्लास व उमंग की पूर्ति करते हैं। बुन्देलखण्ड के पर्वों की अपनी ऐतिहासिकता है। उनका पौराणिक व आध्यात्मिक महत्व है और ये हमारी संस्कृतिक विरासत के अंग हैं। कुछ अत्यन्त महत्वपूर्ण त्यौहारों का विवेचन किया जा रहा है।त्यौहार अक्सर विशिष्ट सामुदायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए काम करते हैं, विशेष रूप से देवी-देवताओं या संतों के स्मरण या धन्यवाद के संबंध में: उन्हें संरक्षक त्यौहार कहा जाता है। वे मनोरंजन भी प्रदान कर सकते हैं, जो बड़े पैमाने पर उत्पादित मनोरंजन के आगमन से पहले स्थानीय समुदायों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण था। ऐसा देखा गया है कि लोग त्योहार दिखाने के लिए मनाते हैं ,खुद खुश होने के लिए नहीं मनाते हैं। आज कल तो मोबाइल का जमाना है आरती करनी है और वीडियो बनाना है। आश्चर्य की बात तो यह है कि मोबाइल में वीडियो बनाने से एकाग्रता कैसे आएगी। काशी ऐसी बारिश आ जाए जिसमें रिश्तों में दरार और दुश्मनी बह जाए।

# दीपावली पर सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने के अराजक प्रयास

-मनोज कुमार अग्रवाल-

देश की सबसे संवेदनशील व सुरक्षित समझी जाने वाली राजधानी दिल्ली में करवा चौथ और दीपावली के ठीक दस दिन पहले विस्फोट की वारदात ने तमाम सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। तमाम एजेंसियां एलर्ट मोड में आ कर जांच में जुटी है। प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए ब्लास्ट में कई एंगल से तफ्तीश हो रही है। सीआरपीएफ की टीम ने जांच कर ली है तो, दूसरी एजेंसी ने भी मौका मुआयना किया। जांच स्पेशल सेल या फिर केंद्रीय जांच एंजेसी को भी ट्रांसफर हो सकती है। अभी तक जो सामने आया, उसमें शक है कहीं ये किसी पाकिस्तानी आंतकी लिंक से लेकर लोकल ग्रुप का काम तो नहीं। वहीं ये बात भी सामने आ रही है कि ब्लास्ट करने वाला कोई केमिकल मेन है, जिसे केमिकल की अच्छी जानकारी थी।

जांच एजेंसियां मान रही है कि इसके पीछे कोई बड़ी साजिश का रिहर्सल छिपा हो सकता है? शायद दहशतगर्द या अलगाववादी संगठन ये देखना चाहते हों कि विस्फोट की घटना पर दिल्ली की जांच एजेंसी कितनी सक्रियता दिखाती हैं? यह भी हो सकता है कि हमारी जांच एजेंसियों की क्षमता को परखने के लिए यह विस्फोट किया गया हो? ऐसी आंशका इसलिए लग रही है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने भी किसी बड़ी साजिश से फिलहाल इनकार नहीं किया है।

सबसे ज्यादा चिंताजनक यह है कि दिल्ली के रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास बम विस्फोट के बाद अब देशभर के अन्य राज्यों में सीआरपीएफ स्कूलों में बम विस्फोट को लेकर धमकी दी गई है। खबर है कि देशभर के सीआरपीएफ स्कूलों को ईमेल के जरिये यह धमकी दी गई है। इनमें से दो स्कूल दिल्ली और एक हैदराबाद में हैं। हालांकि ईमेल के फर्जी होने का संदेह है। इसके बावजूद ताजा धमकी ने दिल्ली समेत सभी स्कूलों में दहशत फैला दी है। माना जा रहा है कि यह ईमेल किसी ने दहशत फैलाने के लिए किया है। मेल भेजने वालों ने मेल को लिस्टेड स्कूल के कमरों में नाइट्रेट आधारित आईईडी ब्लास्ट करने की बात कही है। ईमेल भेजने वाले ने सुबह 11 बजे से पहले सभी स्कूलों को खाली करने के लिए भी कहा है। दिल्ली के रोहिणी में सी.आर.पी.एफ. स्कूल में पहले ही धमाका हो चुका है। इस धमाके को लेकर अभी भी सुरक्षा एजेंसिया अभी भी कुछ ठोस जानकारी नहीं हासिल कर पाई हैं। इसे अब भी रहस्यमय विस्फोट बताया जा रहा है। इस मामले में आरोपी अभी भी फरार है।

दिल्ली में इससे पहले भी कई बार बम ब्लास्ट और आतंकी घटनाएं हुई हैं। पर उनमें और इस घटना में कुछ फर्क है। 20 अक्टूबर को सुबह फटे बम के बाद दूर-दूर तक धुआं ही धुआं फैल गया। लोगों को सांस लेने में दिक्कते हुई। तेज बदबू इलाके में फैल गई। आसपास के घरों की नीव भूकंप की भांति हिल गई। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय की खुफिया एजेंसी आईबी के पास इस तरह के इनपुट थे कि त्योहारों के वक्त दिल्ली- एनसीआर में कहीं न कहीं कोई आतंकी घटना घटने की आशंका है। कमोबेश वैसा होता भी दिखाई दिया। खुफिया इनपुट के बावजूद अगर ऐसी घटना घटती है तो कानून तंत्र, खुफिया विभाग, एंटी टेरर विंग पर सवालिया निशान उठना लाजिमी हो जाता है। अगर वे समय पर सजग होते तो ये हादसा शायद नहीं होता। पर, अकसर होता यही है जिम्मेदार एजेंसियां इस तरह की नाकामी कभी अपने पर नहीं लेतीं। । दिल्ली में कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। बॉर्डर पर किसानों का पहरा है। भीड़भाड़ तो सदैव दिल्ली में रहती ही है। इसके अलावा पूरी केंद्र सरकार, ब्यूरोक्रेट लॉबी सभी यहीं बसती है। इसलिए देश की राजधानी दिल्ली में खुफिया एजेंसियों और कानून तंत्र को चौबीसों घंटे चौकन्ना रहना चाहिए। पर, अफसोस ऐसा होता नहीं? दहशतगर्द उनकी नाक के नीचे घटनाओं को अंजाम देकर चुपके से निकल जाते हैं, उसके बाद जांच के नाम पर लाठी पीटी जाती है। फिलहाल, ऐसी बातों पर गौर न कर, मौजूदा घटना की जड़ तक पहुंचने की आवश्यकता है।

दिल्ली के रोहिणी में ब्लास्ट के बाद देर रात पाकिस्तान से चलने वाले टेलीग्राम चैनल पर बम धमाकों के पीछे खालिस्तानी आतंकियों के हाथ होने का दावा किया जा रहा है। टेलीग्राम चैनल 'जस्टिस लीग इंडिया' पर सीसीटीवी फुटेज डालकर बम धमाके का दावा किया गया है, उसके बाद इस मैसेज को पाकिस्तान से चलने वाले कई टेलीग्राम चैनल पर सकुर्लेट किया गया है। दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने टेलीग्राम मैसेंजर को पत्र लिखकर टेलीग्राम चैनल जस्टिस लीग इंडिया के बारे में जानकारी मांगी है। पुलिस अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी जानकारी मांग रही है। टेलीग्राम ने अभी तक दिल्ली पुलिस को कोई जवाब नहीं दिया है। जांच जारी है, धमाके के सिलसिले में अभी तक किसी संगठन का नाम सामने नहीं आया है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर इसके सैंपल लिए। मौके से सफेद पाउडर और कुछ तारनुमा चीजें भी बरामद हुई हैं। इसी बीच मौके पर दमकल की गाड़ियां भी पहुंची। शुरूआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि धमाके में हाई इंटेंसिव एक्सप्लोसिव का इस्तेमाल किया गया है। छोटा क्रूड बम भी हो सकता है। आतंकी हमला होने की आशंका को देखते हुए एनएसजी की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। मौके पर पहुंचने के बाद एनएसजी ने घटनास्थल को अपने कब्जे में ले लिया है। फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) टीम के सूत्रों के मुताबिक, शुरूआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। हालांकि, पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद ही आधिकारिक जानकारी मिल पाएगी।

रोहिणी स्थित प्रशांत विहार इलाके में हुए इस धमाके ने एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में बीते 13 साल बाद इस तरह का धमाका हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों ने पांच घंटे तक घटनास्थल की जांच की। इससे पहले सितंबर 2011 में दिल्ली हाईकोर्ट में धमाका हुआ था जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी। वहीं जनवरी 2022 में गाजीपुर फूल मंडी के गेट पर बैग में आईईडी विस्फोटक बरामद हुआ था। जिसे एनएसजी के बम निरोधक दस्ते की टीम ने एक बड़ा गड्ढा कर उसमें बम को निष्क्रिय कर दिया था। जांच में सामने आया था कि बम को बनाने में आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट के साथ ही छर्रे का इस्तेमाल किया गया था। वहीं दिसंबर 2023 में इजराइली दूतावास के बाहर भी धमाका हुआ था, लेकिन उसमें कोई हताहत नहीं हुआ था।

एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि दिल्ली पुलिस ने सीआरपीएफ स्कूल विस्फोट जांच के सिलसिले में आसपास और सामने के बाजार के सभी सीसीटीवी डीवीआर को अपने कब्जे में ले लिया है। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध को सफेद टी-शर्ट पहने हुए घटनास्थल पर देखा जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

## एक नजर

### अमृतसर में पुलिस मुठभेड़ में मादक पदार्थों के दो तस्कर गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे मुठभेड़ में मादक पदार्थों के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर घायल हो गया जबकि दूसरे को मामूली चोटें आई हैं। फिलहाल दोनों को अमृतसर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमृतसर पुलिस के अनुसार पुलिस पिछले तीन दिनों से इन तस्करों का पता लगा रही थी। रात को सूचना मिली कि आरोपित तरनतारन रोड स्थित पार्क के आसपास देखे गए हैं। उसके बाद पुलिस टीमों ने प्लानिंग के साथ कार्रवाई शुरू कर दी थी। गुरुवार की अल सुबह अमृतसर के तरनतारन रोड स्थित एक पार्क में इनके छिपे होने की सूचना पर पुलिस ने पार्क को घेर लिया। तस्करों ने रात में पुलिस की गाड़ियां देख फायरिंग शुरू कर दी। गोलियां पुलिस की गाड़ियों पर लगी। जिसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान एक तस्कर की जांघ में गोली लगी जबकि दूसरे को भागते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों तस्कर तरनतारन के रहने वाले हैं। तस्करी के साथ-साथ दोनों ही शार्प शूटर भी हैं। जो सुपारी लेकर घटनाओं को अंजाम देते हैं। पुलिस ने दोनों तस्करों से दो पिस्टल भी बरामद की हैं।

### जींद : डीएपी खाद के लिए हुआ बवाल, किसान परेशान, लग रही लंबी लाइन

**जींद।** जिले के सफीदों क्षेत्र में डीएपी खाद के लिए किसानों में अफरा-तफरी मची हुई है। हालात इस कदर बिगड़ गए हैं कि अहोई अष्टमी का व्रती महिलाओं को पूजा-अर्चना छोड़कर खाद के लिए लाइन में लगना पड़ गया है। डीएपी खाद की किल्लत से परेशान किसानों में भारी रोष देखने को मिला। गुरुवार सुबह किसानों को सूचना मिली कि पुरानी अनाज मंडी स्थित दी सफीदों सहकारी विपणन प्रसाधन समिति में खाद आने वाला है तो किसान अल सुबह में पुरानी अनाज मंडी में पहुंच गए। उसके बाद कैथल से दो ट्रक खाद पुरानी अनाज मंडी में पहुंचा तो काफी तादाद में किसान इकट्ठा हो गए।

किसान इतनी ज्यादा तादाद में पहुंच गए कि खाद वितरण के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और किसानों की लाईन लगवाई। इसके अलावा महिलाओं की लाईन अलग से लगवाई गई। यह व्यवस्था बनाई गई कि एक पुरूष व एक महिला को 4-4 बैग यूरिया के दिए जाएंगे। उसके बाद किसान को 4 कट्टों के साथ एक नैनो डीएपी खाद की बोतल भी दी जाने लगी। उसके उपरांत खाद दोपहर तक खत्म गया हो गया और काफी किसानों को निराश होकर लौटना पड़ा। किसानों का कहना था कि एक किसान लोगों का पेट भरता है लेकिन आज हालात यह है कि उसे मात्र खाद लेने के लिए मुंह अंधेरे भूखे-प्यासे लाईनों में लगना पड़ रहा है। किसानों का कहना था कि खाद वितरण में भारी धांधली चली हुई है। उन्हे खाद के 4 कट्टों के साथ एक बोतल दवाई की जबरदस्ती थोपी जा रही है और यह दवाई उनके किसी काम की नहीं है और काफी महंगी भी है। किसानों का कहना था कि एक साजिश के तहत डीएपी खाद को सफीदों में वितरण करवाया जाता है। अगर इस खाद को गांवों में बनी सोसाईटियों में भेजकर वितरण करवा दिया जाए तो किसानों को मुश्किलों से दो चार नहीं होना पड़ेगा। सफीदों में हालात ये हैं कि जितने बैग खाद के आते हैं उनमें से आधे किसानों को और आधे अपने चेहते डीलरों को दे दिया जाता है। सफीदों में खाद वितरण में भारी धांधली चल रही है जिसकी जांच तत्काल आवश्यक है। वे इस मसले में कृषि अधिकारी से मिले थे लेकिन उन्होंने किसानों को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। अभी कुछ दिन पूर्व भी मंडी में 2000 बैग डीएपी के आए थे लेकिन उसकी भनक किसानों तक लगने नहीं दी गई। किसानों का कहना है कि उन्हे हर छमाही में खाद की समस्या से दो चार होना पड़ता है लेकिन समस्या को कोई समाधान नहीं है और समस्या को कोई हल निकलता दिखाई भी नहीं पड़ता।

### स्वयंसेवकों ने लोकगीत व नृत्य की प्रस्तुति देकर मेहमानों को हरियाणवी संस्कृति से जोड़ा



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में संध्याकाल में विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरियाणा के स्वयंसेवकों ने हरियाणवी नृत्य, गायन व वादन में बेहतरीन प्रस्तुति देकर समां बांधा। स्वयंसेवकों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से लोकगीतों, वेशभूषा, संस्कृति का परिचय देकर 17 राज्यों से आए स्वयंसेवकों सहित अन्य दर्शकों को हरियाणवी संस्कृति से जोड़ा, जिससे कलाकारों ने खूब तालियां बटोरी। शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत गुरुवार को योगाभ्यास के साथ हुई जिसमें स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया। दूसरे दिन प्रातःकाल विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में ह्ययूथ फॉर माई भारत और यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसीह्न विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। शैक्षणिक सत्र जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के रिटायर्ड सचिव सुरेन्द्र श्योराण मौजूद रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा एवं सीपीआर विषय पर जागरूक किया। एनएसएस विद्यार्थियों को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है और उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्तव्यनिष्ठ नागरिक के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शिविर के प्रेरणा सत्र में सिविल अस्पताल, ब्लड सेंटर के एसएमओ डॉ. सुशील गर्ग ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। दिन-प्रतिदिन होने वाली सडक दुर्घटनाओं, थैलेसिमीया से पीड़ित बच्चों तथा रोगियों को रक्त की पूर्ति के लिए रक्त दान बहुत जरूरी है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान करते हुए कहा कि रक्तदान शिविरों में युवाओं को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। चंडीगढ़ के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.तपस शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया जबकि जम्मू कश्मीर से डॉ. जफर इकबाल ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह सहित अन्य एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भी मौजूद रहे।

# हरियाणा विस का एक दिवसीय विशेष सत्र आज से,स्पीकर व डिप्टी स्पीकर का होगा चुनाव



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इससे पहले सुबह 10 बजे विधानसभा के सभी वरिष्ठ विधायक व पूर्व स्पीकर डॉ. रघुबीर सिंह कादियान को राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय राजभवन में प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाएंगे। इसके बाद डॉ. कादियान ही सभी विधायकों को विधानसभा सदस्य पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इस बार 90 सदस्यीय विधानसभा में कुल 40 विधायक ऐसे हैं, जो पहली बार सदन में कदम रखेंगे। तोशाम से श्रुति चौधरी और अटेली से आरती सिंह राव के अलावा जेलर सुनील सतपाल सांगवान और ओलंपियन विनेश फोगाट भी पहली बार विधानसभा पहुंची हैं। श्रुति चौधरी के दादा चौ. बंसीलाल लम्बे समय तक हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे थे। इसी तरह केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती सिंह राव के दादा राव बिरेंद्र सिंह हरियाणा के दूसरे मुख्यमंत्री थे। दादरी से विधायक बने सुनील सांगवान देशभर में पहले ऐसे विधायक हैं, जो जेल अधीक्षक पद से वीआरएस लेकर राजनीति में आए हैं। हालांकि उनके पिता सतपाल सांगवान हरियाणा के सहकारिता मंत्री रहे हैं। चौहदवीं विधानसभा में खिलाड़ी के तौर पर भारतीय हॉकी टीम के कप्तान रहे सरदार संदीप सिंह पिहोवा से भाजपा के विधायक थे। इस बार ओलंपिक खिलाड़ी व कुश्ती प्लेयर विनेश फोगाट कांग्रेस टिकट पर जुलाना से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। 56 वर्षों के बाद यह पहला मौका होगा, जब आदमपुर हलके से भजनलाल परिवार से कोई विधानसभा में नहीं होगा। इस बार भजनलाल के पोते भव्य बिश्नोई कांग्रेस के चंद्र प्रकाश के हाथों चुनाव हार गए। ऐसे में कह सकते हैं कि 2019 की तरह इस बार भी विधानसभा में एक आईएएस (सेवानिवृ) अधिकारी की एंट्री हुई है। 2014 व 2019 में नांगल-चौधरी ने डॉ. अभय सिंह यादव भाजपा विधायक बने थे। इस बार वे चुनाव हार गए। आईएएस सेवाओं से सेवानिवृ होने के बाद राज्य सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त रह चुके चंद्र प्रकाश इस बार आदमपुर से कांग्रेस विधायक बने हैं। यह पहला मौका है जब सबसे कम महज तीन ही निर्दलीय विधायक बने हैं। इसमें हिसार से सावित्री जिंदल पहले भी दो बार विधायक व मंत्री रह चुकी हैं। बहादुरगढ़ से राजेश जून और गन्नौर से देवेंद्र कादियान पहली बार चुनाव जीते हैं।

**ये विधायक पहली बार पहुंचेंगे सदन**

नब्बे विधायकों में से चालीस पहली बार सदन में प्रवेश करेंगे। इनमें कालका से शक्ति रानी शर्मा, मुलाना से पूजा चौधरी, पिहोवा से मनदीप सिंह चट्ठा, गुहला से देवेंद्र हंस, कलायत से विकास सहारण, कैथल से आदित्य सुरजेवाला, असंध से योगेंद्र सिंह राणा, समालखा से मनमोहन सिंह भड़ाना, गन्नौर से देवेंद्र कादियान, खरखौदा से पवन खरखौदा, सोनीपत से निखिल मदान, अटेली से आरती सिंह राव, डबवाली से आदित्य देवीलाल चौटाला, रानियां से अर्जुन चौटाला, उचाना कलां से देवेंद्र अत्री, जुलाना से विनेश फोगाट, गोहाना से डॉ. अरविंद शर्मा, करनाल से जगमोहन आनंद व सिरसा से गोकुल सेतिया शामिल हैं। इसी तरह आदमपुर से चंद्र प्रकाश, नारनौंद से जस्सी पेटवाड़, नलवा से रणधीर पनिहार, लोहारू से राजबीर फरटिया, बाढ़डा से उमेद पातूवास, दादरी से सुनील सांगवान, बवानीखेड़ा से कपूर वाल्मीकि, महम से बलराम दांगी, बहादुरगढ़ से राजेश जून, पुंडरी से सतपाल जाम्बा, तोशाम से श्रुति चौधरी, एनआईटी से सतबीर फागना, गुरुग्राम से पंडित मुकेश शर्मा, कोसली से अनिल ढहीना, बावल से डॉ. कृष्ण कुमार, नांगल-चौधरी से मंजू चौधरी, महेंद्रगढ़ से कंवर सिंह यादव, हथीन से मोहम्मद इजराइल, होडल से देवेंद्र सिंह रामरतन, पलवल से गौरव गौतम और बड़खल से धनदेश अदलखा शामिल हैं।

## पोस्टर मेकिंग में रोशन, कार्टून स्लोगन में कात्यायनी ने मारी बाजी

**चंडीगढ़।** बढ़ते साइबर अपराध व साइबर हमलों को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से गुरुवार को पंचकूला के सेक्टर-एक स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लघु सचिवालय शाखा के सहयोग से फाइन आर्ट्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रोशन, कार्टून स्लोगन में कात्यायनी ने बाजी मारी है।



साइबर स्वच्छता और सुरक्षा विषय पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं में कॉलेज के दर्जनों विद्यार्थियों ने विभिन्न माध्यमों से साइबर सुरक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कालेज प्राचार्य डॉ.नरेंद्र सिंह सिवाच ने कहा कि टेक्नोलॉजी के बढ़ते दौर में साइबर अपराध की घटनाओं में हो रही वृद्धि गंभीर चिंता का विषय है। आज के दौर में जिस व्यक्ति के पास आधुनिक मोबाइल फोन है उसे बेहद सजग रहने की जरूरत है क्योंकि वह कभी भी साइबर अपराध का शिकार हो सकता है। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बी.कॉम प्रथम वर्ष के रोशन कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि बीएससी प्रथम वर्ष की माही गोयल दूसरे और बीसीए प्रथम वर्ष की वैशाली तीसरे स्थान पर रहीं। कार्टून स्लोगन प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की कात्यायनी ने पहला स्थान हासिल किया, बी.ए. द्वितीय वर्ष की सिया दूसरे और बी.एससी फिजिकल साइंस की पूजा तीसरे स्थान पर रहीं। पेंटिंग प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष भूगोल ऑनर्स के आर्यन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बीसीए तृतीय वर्ष की हिमांशी दूसरे और हर्ष कुमार तीसरे स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में बीसीए प्रथम वर्ष के कृष्ण और अर्शदीप तथा बीए द्वितीय वर्ष की रानी ने संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। बी.ए. तृतीय वर्ष के आर्यन, बी.ए. द्वितीय वर्ष के हर्ष, एम.ए. प्रथम वर्ष के अनमोल शर्मा और एम कॉम प्रथम वर्ष की अंजलि कुमारी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि बी.ए. तृतीय वर्ष की अर्चना, दीपक और अल्फिया तथा बीसीए तृतीय वर्ष के हर्ष कुमार ने तीसरा स्थान साझा किया। प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक मंडल में पोस्टर मेकिंग के लिए महाविद्यालय की शिक्षिकाओं डॉ. ज्योत्सना, कुसुम रानी और वीना जांगड़ा शामिल थीं। कार्टून स्लोगन के लिए मैडम दविंदर कौर, किरण और निशा पन्नू ने निर्णय किया,पेंटिंग के लिए अंजु जिंदल, डॉ. ममता और पूनम ने निर्णायक भूमिका निभाई, और रंगोली के लिए गुरप्रीत कौर, डॉ.अंशु कपिल और सतबीर कौर निर्णायक रहे । समारोह के दौरान डॉ. नीलम रोहिल्ला और

## पंजाबः तस्करों की मदद के आरोप में महिला पुलिस अधिकारी के खिलाफ मुकदमा, थाने के मुंशी व चौकीदार पर भी कार्रवाई

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अफीम तस्करों की मदद करने के आरोप में मोगा जिले में तैनात महिला पुलिस अधिकारी समेत दो अन्य पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। महिला पुलिस अधिकारी पंजाब में उस समय सुर्खियों में आई जब वह कोरोना को हरा कर डयूटी पर आई थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने उनके साथ वीडियो कॉल पर बातचीत की थी।



जिस महिला अधिकारी अर्शदीप कौर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है वह इस समय पंजाब के मोगा जिले के अंतर्गत आते कोट ईस्से खां पुलिस थाने में बतौर थाना प्रभारी तैनात है। पंजाब पुलिस ने बुधवार रात ही एक पूर्व विधायिका को नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इस मामले में फिलहाल इंस्पेक्टर अर्शप्रीत कौर ग्रेवाल, मुंशी गुरप्रीत सिंह, चौकी इंचार्ज बलखंडी, अफीम तस्कर मनप्रीत सिंह और गुरप्रीत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के सीनियर अधिकारी इस मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं। आरोपित पुलिस कर्मियों के पिछले रिकार्ड भी खंगाले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार एक अक्टूबर को पुलिस ने अमरजीत सिंह निवासी दातेवाल रोड कोट ईस्से खां के खिलाफ 2 किलो अफीम बरामदगी का आपराधिक मामला दर्ज किया था, जबकि उसके भाइयों से भी 3 किलो अफीम बरामद हुई थी। तीनों पुलिस कर्मियों ने किसी प्राइवेट व्यक्ति के जरिए 8 लाख रुपए में सौदा करके 5 लाख रुपए लेकर छोड़ दिया था। अर्शप्रीत कौर का लुधियाना से काफी नाता रहा है। अधिकतर समय अर्शप्रीत ने लुधियाना में ही डयूटी की है। थाना बस्ती जोधेवाल और डिवीजन नंबर 2 में बतौर थाना प्रभारी काम किया है। कोरोना काल में तत्कालीन पुलिस महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने अर्शप्रीत के नाम से पोस्ट भी शेयर किया था कि लोग कोविड से डरे नहीं। वहीं गायक एम्मी विर्क सहित कई कलाकारों ने अर्शप्रीत के कोविड पॉजीटिव होने पर उसे वीडियो कॉल करके उसका हौसला बढ़ाया था।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल की पत्नी बृजपाल टंडन का निधन

**चंडीगढ़।** छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल स्व. बलरामजी दास टंडन की पत्नी बृजपाल टंडन का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गुरुवार दोपहर बाद उनका सेक्टर-25 स्थित स्वर्गधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्हें संजय टंडन ने मुखाग्नि दी। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल के सह प्रभारी संजय टंडन की माता बृजपाल टंडन ने गुरुवार की सुबह अंतिम सांस ली। बृजपाल टंडन लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी। गुरुवार को अस्पताल में अपने परिवारजनों के बीच बृजपाल टंडन ने सांसारिक यात्रा को अलविदा कहा। टंडन परिवार के लिए बृजपाल टंडन मार्गदर्शक थी, उन्होंने हमेशा अपने परिवार को हमेशा गरीबों की मदद और दूसरों की भलाई की सीख रही, जिसे आज उनके बेटे संजय टंडन बखूबी निभा रहे हैं। बृजपाल के बेटे संजय टंडन ने अपनी माता के निधन को अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि मां उनके लिए हमेशा प्रेरणादायक रहीं। उन्होंने उन्हें कठिनाइयों से लड़ना सिखाया और वे हमेशा मार्गदर्शक के तौर पर साथ रहीं। सेक्टर-25 स्वर्गधाम में पहुंच कर यूटी प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा, गृह सचिव यूटी चंडीगढ़ मनदीप बराड़, भाजपा चंडीगढ़ अध्यक्ष जितेंद्र मल्होत्रा, उपाध्यक्ष रामवीर भट्टी, भाजपा हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अनेक लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# पंजाब में जमीन की रजिस्ट्री के लिए एनओसी की आवश्यकता नहीं

□ राज्यपाल ने पंजाब अपार्टमेंट एंड प्रॉपर्टी रेगुलेशन (संशोधन) अधिनियम, 2024 को दी मंजूरी

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने प्लॉटों की रजिस्ट्री के लिए एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) की शर्त खत्म कर दी है। पंजाब विधानसभा ने पंजाब अपार्टमेंट एंड प्रॉपर्टी रेगुलेशन (संशोधन) अधिनियम, 2024 विधेयक 3 सितंबर को पारित किया था, जिसके बाद आज राज्यपाल ने इसे स्वीकृति दे दी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री के लिए एनओसी की परंपरा समाप्त करने के लिए राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को दिया।



उन्होंने कहा कि इस संशोधन का उद्देश्य छोटे प्लॉट धारकों को राहत देने के साथ-साथ अवैध कॉलोनियों पर सख्त नियंत्रण सुनिश्चित करना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आम लोगों के लिए बड़ी राहत है, क्योंकि इसका उद्देश्य आम जनता को अपने प्लॉटों की रजिस्ट्री में आ रही समस्याओं को दूर करना और अनधिकृत कॉलोनियों के निर्माण पर रोक लगाना है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इसमें अपराधियों को सजा और जुमार्ने की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जिसका उद्देश्य आम आदमी के कल्याण को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि संशोधन के अनुसार कोई भी व्यक्ति, जिसके पास 31 जुलाई, 2024 तक अवैध कॉलोनी में 500 वर्ग गज तक के प्लॉट के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी, स्टांप पेपर पर बिक्री समझौता या कोई अन्य ऐसा दस्तावेज है, को जमीन की रजिस्ट्री के लिए एनओसी की आवश्यकता नहीं होगी।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन भोले-भाले लोगों ने अपना पैसा घर बनाने के लिए लगाया था, लेकिन अवैध कॉलोनियों के कारण वे मुश्किलों में फंस गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ कॉलोनाइजर अवैध तरीके से पैसे इकट्ठा करते हैं, लेकिन इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के शासन के दौरान अवैध कॉलोनियों में वृद्धि हुई थी, क्योंकि पहले की सरकारों ने अवैध कॉलोनाइजरों को संरक्षण दिया था। उन्होंने कहा कि इस कानून से उन करोड़ों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्होंने गलती से अपनी मेहनत की कमाई को अवैध कॉलोनियों में लगा दिया था।

# सी.आई.ए-02 द्वारा गन्ने के खेतों में अज्ञात महिला का शव मिलने के ब्लाइंड मर्डर केस मामले में खुलासा करते हुए आरोपी को किया गिरफ़्तार

**करनाल (विसु)।** विगत 20 अगस्त 2024 की सुबह थाना सदर करनाल में क्षेत्र के गांव शेखपूरा में गन्ने के खेतों में एक अज्ञात शव मिलने की सुचना प्राप्त हुई। सुचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं व शव को अपने कब्जे में ले लिया, शव एक महिला का था जिसका चेहरा बुरी तरह से खराब किया गया था ताकि उसे कोई पहचान न सके। इस संबंध में खेत के मालिक की शिकायत पर थाना सदर करनाल में मुकदमा नंबर 670 दिनांक 20.08.2024 धारा 103, 103 (1), 238, 238 (बी), 238 (सी), 3 (5) भा.न्या.सं. के तहत दर्ज किया गया। पुलिस टीम द्वारा शव को शवगृह में रखवाकर उसकी पहचान के लिए प्रयास शुरू किए गए।

यह मामला जैसे ही पुलिस अधीक्षक करनाल श्री मोहित हाण्डा के संज्ञान में आया तो उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए, मामले की जांच कर आरोपी को गिरफतार करने की जिम्मेवारी जिला पुलिस की क्राइम युनिट सी.आई.ए-02 टीम को सौंपी गई। जिसपर सी.आई.ए-02 टीम ने उप निरीक्षक दशरथ सिंह की अध्यक्षता में मामले की गहनता से जांच करते हुए व छोटी-छोटी कड़ीयों को जोड़ते हुए मृतका की पहचान पूजा कुमारी के रूप में की और दिनांक 17.10.2024 को गुप्त सुचना के आधार पर ग्रीन बैल्ट सै0-06 करनाल से आरोपी..... संजीत रजक



पुत्र नारायण रजक वासी बंबईया फरलाल, समस्तीपूर, बिहार हाल किरायेदार गली नंबर 12 कर्ण विहार, करनाल को गिरफतार किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय करनाल श्री नायब सिंह ने बताया कि दिनांक 18.10.2024 को आरोपी को माननीय अदालत के सामने पेशकर 08 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया व दौराने पूछताछ आरोपी ने बताया कि वह पिछले 03 साल से मृतका पूजा कुमारी के साथ रिलेशन में रह रहा था और उनके पास कोई बच्चा नहीं था, जिसे लेकर दिनांक 17.08.2024 की रात को उन दोनों मे बहस होने लगी और इस दौरान उसने चुन्नी से उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी का भतीजा अमीत रजक वहां पर आया और आरोपी ने सारी बात अपने भतीजे को बताई, फिर दोनों ने योजनाबद्ध तरीके से मृतका के शव को बैडसीट में बांधा व रात के करीब 02 से 03 बजे के बीच उसे मोटरसाईकिल पर उठाकर गांव शेखपुरा के पास गन्ने के खेतों में फेंक दिया। इस बीच दोनों आरोपीयों ने मिलकर शव को तहस नहस करने के लिए व उसका चेहरा बिगाड़ने के लिए उस पर 04 बोतल थीनर व 05 थैली नमक भी डाला था। इसके बाद दोनों आरोपी मृतका का मोबाइल फोन लेकर वहां से फरार हो गए व रास्ते में उसका सीम तोड़कर फेंक दिया। उन्होंने कहा कि मामले में गिरफतार आरोपी को कल रिमांड अवधी समाप्त होने पर पूनः अदालत के सामने पेश किया जाएगा व उसके भतीजे को गिरफतार करने के लिए उनकी टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले इन्चार्ज सी.आई.ए-02 उप निरीक्षक मनोज कुमार और उनकी टीम द्वारा बहुत ही बेहतर कार्यशैली का प्रदर्शन करते हुए न केवल ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाया है बल्कि मुख्य आरोपी को गिरफतार करने में कामयाबी भी हासिल की है।

# ईसीएल के झांझरा एवं सोनपुर बाजारी की खदानों को 5 स्टार रेटिंग से नवाजा गया



**आसनसोल (अनूप जोशी)।** 1 अक्टूबर, 2024 को नई दिल्ली के स्कोप कन्वेंशन सेंटर में एक कार्यशाला और हितधारकों के परामर्श का शुभ आयोजन हुआ जिसमें कोयला और लिग्नाइट खदानों के। लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार शामिल थे, जो कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल थी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला ओर खान मंत्री, जी. किशन रेड्डी और कोयला ओर खान राज्य मंत्री, सतीश चंद्र दुबे की उपस्थिति थी, दोनों ने कोपला क्षेत्र के भीतर सहयोगात्मक भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया।यह कार्यशाला साझेदारी के माध्यम से नवाचार को बढ़ाव देने पर जोर देने के साथ, एमडीओ मॉडल द्वारा प्रस्तुत अव्सरों की गहन खोज को सम्मिलित करने और संलग्न करने के लिए नीति निमार्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और परिचालन कर्मियों सहित हितधारकों की एक श्रृंखला के लिए एक अमूल्य मंच के रूप में साबित हुई। चार केंद्रेति सत्रों के आसपास संरचित-निविदा, अनुबंध, निटेश, वित्तपोषण और भुगतान के मुद्दों को संबोधित करना, वैधानिक मंजूरी, अनुमतियाँ और अनुमोदन; भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन (आर एंड आर) और जस्ट ट्रांसफॉर्मेशन; व ऑपरेशनल मैटर्स कार्यशला ने गतिशील चचाओं को सुविधाजनक बनाया, बाद में इसमें शमिल हितधारकों के सामने आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को हल करने के उद्देश्य से संवादमूलक सत्रों को बढ़ाया गया।

उपस्थिति में उल्लेखनीय व्यक्तियों में सचिव, कोपला झालय, भारत सरकार के साथ अतिरिक्त सचिवों और कोयला मंत्रालय के अन्य अधिकारी, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और कोल इंडिया लिमिटेड की विभिन्न सहायक कंपनियों के सीएमडी त वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। कोयला मंत्रालय के अधीन अन्य संगठनों के साथ-साथ एमडीओ के सीईओ व प्रतिनिधियों ने विविध संवाद में योगदान दिया। इस कार्यक्रम में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के केतकी एक्सपेंशन यूजी माइन में कोल इंडिया लिमिटेड की पहली भूमिगत एमडीओ परियोजना और सियारमल में कोल इंडिया लिमिटेड की पहली ओपनकास्ट एमडीओ पारेयोजना की सफलता की कहानियों पर प्रकाश डालने वाले लघु वीडियो की प्रस्तुति भी हुई।ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के निदेशक (तकनीकी) नीलाद्री रॉय द्वारा भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन (आर एंड आर) और जस्ट ट्रांसफॉर्मेशन पर सत्र के दौरान एक प्रभावशाली प्रस्तुति में एमडीओ परियोजनाओं को देने में विसंगतियां भूमि अधिग्रहण और स्वामित्व दस्तावेज के मुद्दे और महत्वपूर्ण चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया।

वन भूमि अनुपालन और पुनर्वास उपायों से जुड़ी जटिलताएँ। इस व्यापक चर्चा के दौरान, आर एंड आर ढांचे के लाभों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए कुशल स्वामित्व हस्तांतरण और मौजूदा जनशक्ति के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उचित परिवर्तन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का समापन भारत की कोयला निर्देशिका 2023-24 के विमोचन के साथ हुआ, जिसके बाद स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह हुआ जहां ईसीएल की झाझरा परियोजना कोलियरी और ईसीएल की सोनपुर बाजारी ओपनकास्ट खदान जैसी अनुकरणीय परियोजनाओं को प्रतिष्ठित 5 स्टार से सम्मानित किया गया। समीरन दत्ता, सीएनडी ईसीएल, नीलाद्री रॉय, निदेशक (तकनीकी), ईसीएल सहित संबंधित क्षेत्र के महाप्रबंधकों द्वारा पुरस्कारों ग्रहण किया गया।

## जहरीली शराब कांड के बाद पटना में सबसे बड़े एक्शन की तैयारी



**पटना,संवाददाता।** बिहार के तीन जिलों में हाल में जहरीली शराब पीने से 30 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद, पटना पुलिस शराब के अवैध कारोबार में शामिल संदिग्धों के खिलाफ सख्त अपराध नियंत्रण अधिनियम (सीसीए) के तहत कार्रवाई पर विचार कर रही है। बिहार में उन संदिग्धों के खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिन्हें राज्य के शराबबंदी कानून के उल्लंघन के सिलसिले में पहले गिरफ्तार किया गया था और वे जमानत पर बाहर हैं। पुलिस अधीक्षक (पटना-पूर्व) के कार्यालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर सभी थाना अध्यक्षों को शराबबंदी कानून के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों पर नजर रखने का निर्देश दिया। बयान में कहा गया है, 'जिले के सभी थाना अध्यक्षों को आरोपियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई के रूप में सीसीए लगाने से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहिए। शराबबंदी कानून के उल्लंघन में शामिल सभी आरोपी, जो जमानत पर बाहर हैं, उनका सत्यापन किया जाना चाहिए।' बयान में कहा गया है कि यह कदम जिले में शराब की बिक्री और निर्माण को रोकने के लिए एक निवारक उपाय के रूप में उठाया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि सभी थाना अध्यक्षों को निर्देश दिया जाता है कि वे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कड़े प्रावधानों के तहत इन मामलों के आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करें। यदि आरोपियों पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया जाता है, तो अधिकारी उनकी चल और अचल संपत्तियों को कुर्क करने की कार्यवाही शुरू करें। पटना जिला पुलिस के कदम पर टिप्पणी करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्रा ने बताया कि शराबबंदी कानूनों का उल्लंघन करने वाले आरोपियों के खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव उन्हें एक निश्चित अवधि के लिए निवारक हिरासत में रखने के लिए है ताकि शराबबंदी कानून का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। बिहार में पिछले सप्ताह सिवान, सारण और गोपालगंज जिलों में जहरीली शराब पीने से 37 से अधिक लोगों की मौत के बाद पटना पुलिस द्वारा यह कदम उठाया गया है। इस घटना के बाद राज्य में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया था। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने पांच अप्रैल 2016 को शराब की बिक्री और खपत पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

## एक नजर

### शराबबंदी कराएगी तेजस्वी का नुकसान!

बिहार चुनाव से पहले किसने की 'भविष्यवाणी'

**पटना/नई दिल्ली,संवाददाता।** बिहार में शराबबंदी को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधे जाने के बाद जनता दल (यूनाईटेड) ने बृहस्पतिवार को पलटवार किया और कहा कि राज्य की तस्वीर बदलने वाली इस नीति के खिलाफ बोलना नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की मजबूरी है क्योंकि उन्हें शराब बनाने वाली कंपनियों से चंदा लेना होता है। जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने भाषा से बातचीत में यह भी कहा कि तेजस्वी यादव अगर शराबबंदी के खिलाफ हैं तो उन्हें आगामी चुनावों में होने वाले नुकसान को लेकर तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, शराबबंदी के खिलाफ तेजस्वी यादव का जहर उगलता अस्वाभाविक नहीं है। जिन शराब बनाने वाली कंपनियों से वह चंदा लेते हैं, उनकी खुशी के लिए उन्हें कुछ तो बोलना ही है। राजीव रंजन प्रसाद ने दावा किया कि शराबबंदी ने न सिर्फ बिहार को बदला है बल्कि यहां के गांवों की तस्वीर भी बदल डाली है।

राजद ने इससे पहले शराबबंदी को लेकर बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट किया और जेडीयू (जद-यू) का अर्थ ह्यजहां दारू अनलिमिटेड बताया। तेजस्वी यादव ने इस पोस्ट को ह्यरिपोस्टह्ल किया। इसमें लिखा गया, जे यानी जहां, डी यानी दारू और यू से अनलिमिटेड। राजद ने बिहार में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब से लोगों की मौत के लिए मुख्यमंत्री कुमार और उनकी पार्टी को जिम्मेवार ठहराया। बिहार में पिछले सप्ताह सिवान, सारण और गोपालगंज जिलों में जहरीली शराब पीने से 37 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। नीतीश कुमार नीत बिहार सरकार ने पांच अप्रैल 2016 को शराब की बिक्री और खपत पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मोतिहारी,संवाददाता।** जिले के पकड़ीदयाल अनुमंडल क्षेत्र से एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में गढ़हीया ओपी क्षेत्र के एक गांव में आज नाबालिक से दुष्कर्म मामले में एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने घटना के महज 6 घंटा के अंदर गिरफ्तार कर मोतिहारी जेल भेज दिया गया है। इस छापेमारी में मधुबन थाना अध्यक्ष संजीव कुमार और गरहिया ओपी अध्यक्ष राजीव रंजन सहित पुलिस बल शामिल थे।

### जन सहयोग से बागमती नदी में जल निकासी कार्य शुरू, किसानों को मिली राहत



**समस्तीपुर/मुजफ्फरपुर,संवाददाता।** समस्तीपुर जिले के कनौजर पंचायत के छोटी सलहा क्षेत्र में बागमती नदी पर पुल निर्माण स्थल पर अवरुद्ध जल निकासी कार्य गुरुवार को जन सहयोग से शुरू किया गया। इस दौरान कई बार तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई, लेकिन स्थानीय लोगों और सामाजिक प्रतिनिधियों के मध्यस्थता से जल निकासी का कार्य अधिकारी-अभिकर्ता के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया। जेसीबी मशीन से खुदाई कर जल निकासी के लिए बॉम्बे पाइप डाला गया और इसके ऊपर मिट्टी डालकर यातायात व्यवस्था बहाल की गई। ग्रामीणों के अनुसार, जल निकासी बाधित होने से यातायात अवरुद्ध हो गया था और पुल निर्माण स्थल पर पानी जमा होने से आवागमन मुश्किल हो गया था। वहीं, दूसरी ओर मुजफ्फरपुर जिले के बन्दरा और गायघाट प्रखण्ड क्षेत्र के तकरीबन आधे दर्जन पंचायतों के दर्जनों सटे गांवों के किसानों ने भी बाढ़ के पानी से जलजमाव के कारण धान की फसलों के बर्बाद होने की शिकायत की थी। किसानों ने बताया कि लगभग 1000 एकड़ से ज्यादा भूमि पर धान की तैयार फसलें जलजमाव के कारण बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसानों में भारी नाराजगी थी। दोनों जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों के किसानों ने स्थानीय और जिला अधिकारियों से इस समस्या की शिकायत की थी। अंततः सामाजिक लोगों और प्रतिनिधियों की पहल पर जल निकासी कार्य शुरू हो सका, जिससे किसानों और स्थानीय लोगों को राहत मिली है।

### बॉयफ्रेंड बिट्टू की मंगनी होने से तिलमिला गया था सुमित? बोटी-बोटी कर काट डाला

**बेगूसराय,संवाददाता।** बेगूसराय में कोचिंग टीचर बिट्टू कुमार हत्याकांड में पुलिस ने युवक के बेस्ट फ्रेंड सुमित कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गांव वालों ने दोनों के समलैंगिक रिश्ते की बात कही है। दोनों के बीच करीब 3 साल से पारिवारिक और गहरी दोस्ती। पुलिस को सुमित के भाई के घर से बिट्टू के कपड़े, खून के धब्बे और धारदार हथियार मिला है। वहीं अब तक की जांच में भी इस बात की पुष्टि हो गई है कि सुमित ने ही अपने दोस्त की हत्या की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बिट्टू के शव का अंतिम संस्कार सिमरिया गंगा घाट पर 23 अक्टूबर को कर दिया गया। बिट्टू को उसके छोटे भाई ने मुखाग्नि दी। पुलिस ने बताया किबिट्टूके शव की पहचान न हो इस वजह से सुमित ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकरबिट्टूके शव के कई टुकड़े कर इधर-उधर फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि गांव वालों का आरोप है कि सुमित और बिट्टू के बीच समलैंगिक संबंध थे। सुमित का चाल चलन और आवाज भी लड़कियों की तरह है। बिट्टू के घरवाले उसकी शादी की चर्चा कर रहे थे। इस बात का सुमित ने विरोध किया, लेकिन बिट्टू ने सुमित की ये बात नहीं सुनी, इस वजह से उसने उसे मार डाला। हालांकि बिट्टू के घरवालों ने उसकी शादी की बात से इनकार किया है। बिट्टू कुमार शनिवार (19 अक्टूबर) सुबह अपने घर से कोचिंग पढ़ाने के लिए निकला था, लेकिन शाम जब वो घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों को उसकी चिंता होने लगी। ऐसे में जब उसे फोन पर संपर्क किया गया तो उसका फोन बंद बता रहा था। इसके बाद घरवालों ने पुलिस में बिट्टू की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी. पुलिस को सोमवार (21 अक्टूबर) की शाम को चकिया थर्मल हॉल्ट के पास पानी से भरे गड्ढे में बिट्टू का धड़ मिला था। वहीं मंगलवार (22 अक्टूबर) को उसकी बॉडी के टुकड़े मिले। पुलिस ने शव के टुकड़ों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## ईसीएल कुनुस्तोड़िया क्षेत्र के बांसड़ा रेलवे साईडिंग में ईको पार्क का उद्घाटन

**जामुड़िया।** ईसीएल के कुनुस्तोड़िया क्षेत्र के बांसड़ा रेलवे साईडिंग में कंपनी के निदेशक (वित्त व कार्मिक) मो. अंजर आलम के करकमलों से नवनिर्मित ईको पार्क का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर ईसीएल मुख्यालय से महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री पुण्यदीप भट्टाचार्य भी विशिष्ट अतिथि के रूप में माजूद रहे। गौरतलब है कि प्रकृति और पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्थापित करते हुए कुनुस्तोड़िया क्षेत्र हमेशा से सचेष्ट रहा है और इसी का प्रतिफल है कि क्षेत्र के साईडिंग में ईको पार्क का निर्माण हुआ है। उपस्थित अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सुभाष चंद्र मित्रा ने किया और कहा कि यह क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि नवनिर्मित ईको पार्क के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वयं निदेशक (वित्त व कार्मिक) मो. अंजर आलम का आगमन हुआ है और उन्हीं के करकमलों से यह उद्घाटन संपन्न हुआ। वहीं, निदेशक महोदय ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी को प्रेरित और प्रोत्साहित किया और कहा कि कोयला खनन से जुड़े हम सभी का दायित्व पर्यावरण के प्रति दोगुना हो जाता है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि कुनुस्तोड़िया क्षेत्र इस दायित्व की पूर्ति भली-भाँति कर रहा है। मुख्य अतिथि सह अन्य अतिथियों ने इस अवसर पर पौधारोपण भी किया। उपस्थित सभी के प्रति क्षेत्र के अपर महाप्रबंधक श्री अनंत घोष ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




## रानीगंजः हिल बस्ती कुआं मोड़ के श्री श्री महामाया काली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

**रानीगंज।** रानीगंज के हिल बस्ती कुआं मोड़ स्थित श्री श्री महामाया काली मंदिर में 1988 से काली पूजा का आयोजन हो रहा है। पिछले 35 वर्षों से यह परंपरा लगातार चल रही है। इस वर्ष 2023 में मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य शुरू हुआ, जिसके बाद 22 से 24 अक्टूबर तक भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। 22 अक्टूबर को कलश यात्रा के साथ इस शुभ आयोजन की शुरूआत हुई। 23 अक्टूबर को मंदिर में विभिन्न प्रकार के अभिषेक, जिनमें जलाभिषेक और पुष्पाभिषेक शामिल थे, पूरे विधि-विधान से संपन्न किए गए। 24 अक्टूबर को विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें कोलकाता और रानीगंज के पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद वितरण कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।



## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पांडबेश्वर स्टेशन का होगा बड़ा कायाकल्प



**आसनसोल(अनूप जोशी)।** प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप आसनसोल मंडल के पांडबेश्वर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत महत्त्वपूर्ण उन्नयन के लिए तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य यात्री सुविधाओं और समग्र सेवाओं को बढ़ाना है।

पश्चिम बर्धमान जिले के पांडबेश्वर ब्लॉक में स्थित पांडबेश्वर स्टेशन अंडाल-सेंथिया शाखा लाइन पर एक एनएसजी 5 श्रेणी का स्टेशन है। यह एक महत्वपूर्ण कोयला लोडिंग हब के रूप में कार्य करता है, जो 10 किमी के दायरे में कई ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों से घिरा हुआ है। स्टेशन का ऐतिहासिक और रणनीतिक महत्व इसे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिकीकरण के लिए एक आदर्श श्रेणी वाला स्टेशन बनाता है। पांडबेश्वर स्टेशन के पुनर्विकास का उद्देश्य भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के व्यापक दृष्टिकोण के साथ कार्यक्षमता और सौंदर्य में सुधार करना है। प्रमुख संवर्द्धनों में स्टेशन तक पहुंच में सुधार और सकुर्लेटिंग क्षेत्र (8717 वर्ग मीटर) के भीतर ट्रॉफिक सकुर्लेशन एक प्रवेश द्वार पोर्च (6.3 वर्ग मीटर) का निर्माण और दिव्यांगजनों के लिए शौचालय सुविधाओं का प्रावधान (4 वर्ग मीटर) शामिल हैं। स्टेशन के अग्रभाग और ऊंचाई में भी महत्वपूर्ण सौंदर्य उन्नयन किया जाएगा। यात्रियों के आराम और सुविधा को बढ़ाने के लिए एक वातानुकूलित प्रतीक्षालय (231 वर्ग मीटर) और पुरुष और महिला यात्रियों के लिए एक नया इनडोर शौचालय ब्लॉक (62 वर्ग मीटर) बनाया जाएगा।

इस परियोजना में पार्किंग क्षेत्र (1895 वर्ग मीटर) का विस्तार करना और संरक्षा तथा पहुंच सुनिश्चित करने के लिए रैंप के साथ एक फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करना भी शामिल है। प्लेटफॉर्म संवर्द्धन, जैसे कि रीसर्फेसिंग और नए प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण भी योजना का हिस्सा हैं। इसके अलावा, इस योजना के तहत अतिरिक्त सुविधाओं में एक अलग प्रतीक्षालय, टिकट बुकिंग काउंटर, रैंप सुविधाएं और दिव्यांगजन यात्रियों के लिए एक अलग पानी का बूथ शामिल हैं। प्लेटफॉर्म 01 और प्लेटफॉर्म 02 के बीच आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए एक लिफ्ट लगाई जाएगी, जो दिव्यांगजनों, बुजुर्ग यात्रियों और सीमित गतिशीलता वाले लोगों की सेवा करेगी। यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए दो अतिरिक्त प्लेटफॉर्म शेड उपलब्ध कराए जाएँगे। उक्त योजना के तहत पुनर्विकास का कार्य तेजी से हो रहा है, जो यात्रियों के अनुभव और परिचालन दक्षता में सुधार के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उक्त योजना के पूरा होने पर पांडबेश्वर स्टेशन पर आधुनिक सुविधाएं जैसे स्वच्छता, निःशुल्क वाई-फाई, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने वाले कियोस्क, उन्नत यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज आदि शामिल हैं।

## जामुड़िया के सार्थकपुर में शमशान काली मंदिर का भव्य उद्घाटन

**जामुड़िया।** जामुड़िया विधानसभा क्षेत्र के सार्थकपुर इलाके में आज शमशान काली मंदिर का भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर आसनसोल नगर निगम के एमएमआईसी सुब्रत अधिकारी, श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड के डायरेक्टर सुमित चक्रवर्ती समेत क्षेत्र के कई विशिष्ट लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह कलश यात्रा से हुई, जिसके बाद विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर का उद्घाटन फीता काटकर किया गया, जिसमें स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सार्थकपुर के लोगों ने बताया कि यह शमशान 500 साल पुराना है, जहां पहले एक छोटा सा मंदिर हुआ करता था। बारिश के मौसम में यहां आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन इस नए मंदिर के बनने से उन्हें काफी सुविधा होगी। इस मंदिर के निर्माण में स्थानीय लोगों के साथ-साथ श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड जैसी कंपनियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। सुमित चक्रवर्ती ने कहा कि कंपनी हमेशा से इस क्षेत्र को अपना परिवार मानती है, और उन्हें इस मंदिर के उद्घाटन का हिस्सा बनने पर गर्व है।

उन्होंने विजयादशमी और काली पूजा की बधाई देते हुए कहा कि उनकी कंपनी इस क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है। उद्घाटन समारोह में एमएमआईसी सुब्रत अधिकारी, वार्ड संख्या 7 की पार्षद सुष्मिता बाउरी,जामुड़िया विधायक हरेराम सिंह,पश्चिम बर्धमान जिला युवा तृणमूल कांग्रेस के महासचिव प्रेमपाल सिंह और कई समाजसेवी उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक 16 आना दुर्गा प्रतिमा का भव्य विसर्जन, शोभायात्रा में उमड़ी भारी भीड़

**रानीगंज(अनूप जोशी)।** शिल्पांचल के रानीगंज में दुर्गा पूजा के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन विशेष धूमधाम से किया जाता है, लेकिन 16आना दुर्गा पूजा की अपनी एक खास पहचान है। हर साल की तरह इस साल भी 16आना दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन एक भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया। यह पूजा रानीगंज की ऐतिहासिक और पारंपरिक सार्वजनिक पूजाओं में से एक मानी जाती है, जहाँ मां दुर्गा की प्रतिमा 16 दिनों तक पूजा के बाद विसर्जित की जाती है। इस वर्ष भी विसर्जन शोभायात्रा ने रानीगंज की सड़कों पर जनसैलाब खींचा। भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था, जब पारंपरिक बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों की धुन और नृत्य के साथ मां दुर्गा की बारात निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा को विदाई दी।



शोभायात्रा की शुरूआत सुबह की आरती और पूजा के बाद हुई, जिसमें भक्तों ने माँ दुर्गा की आराधना करते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी। विभिन्न सांस्कृतिक झांकियों और नृत्य समूहों के बीच इस साल की यात्रा में विशेष आकर्षण लेडीज लाइटिंग क्लब बैंड, लेडीज डांडिया डांस, आदिवासी नृत्य, शिव-नृत्य, और बाउल संगीतकारों की झांकियां रहीं। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन ने पूरे मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी, जबकि नगर निगम ने साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा। शोभायात्रा के दौरान रंग-बिरंगी रोशनी और विशेष प्रभावों के साथ शिव और पार्वती, राम-सीता, बजरंग बली, और आदिवासी नृत्य के पात्रों ने माहौल को और जीवंत कर दिया।

कमेटी के अध्यक्ष तोपन चक्रवर्ती ने कहा कि यह पूजा 128 वर्षों से चली आ रही है और हर साल की तरह इस साल भी यह आयोजन अद्वितीय रहा। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी पूजा के बाद, पारंपरिक प्रथा के अनुसार मां दुर्गा का विसर्जन बुधवार रात किया गया, जिसे देखने के लिए सड़कों के किनारे भारी संख्या में लोग मौजूद थे। मां के विसर्जन के दौरान भव्य बारात पूरे शहर में परिक्रमा करते हुए आधी रात तक चलती रही, और इस ऐतिहासिक यात्रा को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आए थे। इस बारात में महिलाओं ने धूप लेकर नृत्य किया और श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की विदाई के अंतिम क्षणों को भावपूर्ण ढंग से देखा। शोभायात्रा का अंत रात करीब 2 बजे विसर्जन स्थल पर हुआ, जहाँ माँ दुर्गा की प्रतिमा को विधिपूर्वक विदा किया गया। पुलिस और प्रशासन की निगरानी में इस विशाल आयोजन को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। आयोजकों और क्लब सदस्यों ने इस बार भी पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस मौके पर रानीगंज बोरो चेयरमैन मुज्जमिल साहजादा ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

# सीतारमण ने विश्व बैंक अध्यक्ष से मुलाकात में एमडीबी सुधारों पर की चर्चा

**वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने यहां वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं में निजी पूंजी की भागीदारी से संबंधित मुद्दों, ऊर्जा सुरक्षा और बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबीएस) में सुधार पर चर्चा की।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यहां विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों से इतर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात की और अन्य मुद्दों के अलावा एमडीबीएस में सुधार पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने कहा कि वह विश्व बैंक द्वारा भारत की जी-20 अध्यक्षता से एमडीबी सुधारों पर आईईजी की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने भविष्य में सिफारिशों के कार्यान्वयन पर नियमित निगरानी का भी अनुरोध किया।

सीतारमण ने बैठक के दौरान ब्रेटन वुड्स संस्थानों के 80 साल पूरा होने पर चर्चा के लिए विश्व बैंक तथा आईएमएफ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सलाहकार तंत्र पर व्यापक परामर्श प्रक्रिया की जरूरतों को रेखांकित किया। ब्रेटन वुड्स संस्थान, आईएमएफ और विश्व बैंक का एक समूह है। इस संस्था की स्थीपना 1944 में अमेरिका के न्यू हैम्पशायर के ब्रेटन वुड्स में एक सम्मेलन में की गई थी।

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बैठक के दौरान आईईजी सिफारिशों पर पर्याप्त प्रगति का उल्लेख किया, जिन्हें जी20 में प्रस्तुत किया जाना है। उन्होंने डब्ल्यूबीजी के रोजगार, ज्ञान ढांचे, बैंक योग्य परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने कौशल, जल और स्वच्छता तथा शहरी विकास सहित भारत की बजट प्राथमिकताओं के साथ सहयोग करने पर जोर दिया।

भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान 2023 में गठित स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) ने एमडीबी में सुधारों के 'ट्रिपल एजेंडे' की सिफारिश की थी। इस एजेंडे के तीन तत्व अत्यधिक गरीबी को खत्म करना, साझा समृद्धि को बढ़ावा देना और 2030 तक वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं के लिए सतत ऋण स्तर को तीन गुना बढ़ाने में योगदान देना तथा तीसरा वित्तपोषण तंत्र बनाना शामिल है। इसके अलावा एमडीबी एजेंडे के तत्वों का समर्थन करने के इच्छुक निवेशकों के साथ उद्देश्यपूर्ण ढंग से जुड़ने के लिए लचीली और नवीन व्यवस्था बनाना है।

## भारत अफ्रीकी व अन्य विकासशील देशों के साथ बुनियादी ढांचे पर साझेदारी को तैयार : सीतारमण



**वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त एवं कॉपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरूवार को यहां कहा कि भारत अफ्रीका और अन्य विकासशील देशों के साथ उनके बुनियादी ढांचे के लचीलेपन को मजबूत करने के लिए साझेदारी करने के वास्ते तैयार है। श्रीमती सीतारमण ने यहां विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठक 2024 के अवसर पर आपदा रोधी अवसंरचना पर गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। गोलमेज सम्मेलन में जाम्बिया के वित्त मंत्री सितुम्बेको मुसोकोटवाने, भूटान के वित्त मंत्री ल्योंडो लेके दोरजी, मेडागास्कर के परिवहन एवं मौसम विज्ञान मंत्री वालेरी रामोनजावेलो, अंगोला के योजना मंत्री विक्टर ह्यूगो गिलहर्मे, कोमोरोस के वित्त मंत्री, कांगो की संसाधन मंत्री सादा मकुया सालुम, जांजीबार की वित्त मंत्री आदि ने भाग लिया। इसमें इथोपिया की वित्त मंत्री, इक्वेटोरियल गिनी की वित्त, योजना और आर्थिक विकास मंत्री, यूएसएड पॉलिसी के प्रतिनिधि, अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के जलवायु परिवर्तन के प्रतिनिधि और फ्रांसीसी जलवायु दूत आदि भी मौजूद थे। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज की प्राकृतिक आपदाओं के खिलाफ लचीलापन और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल हमारे बुनियादी ढांचे प्रणालियों को बदलने के लिए आपदा लचीला बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन सीडीआरआई बनाया। उन्होंने बुनियादी ढांचे और इसके द्वारा समर्थित महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए जलवायु-प्रेरित जोखिमों को बढ़ाकर विकास लाभों को कम करने के खतरे पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने न केवल मजबूत बुनियादी ढांचे में निवेश करके, बल्कि राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन एजेंसियों के निर्माण के माध्यम से संस्थागत क्षमता का निर्माण करके लचीला आर्थिक विकास सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि 2020 में चक्रवात अम्फान के दौरान, भारत ने समन्वित तरीके से 24 लाख से अधिक लोगों को निकाला, जिससे जानमाल का नुकसान कम हुआ। इसके सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में भारत की प्रतिबद्धता को आश्वस्त करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि साझा चुनौतियों के प्रति वैश्विक दक्षिण को सहायता प्रदान की गयी है और भारत की जी 20 अध्यक्षता के तहत आपदा और जलवायु-लचीले बुनियादी ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता बढ़ाने तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए मजबूत राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे को प्राथमिकता देने के लिए एक आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह बनाया गया था।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल मार्केट से आज लगातार तीसरे दिन कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज कमजोरी के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर गिरावट का रुख बना हुआ है।



अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान निराशा का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स 400 अंक की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.92 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,797.42 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 296.47 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 18,276.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 42,440.71 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,258.64 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.50 प्रतिशत टूट कर 7,497.48 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,377.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में भी आज बिकवाली का दबाव बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि सिर्फ 1 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बना हुआ है। एशियाई बाजारों में इकलौता स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स फिलहाल 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,620.33 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.32 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,417.50 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 0.10 प्रतिशत फिसल कर 38,065.88 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल ये सूचकांक 205.11 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 20,555.04 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.29 प्रतिशत टूट कर 23,266.55 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,593.91 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,467.40 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.31 प्रतिशत फिसल कर 7,763.57 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.51 प्रतिशत टूट कर 3,286.17 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना बनाएंगे एनवीडिया और रिलायंस

**मुंबई, एजेंसी।** कृत्रिम मेधा (एआई) चिप की प्रमुख वैश्विक कंपनी एनवीडिया कॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन्सेन हुआंग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी कंपनी ने भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना और एक नवाचार केंद्र बनाने के लिए मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ एक समझौता किया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का नया प्रमुख डेटा सेंटर नवीनतम एनवीडिया ब्लैकवेल एआई चिप का उपयोग करेगा।

एनवीडिया की भारत में छह स्थानों पर पहले से ही मौजूदगी है। अमेरिकी कंपनी अपने त्वरित कम्प्यूटिंग स्टैक द्वारा संचालित एआई अवसंरचना बनाने के लिए उद्यमों, क्लाउड प्रदाताओं और स्टार्टअप इकाइयों के साथ काम करती है, जिसमें इसके हजारों उन्नत जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट), उच्च प्रदर्शन नेटवर्किंग और एआई सॉफ्टवेयर मंच और उपकरण शामिल हैं।

यहां एनवीडिया एआई शिखर सम्मेलन-2024 में अंबानी और हुआंग ने एआई में भारत की बदलावकारी क्षमता और इस क्षेत्र में वैश्विक अगुवा के रूप में इसकी उभरती भूमिका पर चर्चा की। रिलायंस और एनवीडिया के बीच साझेदारी का उद्देश्य देश में एक मजबूत एआई बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। अंबानी का मानना है कि इससे न केवल स्थानीय क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि भारत वैश्विक आसूचना बाजार में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित होगा। अंबानी ने कहा, 'भारत एनवीडिया के सर्वश्रेष्ठ उत्पाद के साथ शुरूआत करेगा।' हुआंग ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस साझेदारी में ऐसे एप्लिकेशन भी बनाए जाएंगे जिन्हें रिलायंस भारत में उपभोक्ताओं को प्रदान कर सकती है। 'इस गठजोड़ के तहत हम एक नवाचार केंद्र भी खोलेंगे।'

उन्होंने बनाए जाने वाले बुनियादी ढांचे के आकार का कोई अनुमान नहीं लगाया।

## श्नाइडर इलेक्ट्रिक नोएडा हवाई अड्डे के लिए ऊर्जा प्रबंधन समाधान उपलब्ध कराएगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने भवन एवं ऊर्जा प्रबंधन समाधान उपलब्ध कराने के लिए नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ साझेदारी की है। श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने कहा कि इस साझेदारी के तहत वह इलेक्ट्रिकल एससीएडीए और उन्नत वितरण प्रबंधन प्रणाली सहित भवन प्रबंधन समाधान उपलब्ध कराएगी, जो आगामी हवाई अड्डा परियोजना की परिचालन दक्षता व स्थिरता में सहायता करेगी।




श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तथा ग्रेटर इंडिया के क्षेत्र अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा, 'हमारे समाधान निर्बाध बिजली आपूर्ति की गारंटी देंगे और बैगेज हैंडलिंग जैसी महत्वपूर्ण प्रणालियों को 'कवर' करते हुए व्यापक हवाई अड्डा प्रबंधन की सुविधा प्रदान करेंगे। समाधान वास्तविक समय में ऊर्जा खपत की निगरानी करेंगे और ऊर्जा दक्षता बढ़ाने तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने के अवसरों को चिन्हित करेंगे।'

# मजबूत लिस्टिंग से फ्रेशर एग्रो के निवेशक हुए गदगद, 16 प्रतिशत प्रीमयम के साथ हुई शुरूआत

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजार में आज सिर्फ एक कंपनी ने ही लिस्टिंग के जरिये अपनी जगह बनाई। कृषि उत्पादों का निर्यात करने वाली कंपनी फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स ने आज घरेलू शेयर बाजार में एंट्री की। कंपनी के शेयर आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 16.38 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए। हालांकि लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स के शेयरों में गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इस शेयर ने रिकवर भी कर लिया।

आईपीओ के तहत फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स के शेयर 116 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 135 रुपये के स्तर पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण ये शेयर लुढ़क कर 128.25 रुपये के स्तर पर आ गया लेकिन इस गिरावट के बाद एक बार फिर निवेशकों ने खरीदारी का जोर बना दिया, जिससे इस शेयर की रफ्तार में तेजी आने लगी। दोपहर 12 बजे फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स का शेयर 18.95 रुपये यानी 16.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 134.95 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स का 75.39 करोड रुपये का आईपीओ 17 से 21 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। निवेशकों ने इस आईपीओ को हाथों-हाथ लिया, जिससे ये ओवरऑल 236.80 गुना सब्सक्राइब हो गया। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 129.22 गुना सब्सक्रिप्शन आया, जबकि नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर के लिए रिजर्व पोर्शन 510.61 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 180.80 गुना सब्सक्रिप्शन आया था।

इस आईपीओ के जरिए 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 64,99,200 नए शेयरों को जारी किया गया है। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, कंपनी के कैपिटल एक्सपेंडिचर की जरूरतों में और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में किया जाएगा।

# दिवाली के पहले सराफा बाजार की तेजी से छोटे कस्टमर्स में निराशा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** धनतेरस और दिवाली के मौके पर परंपरागत रूप से सोने और चांदी की खरीदारी करने वाले रिटेल कस्टमर्स को घरेलू सराफा बाजार में आई जोरदार तेजी ने मायूस कर दिया है। सोना और चांदी की कीमत में जिस गति से बढ़ोतरी हो रही है, उससे धीरे-धीरे ये चमकीली धातुएं छोटे ग्राहकों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। माना जा रहा है कि अगले 1 सप्ताह में यानी धनतेरस और दिवाली तक सोना 83 हजार से 84 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच सकता है। इसी तरह चांदी की कीमत भी 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच सकती है।



देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में सोना आज 80 हजार रुपये के स्तर को पार करके रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह चांदी की कीमत भी आज 1,04,000 रुपये के स्तर के पार पहुंची हुई है। सराफा बाजार में आई इस तेजी के लिए मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में हुई जोरदार बढ़ोतरी और घरेलू बाजार में फेस्टिवल सीजन और उसके बाद शुरू होने वाले वेडिंग सीजन की मांग को माना जा रहा है।

बुलियन मार्केट एक्सपोर्ट संतोष झावेरी का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। कॉमेक्स पर सोना 2,764 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर को पार कर गया है। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों की वजह से सोने के भाव में और तेजी आने की संभावना है। माना जा रहा है कि इस महीने के अंत तक सोने की कीमत 2,800 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर तक पहुंच सकती है। इसी तरह चांदी भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में फिलहाल 12 साल के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा हुआ है। 23 अक्टूबर को कॉमेक्स पर चांदी की कीमत 35.04 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर पर पहुंची हुई थी। अगले एक सप्ताह में चांदी की कीमत में भी 2 से 3 डॉलर प्रति ऑन्स तक तेजी आने की बात कही जा रही है।

झावेरी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में आने वाली तेजी का सीधा असर घरेलू सराफा बाजार में भी सोने और चांदी की कीमत पर पड़ेगा, क्योंकि घरेलू सराफा बाजार में कुल मांग का 80 प्रतिशत से अधिक अंतरराष्ट्रीय बाजार से आयात किया जाता है। इसलिए अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी की कीमत में बढ़ोतरी होती है तो भारतीय सराफा बाजारों में भी इसकी कीमत में और तेजी आएगी। खासकर, धनतेरस और दिवाली के लिए होने वाली खरीद को देखते हुए इसकी कीमत में अधिक तेजी आने की उम्मीद है। इसी तरह बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि अगले एक सप्ताह के दौरान गोल्ड कॉइन और बार तथा सिल्वर कॉइन और बार की मांग में तेजी आएगी। धनतेरस और दिवाली के लिए परंपरागत रूप से होने वाली खरीदारी में आमतौर पर कॉइन और बार की ही खरीदारी की जाती है।

## सराफा बाजार में 80 हजारी हुआ सोना, चांदी में भी तेजी जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू सराफा बाजार में सोना एक और माइलस्टोन कर आज 80 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया। सोने की कीमत आज 420 रुपये से 450 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी की कीमत भी आज 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम उछल गई है। सोने की कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 80,230 रुपये से लेकर 80,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 73,560 रुपये से लेकर 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में उछाल आने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,130 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,080 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## एक नजर

### सीतारमण ने वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ में कार्यरत भारतीयों से की मुलाकात



**वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां विश्व बैंक ओर अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में कार्यरत बैंक-फंड स्टाफ इंडिया क्लब के सदस्यों और परिवार के साथ बातचीत की। बैंक-फंड स्टाफ इंडिया क्लब विश्व बैंक समूह के सबसे पुराने क्लबों में से एक है, जिसमें समूह के सभी भारतीय और भारतीय मूल के कर्मचारी शामिल हैं। यह बातचीत इंडिया क्लब, विश्व बैंक और आईएमएफ के दक्षिण एशिया उपाध्यक्ष और कार्यकारी निदेशकों द्वारा संयुक्त रूप से वार्षिक बैठकों के दौरान आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 400 लोग शामिल हुए। इस बातचीत का मुख्य आकर्षण कार्यक्रम के दौरान भारतीय शास्त्रीय नृत्य कालिया मर्दन में प्रशिक्षित विश्व बैंक कर्मचारियों के बच्चों द्वारा किया गया प्रदर्शन था।

### एसीसी को दूसरी तिमाही में 200 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीमेंट उत्पादक कंपनी एसीसी लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 199.7 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया है। एसीसी लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय नतीजे की सूचना दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 387.88 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आलोच्य तिमाही में एसीसी का परिचालन राजस्व 4,613.52 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4,434.73 करोड़ रुपये था। यह उसका पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक राजस्व है। पिछली तिमाही में कंपनी का कुल व्यय 4,452.73 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4,127.11 करोड़ रुपये था। हालांकि, कंपनी ने कहा कि सितंबर तिमाही और पहली छमाही के परिणामों की पिछले वर्ष की समान अवधि के साथ तुलना नहीं की जा सकती है। दरअसल इनमें एशियन कंक्रीट्स एंड सीमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (एसीसीपीएल) के एकीकृत वित्तीय परिणाम भी शामिल हैं जिसका नियंत्रण एसीसी लिमिटेड ने आठ जनवरी, 2024 को अपने हाथ में ले लिया था।

### जोमैटो, स्विगी ने त्योहारों के मद्देनजर कुछ शहरों में बढ़ाया मंच शुल्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करने वाले ऑनलाइन मंच जोमैटो और स्विगी ने कुछ शहरों में मंच शुल्क बढ़ाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। दोनों प्रतिद्वंद्वी अब राष्ट्रीय राजधानी में मंच शुल्क के तौर पर 10 रुपये वसूल रही हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में उस खबर पर स्पष्टीकरण दिया, जिसमें कहा गया था कि त्योहारों के मद्देनजर मंच ने शुल्क को 10 रुपये तक बढ़ा दिया है। जोमैटो ने कहा, 'हमने वास्तव में कल (बुधवार) कुछ शहरों में मंच शुल्क बढ़ाया है।' कंपनी अब राष्ट्रीय राजधानी में 'त्योहारी सीजन मंच शुल्क' के तौर पर 10 रुपये वसूल रही है। जोमैटो ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि किन शहरों में मंच शुल्क में कितनी वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा, 'मंच शुल्क में इस तरह के बदलाव एक नियमित व्यावसायिक प्रक्रिया है और ऐसा समय-समय पर किया जाता है। यह (शुल्क) हर शहर में अलग हो सकते हैं।' इसी तरह, स्विगी ने भी अपने मंच शुल्क में वृद्धि की है, लेकिन कंपनी से इस संबंध में किए सवालों का खबर लिखने तक कोई जवाब नहीं दिया।

### कटारिया इंडस्ट्रीज ने रतलाम वायर्स के तार विनिर्माण कारोबार का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टील वायर बनाने वाली कंपनी कटारिया इंडस्ट्रीज ने रतलाम वायर्स के तार विनिर्माण कारोबार का करीब 31 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा, इस अधिग्रहण से स्टील वायर क्षेत्र में उसकी स्थिति मजबूत होगी। रतलाम वायर्स स्टील वायर उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला बनाती है, जिसमें स्प्रिंग स्टील वायर, पीसी स्ट्रैंड वायर, गैल्वनाइज्ड तथा अनगैल्वनाइज्ड वायर शामिल हैं। इसमें कहा गया, कटारिया इंडस्ट्रीज ने रतलाम वायर्स के वायर विनिर्माण प्रभाग का 30.6 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया है। कटारिया इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक अरुण कटारिया ने कहा, 'इस अधिग्रहण से दोनों व्यवसायों के संयुक्त रूप से काम करने से हमारे 'टर्नओवर' तथा मुनाफे में वृद्धि होने की उम्मीद है। यह कदम हमारी दीर्घकालिक विकास रणनीति के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। साथ ही हमें उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला की बेहतर सेवा करने में सक्षम करेगा।'

### अशोक लेलैंड को चेन्नई एमटीसी से 500 इलेक्ट्रिक बसों का ठेका मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्यिक वाहन विनिमार्ता कंपनी अशोक लेलैंड की इकाई ओएचएम ग्लोबल मोबिलिटी को चेन्नई स्थित मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन से 12 मीटर लंबी 500 अल्ट्रा-लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों का ठेका मिला है। कंपनी बयान के अनुसार, मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एमटीसी) से मिले ठेके के अनुसार अशोक लेलैंड की एक अन्य अनुषंगी कंपनी स्विच मोबिलिटी, ओएचएम को स्विच ईआईवी12 मॉडल बसों की आपूर्ति करेगी। इनमें से 400 बसें गैर-वातानुकूलित होंगी, जबकि 100 बसें वातानुकूलित होंगी। ओएचएम अशोक लेलैंड की इलेक्ट्रिक परिवहन शाखा है, जो 'मोबिलिटी-एज-ए-सर्विस' व्यवसाय पर केंद्रित है। अशोक लेलैंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शेनू अग्रवाल ने कहा, 'हम इलेक्ट्रिक परिवहन की ओर बढ़ने को प्रतिबद्ध हैं। एमटीसी के साथ यह साझेदारी स्वच्छ एवं अधिक कुशल परिवहन प्रणाली बनाने की दिशा में एक कदम है।'

### अदाणी विल्मर को सितंबर तिमाही में 311 करोड़ रुपये का मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी विल्मर लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 311.02 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से आमदनी बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। बीते वित्त वर्ष 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी को 130.73 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। अडाणी समूह और सिंगापुर की विल्मर की संयुक्त उद्यम कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आय सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में बढ़कर 14,565.30 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 12,331.20 करोड़ रुपये थी।



# क्या आपमें है ब्रह्माण्ड के रहस्य सुलझाने का जज्बा

**क्या अनंत आकाश आपको अपनी ओर आकर्षित करता है? क्या आपमें ब्रह्माण्ड के रहस्य सुलझाने का जज्बा है? क्या धैर्य और बुद्धि आपके प्लस पॉइंट हैं? यदि हां, तो अंतरिक्ष विज्ञान आपको पुकार रहा है। भारत ने इस क्षेत्र में जो उपलब्धियां दर्ज की हैं, उन्हें देखते हुए देश ही नहीं, विदेशों में भी भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की खासी मांग है।**

उपग्रह प्रक्षेपण (सैटेलाइट लॉन्चिंग) का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए खुलने से अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में रोजगार के बेहतरीन अवसर निर्मित हो गए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) न केवल भारत के उपग्रह अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर रहा है, बल्कि वह विकसित देशों के उपग्रह भी नियमित रूप से अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 1999 से लेकर अब तक इसरो ने अलग-अलग देशों के 45 उपग्रह सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किए हैं। इसी प्रकार 27 अगस्त 2015 को इसरो के वैज्ञानिकों ने स्वदेश निर्मित जीएसएलवी-डी6 रॉकेट से अपने नवीनतम संचार उपग्रह जीसैट-6 को उसकी कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। यह प्रक्षेपण जिस जीएसएलवी-डी6 रॉकेट से किया गया, उसमें स्वदेश निर्मित क्रायोजेनिक इंजन का इस्तेमाल किया गया है। पहले ही प्रयास में यान को मंगल की कक्षा में स्थापित करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। यह करिश्मा भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों द्वारा ही किया गया है। इस प्रकार की गौरवशाली उपलब्धियों के चलते भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की भारत ही नहीं, विश्व के विकसित देशों में भी भारी मांग है।

## अंतरिक्ष विज्ञान का संसार

अंतरिक्ष विज्ञान (एस्ट्रोनॉमी) विज्ञान की वह शाखा है, जिसके अंतर्गत पृथ्वी से परे करोड़ों ग्रहों, उपग्रहों, तारों, धूमकेतुओं, आकाशगंगाओं एवं अन्य अंतरिक्षीय पिंडों का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत उन नियमों एवं प्रभावों का भी अध्ययन किया जाता है, जो इन्हें संचालित करते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में करियर उन हजारों रहस्यों से पर्दा उठाने का अवसर भी होता है, जो अभी तक अनसुलझे हैं। यह न केवल वैज्ञानिक स्वभाव की परीक्षा होती है, बल्कि आपकी जिज्ञासाएं भी स्तर-दर-स्तर शांत होती जाती हैं। इसे अपना करियर चुनने वाले जहां देश के 'बेस्ट ब्रेन' कैटेगरी में शुमार किए जाते हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बुद्धिजीवी के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान बनती है।

## कौन-सा कोर्स?

अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 11वीं कक्षा में गणित विषय समूह लेना होगा। 12वीं गणित समूह से उत्तीर्ण करने के उपरांत आपको बीएससी की डिग्री लेनी होगी, जहां आपके विषयों में फिजिक्स एवं गणित भी होना जरूरी है। साइंस से स्नातक होने के बाद आप एस्ट्रोनॉमी थ्योरी या एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेशन कोर्स चुन सकते हैं। वहीं मास्टर्स डिग्री के बाद विशिष्ट कोर्सेज में प्रवेश लिया जा सकता है।

यदि आप बारहवीं के बाद इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन में बीई करते हैं, तो आप इंस्ट्रूमेंट एस्ट्रोनॉमी या एक्सपेरिमेंटल एस्ट्रोनॉमी के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ने पर आगे एस्ट्रोनॉमी में पीएचडी भी कर सकते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश में केवल मास्टर स्तर व पीएचडी प्रोग्राम ही विश्वविद्यालयों में सामान्यत: उपलब्ध हैं। हां, एक वर्षीय ज्वॉइंट एस्ट्रोनॉमी प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू चलाती है। यह प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, रमण रिसर्च इंस्टीट्यूट और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के साथ मिलकर चलाया जाता है। कोर्स की समाप्ति के बाद आपको इन्हीं इंस्टीट्यूट्स में से एक में पीएचडी की भी ऑफर दी जाती है। टीआईएफआर, मुंबई और इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे, ये दोनों ऐसे संस्थान हैं, जहां आप प्रमुख संस्थान न रमण रिसर्च इंस्टीट्यूट, बेंगलुरू न इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, बेंगलुरू न मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी, मदुरै न पंजाब यूनिवर्सिटी, पटियाला न फिजिक्स रिसर्च लैब, अहमदाबाद न महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी, कोट्टयम न डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद न स्वामी रामानंद तीर्थ यूनिवर्सिटी, नांदेड़ न उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद न शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर न लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ न चेन्नई विश्वविद्यालय, चेन्नई न नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे न इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे। कॉस्मोलॉजी में रिसर्चर के रूप में करियर बना सकते हैं। शुरूआत में आपको 2 वर्षीय जूनियर रिसर्च फैलोशिप और बाद में सीनियर रिसर्च फैलोशिप के लिए चुना जाता है।

## ये गुण जरूरी

आकाश में तारों के पैटर्न, उनकी हलचल आदि का अध्ययन करना एक लंबा, बहुत समय लेने वाला एवं पेचीदा काम है। इसलिए धैर्य इस पेशे का पहला व सबसे जरूरी गुण भी है। अगली बेहद जरूरी विशेषता आपका जिज्ञासु होना है। इस फील्ड में पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से रहस्यमयी प्रश्नों के उत्तर तलाशने होते हैं। आपमें चीजों के प्रति साइंटिफिक एप्रोच के अलावा प्रोग्रामिंग स्किल भी बेहतरीन होनी जरूरी है।

## पढ़ाई के बाद क्या?

तरिक्ष विज्ञान में कोर्स करने के उपरांत आप चाहें तो किसी भी रिसर्च इंस्टीट्यूट में बतौर रिसर्च साइंटिस्ट काम कर सकते हैं। आपको भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी रोजगार मिल सकता है। कुछ-एक नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशंस में स्वयं खगोलीय उपकरण बनाने का मौका मिलता है, साथ ही साथ एस्ट्रोनॉमी प्रोजेक्ट में भी काम करने का अवसर मिलता है। अगर आप घूमने के शौकीन हैं, तो आपको देश-विदेश घूमने के बहुत सारे मौके मिलेंगे, क्योंकि सेमिनार व कांफ्रेंस आयोजनों में आए दिन विभिन्न स्थानों पर जाना जो होता है। रिसर्च वर्क समाप्ति के बाद रोजगार के अवसर कहीं अधिक बढ़ जाते हैं। बहुत-से सरकारी संस्थानों में एस्ट्रोनॉमर की नियुक्ति की जाती है। यहां आपको विभिन्न साइंटिस्ट ग्रेड के पद पर रखा जाता है, जहां आकर्षक वेतन के अलावा आपको अन्य लाभ भी मिलते हैं।





# कार्डियोलॉजिस्ट बनकर रखें लोगों के दिलों का ख्याल

**एक बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञ बनने के लिए छात्रों के पास ना सिर्फ चिकित्सा और विज्ञान में संबंधित ज्ञान होना चाहिए, बल्कि रोगियों की सेवा करने, दूसरों के प्रति दया करने, आत्म-प्रेरित होने और चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लंबे समय तक जीवित रहने में सक्षम होना चाहिए। हृदय हमारे शरीर का एक बेहद महत्वपूर्ण आंतरिक अंग है और एक हेल्दी लाइफस्टाइल जीने के लिए जरूरी है कि आप इसका पूरी तरह ख्याल रखें।**

आमतौर पर लोग अपने दिल का ख्याल रखने के लिए खानपान से लेकर अन्य कई उपाय अपनाते हैं, लेकिन फिर भी कई बार लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में व्यक्ति को कार्डियोलॉजिस्ट को कंसल्ट करने की जरूरत पड़ती है। कार्डियोलॉजी चिकित्सा का एक प्रभाग है जो हृदय विकारों से संबंधित निदान और उपचार से संबंधित है। दिल के विकारों से निपटने वाले चिकित्सा चिकित्सकों को आमतौर पर कार्डियोलॉजिस्ट या हृदय रोग विशेषज्ञ कहा जाता है। चिकित्सा विज्ञान की इस शाखा का बेहद महत्व है और अगर आप चाहें तो इस दिशा में अपना कदम बढ़ा सकते हैं-

## क्या होता है काम

एक हृदय रोग विशेषज्ञ हृदय, धमनियों और नसों का डॉक्टर है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, हृदय रोग विशेषज्ञ हृदय की विफलता, जन्मजात हृदय दोष और कोरोनरी धमनी रोग का निदान और उपचार प्रदान करते हैं। इसमें धमनियों के संकीर्ण होने, हृदय के वाल्व में समस्याएं, मांसपेशियों के ऊतकों को नुकसान और पेरिकार्डियम के विकार के कारण प्रतिबंधित परिसंचरण के कारण होने वाली समस्याएं शामिल हैं।

## स्किल्स

एजुकेशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि एक बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञ बनने के लिए छात्रों के पास ना सिर्फ चिकित्सा और विज्ञान में संबंधित ज्ञान होना चाहिए, बल्कि रोगियों की सेवा करने, दूसरों के प्रति दया करने, आत्म-प्रेरित होने और चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लंबे समय तक जीवित रहने में सक्षम होना चाहिए।

कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए अनुशासन, धैर्य, उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास का होना भी उतना ही आवश्यक है। उनके पास जीवन की खतरनाक स्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। कैरियर कोच कहते हैं कि हृदय रोग विशेषज्ञ को भी आहार और व्यायाम विशेषज्ञ भी होना चाहिए।

## योग्यता

एक कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए एमबीबीएस की डिग्री के अलावा कई सालों की प्रैक्टिस, लाइसेंस व बोर्ड सर्टिफिकेशन होना चाहिए। कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए एमडी/एमएस या डीएनबी की डिग्री लेने के बाद इस क्षेत्र में स्पेशलाइजेशन के लिए डीएम इन कार्डियोलॉजी की डिग्री लेनी होगी। इस डिग्री की अवधि लगभग तीन साल की होती है।

## अवसर


कॅरियर काउंसलर के अनुसार, एक प्रोफेशनल कार्डियोलॉजिस्ट के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है। आप सरकारी या प्राइवेट हास्पिटल में बतौर डॉक्टर काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप कार्डियक रिहैबिलेशन सेंटर या क्लीनिक टेस्टिंग सेंटर्स में भी काम कर सकते हैं। वहीं आप खुद की प्रैक्टिस भी शुरू कर सकते हैं और खुद का क्लीनिक खोल सकते हैं। जो कार्डियोलॉजिस्ट पढ़ाना पसंद करते हैं, वे मेडिकल कॉलेजों में बतौर लेक्चरर भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

## आमदनी

एक कार्डियोलॉजिस्ट की आमदनी उसके अनुभव व भौगोलिक स्थान पर मुख्य रूप से निर्धारित होती है। जो कार्डियोलॉजिस्ट शहर में काम करते हैं, उन्हें अपेक्षाकृत अधिक सैलरी मिलती है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आमदनी का स्तर कम हो सकता है। हालांकि अगर आप किसी सरकारी अस्पताल में बतौर फ्रेशर काम शुरू करते हैं, तब भी शुरूआती दौर में आप 25000 रूपए आसानी से कमा सकते हैं। जबकि निजी अस्पतालों में वेतन अधिक हो सकता है। वहीं कुछ वर्षों के अनुभव के बाद आपकी आमदनी लाखों में हो सकती है।

### प्रमुख संस्थान

- गोविंद वल्लभ पंत इंस्टीट्यूटी ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, नई दिल्ली
- रविन्द्रनाथ टैगोर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियक साइंस, कोलकाता
- मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली
- ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, नई दिल्ली
- आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज, पुणे
- संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, लखनऊ




# फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में कैसे बनाएं कॅरियर

**फॉरेंसिक साइंस की फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जाँच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं।**

फॉरेंसिक साइंस का इस्तेमाल आपराधिक मामलों की जांच और कानूनी प्रक्रियाओं के लिए किया जाता है। फॉरेंसिक साइंस में केमिस्ट्री, बायोलॉजी, फिजिक्स, जियोलोजी, साइकोलॉजी, सोशल साइंस, इंजीनियरिंग आदि फील्ड्स शामिल होती हैं। इस फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जाँच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं।

## कोर्स

फॉरेंसिक साइंस में करियर बनाने के लिए 12वीं में साइंस होनी जरूरी है। आप फोरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी या फॉरेंसिक साइंस एंड लॉ में एक वर्षीय डिप्लोमा कर सकते हैं। आप फॉरेंसिक साइंस 3 साल की बीएससी, 2 साल की एमएससी भी कर सकते हैं। इस फील्ड में स्पेशलाइजेशन और रिसर्च करने के इच्छुक हों तो फॉरेंसिक साइंस में पीएचडी और एमफिल भी कर सकते हैं।

## जरूरी स्किल्स

एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को जिज्ञासु होना चाहिए और साहसिक कार्यों में दिलचस्पी होनी चाहिए। इस फील्ड में हर कदम पर चुनौती है इसलिए आपको दिमागी तौर पर मजबूत होना जरूर है। इसके साथ ही आपके अंदर मजबूत कम्युनिकेशन स्किल्स होना भी बेहद जरूरी है। एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को कई तरह की टेस्ट रिपोर्ट लिखनी होती हैं इसलिए आपकी राइटिंग स्किल्स भी अच्छी होनी चाहिए। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को सबूतों की जाँच करनी होती है इसलिए आपको एकाग्रता और सतर्कता के साथ काम करना आना चाहिए।

## कहां मिलेगी नौकरी

इस फील्ड में सरकारी और प्राइवेट जॉब्स की भरमार है। फॉरेंसिक साइंस में डिग्री हासिल करने के बाद आपको पुलिस, लीगल सिस्टम, इंवेस्टिगेटिव सर्विस जैसी जगहों पर जॉब मिल सकती है। वहीं, कोई प्राइवेट एजेंसी भी आपको बतौर फॉरेंसिक साइंटिस्ट्स जॉब ऑफर कर सकती है। अगर आप में योग्यता है तो आपको फॉरेंसिक साइंटिस्ट इंटेलि ?जेंस ब्यूरो और सीबीआई में भी नौकरी का अवसर प्राप्त हो सकता है। इसके अलावा आप किसी फॉरेंसिक साइंस शिक्षण संस्थान में टीचर के रूप पढ़ा कर अच्छी सैलरी कमा सकते हैं।

## सैलरी

योग्यता के आधार पर आपको शुरुआत में 20-50 हजार रुपये प्रतिमाह तक सैलरी मिल सकती है। समय के साथ अनुभव होने पर आप 6 से 8 लाख रुपये तक महीना कमा सकते हैं।



# विदेशों में स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

विदेशों से हायर एजुकेशन प्राप्त करना कई लोगों की टू-डू लिस्ट में शामिल होता है। कई लोग इसे प्राप्त कर लेते हैं और कई लोग इसे प्राप्त करने से वंचित भी रह जाते हैं। विदेशों से हायर एजुकेशन की पढ़ाई करने पर जीवन में कई अवसर मिलते हैं। हालांकि हायर एजुकेशन जितने बेहतर अवसर देता है उतना ही खर्चीला भी है। विदेशों में पढ़ाई करने के लिए एक बेहतर प्लानिंग की आवश्यकता तो होते ही है साथ ही आवश्यकता होती है नॉलेज की। उसी नॉलेज और प्लानिंग में से एक है स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करना। जब स्कॉलरशिप की बात आती है तो हमें कई बातों को ध्यान में रखना पड़ता है। आइए जानते हैं कुछ महत्वपूर्ण बातों को जिन्हें स्कॉलरशिप प्राप्त करने से पहले ध्यान में रखना पड़ता है।

## स्ट्रांग प्रोफाइल बनाएं

हालांकि स्कॉलरशिप के लिए एकेडमिक स्ट्रेन्थ आवश्यक है। अगर मास्टर्स करने का आप प्लान बना रहे हैं तो आपका जीपीए 7.0 से अधिक है तो स्कोर बेहतर माना जाता है। लेकिन केवल इतना ही आवश्यक नहीं है। स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आपका प्रोफाइल बेहद स्ट्रांग होना चाहिए। इसके लिए आप इसमें एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी जैसे स्पोर्टस, म्यूजिक, ड्रामा इत्यादि की डिटेल जरूर लिखें। इससे आपका प्रोफाइल बेहद स्ट्रांग बनेगा।

## यूनिवर्सिटी स्कॉलरशिप से आगे बढ़कर सोचें

ध्यान रखें कि विदेशों में पढ़ने के लिए केवल यूनिवर्सिटी ही नहीं बल्कि कई संस्था स्कॉलरशिप प्रदान करती है। ये स्कॉलरशिप सरकारी के साथ-साथ प्राइवेट संस्थाओं द्वारा भी दिया जाता है। अगर आप भारत में हैं तो कई संस्था जैसे टाटा आपको विदेश में पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप देगी। इसके साथ ही अगर आप विदेश में हैं तो वो देश भी विदेशों छात्रों के लिए कई स्कॉलरशिप प्लान पर कार्य करता है। इन स्कॉलरशिप के बारे में दोनें देशों के एजुकेशन डिपार्टमेंट से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## कोर्स से पहले कर दें अप्लाई

आप जो कोर्स करना चाहते हैं उसके शुरू होने से 18 महीने पहले आप अप्लाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दें। ऐसा इसलिए क्योंकि आवेदन करने के बाद डॉक्यूमेंट सबमिशन और वेरिफिकेशन में काफी वक्त लगता है। ऐसे में आपको समय पर स्कॉलरशिप भी मिल जाएगा और कोर्स में भी कोई समस्या नहीं होगी।

## एप्लीकेशन का कराएं रिव्यू

एप्लीकेशन फॉर्म भरने के बाद यह सबसे बेहतर आइडिया है कि उसका रिव्यू करा लिया जाए। रिव्यू कराने से एप्लीकेशन की कमियां सामने आएगी और उसके बाद सुधार किया जा सकेगा। अपना एप्लीकेशन और डॉक्यूमेंट लें और उसे किसी प्रोफेशनल के पास ले जाएं। ये प्रोफेशनल आपके शिक्षक या कोई अन्य एक्सपर्ट भी हो सकते हैं। इससे आपको रिव्यू मिलेगा और आप एप्लीकेशन में सुधार कर पाएंगे।

## अधिक से अधिक रियल रहने का प्रयास करें

जब एप्लीकेशन लिखे तो ज्यादा से ज्यादा रियल रहने का प्रयास करें। यूनिवर्सिटी में आप खुद को निखारने और खुद को बेहतर बनाने के लिए जाते हैं इसी कारण एप्लीकेशन में खुद को ज्यादा बढ़ा-चढ़ा कर ना लिखें। जो हैं वह ईमानदारी के साथ लिखें और अपने स्किल, पैशन और इंटरेस्ट आदि के विषय में लिखें।

# ‘सुंदर’ गेंदबाजी ने न्यूजीलैंड को 259 पर समेटा

**पुणे, एजेंसी।** वॉशिंगटन सुंदर (सात विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को 259 के स्कोर पर समेटने के बाद एक विकेट पर 16 रन बना लिये हैं।

दिन खेल समाप्त होने के समय भारत ने 11 ओवर में कप्तान रोहित शर्मा(शून्य) का विकेट गवां कर 16 रन बना लिये है। स्टंप के समय यशस्वी जायसवाल (6) और शुभमन गिल (10) रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत पहली पारी में अभी न्यूजीलैंड से 243 रन पीछे हैं।

न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने एक विकेट लिया।

इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लेथम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड को पहला झटका आठवें ओवर में कप्तान टॉम लेथम का विकेट



गवांकर लगा। एक समय 76 के स्कोर न्यूजीलैंड ने अपने दो विकेट गवां दिये थे। आठवें ओवर में रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद उन्होंने 24वें ओवर में विल यंग (18) को अपना शिकार बनाया। डेवन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने भोजनकाल के बाद धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए स्कोर में 50 रन और जोड़े। 44वें ओवर में आर अश्विन ने डेवन कॉन्वे को (76) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर ने रचिन रवींद्र (65) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। उस समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 197 रन था। उसके बाद टॉम ब्लंडल (तीन) को भी वॉशिंगटन ने आउट किया। जमने का प्रयास कर रहे डैरिल मिचेल (नाबाद 18) रन को वॉशिंगटन ने आउट किया। इसके बाद तो वॉशिंगटन सुंदर ने न्यूजीलैंड के किसी भी बल्लेबाज को टिकन नहीं दिया। ग्लेन फिलिप्स (नौ), मिचेल सैंटनर (33), टिम साउदी (पांच), एजाज पटेल (चार) का सुंदर ने शिकार किया। न्यूजीलैंड के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 79.1 ओवर में 259 के स्कोर पर सिमट गई।

भारत की ओर वॉशिंगटन सुंदर ने 23.1 ओवर में 59 रन देकर सात विकेट लिये। यह वॉशिंगटन सुंदर के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं आर अश्विन ने 24 ओवर में 64 रन देकर तीन विकेट झटके।

## वॉशिंगटन सुंदर का कहर

वॉशिंगटन सुंदर (सात विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को 259 के स्कोर पर समेट दिया है।
आज यहां न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लेथम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड 76 के स्कोर अपने दो विकेट गवां चुकी थी। आठवें ओवर में रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद उन्होंने 24वें ओवर में विल यंग (18) को अपना शिकार बनाया। डेवन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने भोजनकाल के बाद धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए स्कोर में 50 रन और जोड़े। 44वें ओवर में आर अश्विन ने डेवन कॉन्वे को (76) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर ने रचिन रवींद्र (65) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। टॉम ब्लंडल (तीन) को भी वॉशिंगटन ने आउट किया। जमने का प्रयास कर रहे डैरिल मिचेल (नाबाद 18) रन को वॉशिंगटन ने आउट किया। इसके बाद तो वॉशिंगटन सुंदर ने न्यूजीलैंड के किसी भी बल्लेबाज को टिकन नहीं दिया। ग्लेन फिलिप्स (नौ), मिचेल सैंटनर (33), टिम साउदी (पांच), एजाज पटेल (चार) का सुंदर ने शिकार किया। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 79.1 ओवर में 259 के स्कोर पर सिमट गई। भारत की ओर वॉशिंगटन सुंदर ने 23.1 ओवर में 59 रन देकर सात विकेट लिये। वहीं आर अश्विन ने 24 ओवर में 64 रन देकर तीन विकेट झटके।

# श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया



**पल्लेकेले, एजेंसी।** श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला पल्लेकल में खेला गया। इस मैच को श्रीलंकाई टीम ने पांच विकेट से जीता। बारिश की वजह से इस मुकाबले को 44 ओवर का कर दिया गया था। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए विंडीज टीम 36 ओवर में 189 रन पर सिमट गई थी। जवाब में श्रीलंका ने 38.2 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। महीश तीक्षणा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**वेस्टइंडीज की पारी**

पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरूआत खराब रही थी। ब्रैंडन किंग 16 रन, एलिक एथनाजे एक रन, केसी कार्टी छह रन और कप्तान शाई होप पांच रन बनाकर आउट हुए थे। शेरफेन रदरफोर्ड ने इसके बाद एक छोर से अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने 82 गेंद में सात चौके और चार छक्के की मदद से 80 रन की पारी खेली। हालांकि, दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। रोस्टन चेज आठ रन, रोमारियो शेफर्ड चार रन, हेडन वॉल्श एक रन और अल्जारी जोसेफ एक रन बनाकर आउट हुए। आखिर में गुडाकेश मोती ने 61 गेंद पर एक चौके की मदद से नाबाद 50 रन बनाए। वहीं, जेडन सील्स पांच रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने चार विकेट लिए। वहीं, तीक्षणा और असिथा फर्नांडो को तीन-तीन विकेट मिले।

**श्रीलंका की पारी**

190 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरूआत भी कुछ खास नहीं रही थी। अविष्का फर्नांडो नौ रन बनाकर पवेलियन लौटे थे, जबकि कुसल मेंडिस तीन रन बना सके थे। इसके बाद निशान मदुशंका और सदीरा समरविक्रमा ने 62 रन की साझेदारी निभाई। निशान 44 गेंद में छह चौके की मदद से 38 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, समरविक्रमा ने 50 गेंद में छह चौके की मदद से 38 रन की पारी खेली। इसके बाद कप्तान असलंका ने एक छोर संभाले रखा। वह 61 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 62 रन बनाकर नाबाद रहे। जानिथ लियानागे 24 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कामिंदु मेंडिस 11 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने दो विकेट लिए। वहीं, मोती और चेज को एक-एक विकेट मिला।



# अनूठे प्रयोग से साजिद और नोमान ने इंग्लैंड के नौ विकेट झटके

# पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 267 रन पर समेटा

**रावपिंडी, एजेंसी।** साजिद खान (छह विकेट) और नोमान अली (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार को तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को पहली पारी को 267 के स्कोर पर समेट दिया है।

इंग्लैंड ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की जैक क्रॉली और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 56 रन जोड़े। पाकिस्तान ने इस दौरान पहली नया प्रयोग करते हुए स्पिनरों को शुरूआती गेंदबाजी का अवसर दिया। जिसे उन्होंने सही साबित किया। नोमान अली ने जैक क्रॉली (29) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद साजिद खान ने कहर ढहाते हुए इंग्लैंड के तीन बल्लेबाजों को सस्ते में निपटा दिया। ऑली पोप (तीन), जो रूट (पांच) और हैरी ब्रूक साजिद खान का शिकार बने। बेन डकेट (52) को नोमान अली ने आउट किया। बेन स्टोक्स (12) गस ऐटकिंसन (39), रेहान अहमद (9), जैक लीच (16) रन बनाकर आउट हुये। जेमी स्मिथ ने इंग्लैंड के लिये सर्वाधिक (89) रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की पूरी टीम 68.2 ओवर में 267 पर सिमट गई।

पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 29.2 ओवर में 128 रन देकर (छह विकेट) लिये और नोमान अली ने 28 ओवर में 88 रन देकर (तीन विकेट) झटके। जाहिद महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया

साजिद खान और नोमान ने मैच के तीसरे सत्र में दोनों गेंदबाजों ने इंग्लैंड के नौ विकेट झटक चूके है। पाकिस्तान ने इंग्लैंड की पहली पारी को 267 रन पर समेट दिया है। साजिद खान ने छह और नोमान अली ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया।

पाकिस्तान क्रिकेट में पहली बार हुआ है जब पाकिस्तान ने गेंदबाजी की शुरूआत ऑफ स्पिनर साजिद खान से की। दूसरे ओवर में भी पाकिस्तान ने स्पिनर नोमान अली को गेंदबाजी सौंपी गई। वहीं टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में यह चौथी बार हुआ जब किसी टेस्ट मैच की पहली पारी में दो स्पिनर्स ने गेंदबाजी की शुरूआत की हो। सबसे पहले 1964 में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ मोटगनहल्ली जयसिम्हा और सलीम अजीज दुरानी से पहला और दूसरा ओवर करवाकर यह कारनामा किया था। वहीं आखिरी बार 2019 में बंगलादेश और अफगानिस्तान के बीच चटगांव टेस्ट में भी ऐसा देखा गया था जब तैजुल इस्लाम और शाकिब अल हसन ने गेंदबाजी की शुरूआत की।

# भारत ए ने ओमान को छह विकेट से हराया

**अल अमीरात, एजेंसी।** आयुष बदोनी की 27 गेंद में 51 रन की पारी से भारत-ए ने इमर्जिंग एशिया कप में ओमान को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब अंतिम चार में उसका सामना अफगानिस्तान ए से होगा। भारत ने ग्रुप बी में सभी मैच जीते। ओमान ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 140 रन बनाए। जवाब में भारत ने 15.2 ओवर में चार विकेट पर 146 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। ओमान के लिए मोहम्मद नदीम ने 41 और हमद मिर्जा ने नाबाद 28 रन बनाए। साई किशोर ने 21 रन पर 1 विकेट लिया। भारत ए के लिए अभिषेक शर्मा ने 34 और कप्तान तिलक वर्मा ने नाबाद 36 रन बनाए।

**बदोनी ने बेहतरीन शॉट्स लगाए**

बदोनी ने गजब का खेल दिखाया। उन्होंने स्पिनर्स पर जमकर शॉट खेले। बदोनी ने रिवर्स स्लॉग स्वीप और एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से कई शॉट खेले। उनके अलावा अभिषेक शर्मा ने 15 गेंद में 34 रन बनाए। वहीं, कप्तान तिलक वर्मा ने 30 गेंद में 36 रन बनाए। इससे पहले कप्तान तिलक ने ओमान के खिलाफ आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। इनमें से पांच गेंदबाजों को विकेट मिले। आर साई किशोर ने चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। वहीं, लेग स्पिनर राहुल चाहर ने चार ओवर में 20 रन दिए। ओमान ने मोहम्मद नदीम के 41 रन की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 140 रन बनाए। जवाब में भारत ने 15.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया और छह विकेट से जीत हासिल की।

**अंक तालिका का हाल**

इस जीत की बदौलत भारतीय टीम ग्रुप बी में तीन मैचों में तीन जीत और +2.481 के नेट रन रेट के साथ पहले स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंची। पाकिस्तान की टीम ने तीन मैचों में दो जीत और +3.017 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर रहकर



सेमीफाइनल में पहुंची। ग्रुप-ए से श्रीलंका पहले स्थान पर और अफगानिस्तान ने दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया।

**भारत ने इससे पहले पाकिस्तान और यूएई को हराया**

इससे पहले भारत ए क्रिकेट टीम ने सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए एसीसी इमर्जिंग एशिया कप टी-20 में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की थी। शीर्ष क्रम के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने आठ विकेट गंवाकर 183 रन बनाए। पाकिस्तान ए टीम सात विकेट पर 176 रन ही बना पाई। इसके बाद दूसरे मैच में भारत ने यूएई को सात विकेट से हराया था।

# तमिल थलाइवाज ने पुनेरी पल्टन को 35-30 के अंतर से हराया

**हैदराबाद, एजेंसी।** तमिल थलाइवाज ने अपने हरफनमौला खेल की बदौलत बुधवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 11वें मैच में मौजूदा चैंपियन पुनेरी पल्टन को 35-30 के अंतर से हरा दिया। इस सीजन में थलाइवाज की लगातार दूसरी जीत है जबकि पल्टन को तीन मैचों में पहली हार मिली है।

आज यहां गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गये इस मुकाबले में थलाइवाज की जीत में नरेंदर कंडोला (9), सचिन (8) और डिफेंडर नितेश (हाई-5) का अहम योगदान रहा। इसके अलावा साहिल गुलिया ने डिफेंस से तीन अंक लिया। पल्टन के लिए मोहित गोयत (13 अंक) ने अच्छा प्रदर्शन किया। पल्टन ने पांच सुपर टैकल किए लेकिन बाकी के असलम इनामदार (4 अंक) जैसे रेडरों से साथ नहीं मिल पाने के कारण यह टीम अपनी साख के साथ न्याय नहीं कर सकी।

थलाइवाज ने बेहतरीन शुरूआती की और तीन मिनट के भीतर 3-0 की बढ़त ली। नरेंदर कंडोला ने अमन और गौरव का



बाहर का रास्ता दिखा दिया था। चौथे मिनट में असलम डू ओर डाई रेड पर गए। उन्हें लपक थलाइवाज ने पल्टन को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। एक खिलाड़ी के साथ पल्टन आलआउट की कगार पर थे।

मोहित ने हालांकि रेड में एक अंक लिया और फिर गौरव के साथ मिलकर सचिन को सुपर टैकल कर लिया। स्कोर 5-6 हो गया था। मोहित पल्टन के आलआउट को रोके हुए थे। उन्होंने 10वें मिनट में एक रेड पर दो अंक लेकर न सिर्फ स्कोर 8-9 किया बल्कि एक बार फिर आलआउट टाल दिया।

पल्टन ने वापसी की राह पकड़ी। असलम ने दो अंक की रेड के साथ स्कोर 10-10 कर दिया। लेकिन अगली रेड पर असलम लपके गए औ? इस तरह पल्टन तीसरे मैच में पहली बार आलआउट हुई। थलाइवाज को 14-11 की लीड मिल चुकी थी। पल्टन फेल्ड टैकल्स के कारण मार खा रहे थे।

पल्टन ने हालांकि एक बार फिर वापसी की राह पकड़ी। सचिन को लपक उसने स्कोर 15-17 कर दिया। थलाइवाज ने हालांकि इसके बाद दो अंक लेकर पहले हाफ की समाप्ति 19-15 के साथ की।

## एक नजर

### गत चैंपियन नोवाक जोकोविच पेरिस मास्टर्स से हटे

**पेरिस, एजेंसी।** गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स टेनिस टूनामेंट से नाम वापस ले लिया है। आयोज इस 37 साल के खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह ‘सिक्स किंग्स स्लैम’ प्रदर्शनी टूनामेंट में भाग लिया था। आयोजकों ने जोकोविच के हटने का कोई कारण नहीं बताया है। रैंकिंग में सबसे लंबे समय तक शीर्ष स्थान रहे सर्बिया के इस खिलाड़ी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि, मुझे उन सभी लोगों के लिए खेद है जो मुझे वहां खेलते हुए देखना चाहते थे। उन्होंने कहा, वहां सात खिताब जीतने के दौरान मेरी कई अच्छी यादें हैं और उम्मीद है कि अगले साल वापस आऊंगा। जोकोविच ने पेरिस इनडोर टूनामेंट में रिकॉर्ड सात खिताब जीते हैं। उनके इसमें नहीं खेलने के फैसले से साल के अंत में होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को झटका लग सकता है। इसमें शीर्ष आठ खिलाड़ी शामिल होंगे। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच फिलहाल एटीपी फाइनल्स की दौड़ में छठे स्थान पर हैं। जननिक सिनर, कार्लोस अलकराज, अलेक्जेंडर ज्वेरेव और डेनियल मेदवेदेव ने 10 से 17 नवंबर तक होने वाली आयोजन के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लिया है।

### भारतीय टीम में तीन बदलाव थोड़ा घबराहट भरा फैसला लगा: गावस्कर

**पुणे, एजेंसी।** पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत ने घबराहट में अंतिम एकादश में कुलदीप यादव की जगह वाशिंगटन सुंदर को शामिल किया होगा। भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए अपनी टीम में तीन बदलाव किये हैं। उन्होंने मोहम्मद सिराज और लोकेश राहुल की जगह क्रमशः आकाश दीप और शुभमन गिल टीम में शामिल करने के साथ कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की जगह वाशिंगटन को मौका दिया है। गावस्कर ने गुरुवार को यहां टॉस के बाद मैच के प्रसारकों से कहा, यह भारतीय टीम का घबराहट भरा फैसला लगता है। आप अक्सर टीम में तीन बदलाव नहीं करते हैं। पिछले सप्ताह पहला टेस्ट आठ विकेट से हारने के बाद भारत तीन मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे है। बेंगलुरु टेस्ट की पहली पारी में रोहित शर्मा की टीम 46 रन पर आउट हो गयी थी। गावस्कर ने कहा, जब तक चोट की चिंता न हो, मैं बहुत सी टीमों को तीन बदलाव करते नहीं देखता। वॉशिंगटन सुंदर को शामिल करने से पता चलता है कि वे अपनी बल्लेबाजी को लेकर चिंतित हैं। उनकी गेंदबाजी से ज्यादा, उन्हें निचले क्रम में उनकी बल्लेबाजी की जरूरत है। उन्होंने कहा, हां, न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी इकाई में बाएं हाथ के बल्लेबाजों के बारे में काफी चर्चा हो रही है, लेकिन मैं कुलदीप यादव को चुनूंगा क्योंकि उनकी गेंद वामहस्त बल्लेबाजों के लिए बाहर की तरफ निकलती है।

### मीर हमजा कराची में पुनर्वास के लिए पाकिस्तान की टेस्ट टीम से बाहर

**मुल्तान, एजेंसी।** पाकिस्तान ने तेज गेंदबाज मीर हमजा को कराची में पुनर्वास जारी रखने की अनुमति देने के लिए अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रावलपिंडी में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक टेस्ट के पहले दिन यह घोषणा की। हमजा अपने दाहिने ग्लूट में दर्द से जूझ रहे थे। तीसरे टेस्ट से पहले वे टीम के किसी भी सत्र में प्रशिक्षण का हिस्सा नहीं थे और मंगलवार को उन्हें पाकिस्तान टीम के फिजियोथेरेपिस्ट के साथ बैंड पुनर्वास अभ्यास करते देखा गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को पहले और अंतिम दो टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया गया था, लेकिन श्रृंखला के दौरान किसी भी समय प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया। पाकिस्तान के लिए उनका आखिरी प्रदर्शन रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में था। 32 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 42.08 की औसत से 12 विकेट लिए हैं। शुरूआत में पाकिस्तान ने तीन तेज गेंदबाजों- नसीम शाह, शाहीन अफरीदी और आमिर जमाल को खिलाया। हालांकि, बाद में उन्होंने तीन विशेषज्ञ स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज जमाल को चुना, ताकि स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों का सामना किया जा सके। अन्य तेज गेंदबाजों की तुलना में जमाल की बेहतर बल्लेबाजी क्षमता ने हमजा को लाइनअप से बाहर कर दिया, लेकिन एक छोटी सी चोट के कारण उन्हें अंतिम टेस्ट से बाहर होना पड़ा।

### भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने बृहस्पतिवार को संन्यास की घोषणा की जिससे उनके 16 साल के करियर का अंत हुआ।


रानी के पिता ठेला खींचने का काम करते थे और वह अपने करियर के दौरान हरियाणा के एक छोटे से शहर से निकलकर लोगों के लिए प्रेरणा बनीं। रानी की अगुआई में भारत ने 2021 में तोक्यो खेलों के दौरान ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया।

रानी ने प्रेस कांफ्रेंस में संवाददाताओं से कहा, यह एक शानदार यात्रा रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मैंने बचपन से बहुत गरीबी देखी है लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने पर था, देश का प्रतिनिधित्व करने पर।

इस 29 वर्षीय दिग्गज फॉरवर्ड ने 2008 में ओलंपिक क्वालीफायर में 14 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया। उन्होंने भारत के लिए 254 मैच में 205 गोल किए। उन्हें 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उसी वर्ष देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री उन्हें मिला। रानी को हाल ही में सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच नियक्त किया गया।

### जॉर्डन कॉक्स, रेहान अहमद कैरेबियाई दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल

**लंदन, एजेंसी।** विकेटकीपर बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स और गेंदबाजी ऑलराउंडर रेहान अहमद को 31 अक्टूबर से एंटीगा में शुरू होने वाले कैरेबियाई दौरे के लिए इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम में शामिल किया गया है। कॉक्स ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की टी20 सीरीज में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, वह कैरेबियाई दौरे में शामिल होने से पहले रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन के अंत के बाद यूके के लिए उड़ान भरेंगे। उम्मीद है कि वह तीनों वनडे मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उसके बाद के टी20 चरण के लिए नहीं, क्योंकि वह न्यूजीलैंड के अगले टेस्ट दौरे की तैयारी करेंगे। रेहान, जो पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में भी शामिल हैं, मैच के अंत में व्हाइट-बॉल टीम में शामिल होंगे। नियमित कप्तान जोस बटलर की अनुपस्थिति में, जो पिंडली की चोट से उबरने में थोड़ी परेशानी के कारण मैच से बाहर हो गए हैं, ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे। इंग्लैंड की वनडे और टी20 टीमः जोस बटलर (कप्तान, केवल टी20), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, जाफर चौहान, जॉर्डन कॉक्स, सैम करन, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन (वनडे कप्तान), साकिब महमूद, डैन मूसली, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपली, जॉन टर्नर।



# रणवीर सिंह ने भी पूछा सवाल ये ओरी करता क्या है?

अभिनेता रणवीर सिंह और ओरहान अवतरमणी ( ओरी ) का एक वीडियो रणवीर सिंह के इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया गया है। वीडियो में रणवीर सिंह मजाकिया अंदाज में एक सवाल पूछते हैं– ये ओरी करता क्या है? वीडियो की शुरुआत में रणवीर ने ओरी के कंधे पर हाथ रखते हुए कहा, अक्सर हमारे देश में लोग दो सवाल पूछते हैं। पहला, ‘कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा?’ और दूसरा, ‘ये ओरी करता क्या है?’卐 यह सवाल सुनकर ओरी ने हंसते हुए अपने सनग्लास पहनने की कोशिश की, लेकिन रणवीर ने मजाक में उन्हें रोकते हुए कहा, कोई मौका नहीं। वीडियो के बैकग्राउंड में एक महिला भी कहती है, आप चश्मे के साथ सनग्लास नहीं पहन सकते। ओरी ने इस मजेदार वीडियो को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, ‘ये वो सवाल हैं जो हमें परेशान करते हैं।’ वीडियो ने तुरंत सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया और फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया। इससे पहले, ओरी कई बॉलीवुड सितारों जैसे अनन्या पांडे, जान्हवी कपूर, खुशी कपूर और सुहाना खान के साथ राधिका मर्चेंट की भव्य जन्मदिन पार्टी में शामिल हुए थे। ओरी ने इस पार्टी की कई झलकियां भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थीं, जिससे फैंस ने भी पार्टी के शानदार पलों का आनंद उठाया। वहीं, रणवीर सिंह हाल ही में अपने न्यू डैड बनने की खुशियों में व्यस्त हैं। उनकी पत्नी और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने पिछले महीने एक बेटी को जन्म दिया था। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर इस खुशखबरी की घोषणा की थी, जिससे उनके फैंस बेहद उत्साहित हुए। रणवीर और दीपिका दोनों जल्द ही रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे बड़े सितारे भी शामिल हैं। सिंघम अगेन 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और ओरहान अवतरमणी ( ओरी ) का हाल ही में एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# करण जौहर ने की अपने नए प्रोजेक्ट की घोषणा

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता करण जौहर ने अपने नए प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार इस फिल्म में बैरिस्टर नायर की भूमिका निभाएंगे, जबकि आर. माधवन और अनन्या पांडे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। धर्मा प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए बताया कि यह फिल्म 14 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्टर पर लिखा है, ‘एक अनकही कहानी, एक अनसुना सच।卐 करण जौहर और अक्षय कुमार के फैंस इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि यह स्वतंत्रता पूर्व भारत की एक सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी करेंगे, जो इससे पहले कई चर्चित प्रोजेक्ट्स पर काम कर चुके हैं। यह फिल्म रघु पलट और पुष्पा पलट की किताब द केस दैट शूक द एम्पायर पर आधारित होगी, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद ब्रिटिश शासन द्वारा किए गए अत्याचारों और इसे छिपाने की कोशिशों पर केंद्रित है। फिल्म में सी. शंकरन नायर के जीवन को दिखाया जाएगा, जिन्होंने पंजाब के तत्कालीन गवर्नर माइकल ओडायर के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। यह मुकदमा ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ एक साहसिक कदम था और स्वतंत्रता संग्राम में इसे महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है। फिल्म को अक्षय कुमार की कंपनी केप ऑफ गुड फिल्म्स, करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और लियो मीडिया कलेक्टिव द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। अक्षय कुमार इस फिल्म में एक शक्तिशाली और ऐतिहासिक किरदार निभाते नजर आएंगे, जिससे फैंस को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। अक्षय के पास इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें हाउसफुल 5 और वेलकम टू द जंगल शामिल हैं। दूसरी ओर, आर. माधवन भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे और उनके फैंस उन्हें इस भूमिका में देखने के लिए उत्साहित हैं। अनन्या पांडे इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, जो उनके करियर के लिए एक नई दिशा हो सकती है। फिल्म के साथ–साथ इसका विषय और ऐतिहासिक महत्व इसे एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बनाते हैं, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# माधुरी ने की पाणी की प्रशंसा तो प्रियंका ने जताया आभार

अंतरराष्ट्रीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस की मराठी फिल्म पाणी को लेकर माधुरी दीक्षित ने फिल्म की सराहना की। माधुरी द्वारा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए की गई प्रशंसा के बाद प्रियंका ने उनका आभार व्यक्त किया। माधुरी ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के ट्रेलर को साझा करते हुए इसके विषय और कलाकारों की प्रशंसा की, साथ ही दर्शकों से सिनेमाघरों में जाकर इसे देखने का आग्रह किया। प्रियंका ने इस पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए लिखा, धन्यवाद माधुरी दीक्षित नेने। माधुरी दीक्षित ने फिल्म की रचनात्मकता और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा, फिल्म की पूरी टीम को बधाई। यह फिल्म एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे पर आधारित है, और इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अपनी पोस्ट में प्रियंका चोपड़ा और फिल्म के निर्देशक आदिनाथ एम. कोठारे को भी टैग किया। फिल्म पाणी का निर्माण प्रियंका चोपड़ा और उनकी मां मधु चोपड़ा के प्रोडक्शन हाउस पर्पल पेबल पिक्चर्स के तहत किया गया है। यह फिल्म पानी की कमी के गंभीर वैश्विक मुद्दे को उठाती है और इसमें आदिनाथ, रुचा वैद्य, सुबोध भावे, राजित कपूर, किशोर कदम, नितिन दीक्षित और सचिन गोस्वामी जैसे मंझे हुए कलाकार शामिल हैं। पाणी को 2019 में 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में पर्यावरण संरक्षण पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म के खिताब से नवाजा गया था, जो इसके विषय की प्रासंगिकता और प्रस्तुति की उत्कृष्टता को दर्शाता है। प्रियंका ने फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान अपने विचार साझा करते हुए कहा, पाणी मेरे लिए एक जुनूनी परियोजना है। यह फिल्म न केवल एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे पर आधारित है, बल्कि यह एक व्यक्ति की प्रेरणादायक यात्रा को भी दर्शाती है, जो अपने समुदाय के लिए समाधान खोजने का प्रयास करता है। बता दें कि फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में इसकी विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई, जिसमें प्रियंका चोपड़ा अपनी मां मधु चोपड़ा और भाई सिद्धार्थ चोपड़ा के साथ शामिल हुईं। इस अवसर पर फिल्म निर्माता सूरज बड़जात्या, महेश मांजरेकर और फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू भी उपस्थित थे।



# मजदूरों के साथ जमीन पर सोते नजर आए सुनील ग्रोवर

कॉमेडियन सुनील ग्रोवर की फोटो देखकर लोगों ने फोटोग्राफर साथ रखने की उनकी जरूरत पर तंज कसा, जो कॉमेडियन की फोटो तब भी खींच रहा है, जब वे फर्श पर सो रहे थे। कॉमेडियन इंस्टाग्राम रील में मां गंगा का आशीर्वाद लेते हुए नजर आए। उन्होंने सफेद टीशर्ट और नीली जींस पहनी हुई थी। वे एक अनजान शख्स के बगल में नींद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो देखकर फोटोग्राफर का पता नहीं चलता।



सुनील ग्रोवर ने कैप्शन में लिखा, ‘और क्या चाहिए, बताओ।’ सुनील के वीडियो पर लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा कि कॉमेडियन जमीन से जुड़े होने का दिखावा कर रहे हैं। वह लिखता है, ‘अमीर लोगों को डाउन–टू–अर्थ दिखने के लिए कैमरामैन भी साथ ले जाना होता है।’ दूसरा व्यक्ति सहमति जताते हुए कहता है, ‘गुड एक्टर, चलो वीडियो बन गया। अब जाकर अपने 5 स्टार होटल के कमरे में जाकर सो जाओ। सुनील ग्रोवर जब भी स्क्रीन पर नजर आए, दर्शकों को खूब हंसाया। वे अब ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ से लोगों को हंसाते–गुदगुदाते नजर आ रहे हैं। फिलहाल, वे काम से दूर घूमने–फिरने का आनंद उठा रहे हैं। उन्होंने ताजा इंस्टाग्राम पोस्ट से बताया कि वे सरल और तनाव से दूर पहाड़ों में फुरसत के पल गुजार रहे हैं, लेकिन उन्होंने जैसा सोचा होगा, लोगों ने वीडियो पर वैसा रिएक्शन नहीं दिया। वे कॉमेडियन को ट्रोल कर रहे हैं। सुनील से तीसरा यूजर पूछता है, ‘इतना दिखावा करने की क्या जरूरत है। जमीन पर लेबर सो रहे हैं, क्योंकि वे थके हुए हैं और यहां तुम वीडियो बना रहे हो।’ बता दें कि कॉमेडियन ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ का हिस्सा हैं, जिसका दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है। हर शनिवार रात 8 बजे इसका नया एपिसोड दिखाया जा रहा है।

# मुरलीकांत की असाधारण कहानी पर आधारित है चंदू चैंपियन

बालीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन की फिल्म, चंदू चैंपियन युद्ध नायक मुरलीकांत पेटकर की असाधारण कहानी पर आधारित है। मुरलीकांत पेटकर भारत के पहले पैरालम्पिक गोल्ड मेडलिस्ट बने, की जीवन यात्रा को पर्दे पर दर्शाने का जिम्मा लिया है निर्देशक कबीर खान और अभिनेता कार्तिक आर्यन ने। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुरलीकांत पेटकर का किरदार निभाया है, जो 1972 के पैरालंपिक खेलों में भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी थे। युद्ध में बुरी तरह घायल होने के बावजूद, पेटकर ने कभी हार नहीं मानी और खेल की दुनिया में सफलता हासिल की। कार्तिक आर्यन ने इस किरदार को जीवंत करने के लिए कड़ी मेहनत की, जिसमें उन्होंने बॉक्सिंग और गहरे पानी में तैराकी जैसे कौशल सीखे। उन्होंने अपने शरीर का फैट 39प्रतिशत से घटाकर 7प्रतिशत तक लाने के लिए डेढ़ साल तक ट्रेनिंग की। यह उनके करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक रही है। कार्तिक ने कहा, इस फिल्म ने मुझे असली सहनशीलता और साहस का मतलब सिखाया। यह मेरे लिए सीखने और डर पर काबू पाने का सफर था। फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया है, जिन्हें बजरंगी भाईजान और 83 जैसी हिट फिल्मों के लिए जाना जाता है। कबीर ने कहा, मुरलीकांत पेटकर की कहानी इंसानी जज़्बे की जीत पर रोशनी डालती है।



कार्तिक ने किरदार को पूरी तरह से आत्मसात किया, और उनके समर्पण ने फिल्म में जान डाल दी। चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 20 अक्टूबर, रविवार को रात 8 बजे सिर्फ ज़ी सिनेमा पर होगा। यह फिल्म न केवल एक अद्वितीय खिलाड़ी की उपलब्धियों को दर्शाती है, बल्कि यह धैर्य, साहस और उम्मीद की प्रेरणादायक कहानी भी है, जो दर्शकों को अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करेगी। फिल्म में विजय राज, बृजेन्द्र काला, श्रेयस तलपड़े और राजपाल यादव जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे, जो इस कहानी में और भी गहराई और इमोशंस जोड़ते हैं।

# ऋचा चड्ढा ने पति के लिए खास अंदाज में किया प्यार का इजहार

अपने पति अभिनेता अली फज़ल के जन्मदिन पर बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने एक भावुक और प्यारी पोस्ट शेयर की। इस पोस्ट में उन्होंने अपने पति के लिए खास अंदाज में अपने प्यार का इजहार किया। ऋचा ने इंस्टाग्राम पर एक पुरानी वीडियो पोस्ट की, जिसमें अली के बचपन की झलकियाँ शामिल हैं। वीडियो में दो अलग–अलग क्लिप हैं पहले क्लिप में अली को धुंधले शॉट में दिखाया गया है, जबकि दूसरे क्लिप में उनके बचपन की बर्थडे पार्टी की एक पुरानी यादगार वीडियो है, जो 90 के दशक की सैर कराती है। ऋचा ने इस वीडियो के साथ एक भावुक कैप्शन दिया, मुझे पता है कि मैं कितनी भाग्यशाली हूं, अली फज़ल। हमने यह एक मिलियन बार किया है, है ना? मेरे बचपन के दोस्तों वत्सल और चिंटू को प्यार के लिए धन्यवाद, और कक्कड़ अंकल को पुराने पलों की याद दिलाने के लिए शुक्रिया। यह एक ऐसा दिन है जिसे मनाना और संजोया जाना चाहिए। जब हम किसी से प्यार करते हैं और उनसे शादी करते हैं, तो हमें इंटरनेट पर किसी को जवाब देने की जरूरत नहीं है। ऋचा और अली फज़ल ने कई सालों तक डेटिंग करने के बाद 4 अक्टूबर, 2022 को शादी की थी। इस साल जुलाई में इस जोड़े ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। इस खुशी को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए फैंस के साथ साझा किया, जिसमें नवजात के नन्हे पैर की तस्वीर दिखाई गई थी। फिलहाल, ऋचा अपनी अपकमिंग फिल्म अभी तो पार्टी शुरू हुई है की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, अली फज़ल मेट्रो इन दिनों और लाहौर 1947 सहित कई प्रोजेक्ट्स में काम कर रहे हैं। बता दें कि फुकरे और हीरामंडी जैसी फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी से अभिनेत्री ऋचा चड्ढा दर्शकों की जमकर सराहना बटोरने चुकी है।



# तहलका मचा दिया कैटरीना की हॉट तस्वीरों ने

हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। कैटरीना ने फ्लोरल पैटर्न वाली खूबसूरत क्रीम रंग की ड्रेप्ड ड्रेस में अपनी ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट की हैं। कैटरीना ने इस पोस्ट के साथ कैप्शन दिया, दिल गुलाबी। तस्वीरों में कैटरीना ने बेहद सटल मेकअप लुक अपनाया है, जो उनकी खूबसूरती को और निखारता है। पहली तस्वीर में वह कैमरे की ओर देखते हुए पोज़ देती नजर आ रही हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वह कैमरे से दूर नजर आ रही हैं। उनके इस लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया, और फैंस ने जमकर तारीफों के साथ प्यार भी बरसाया। यह पहली बार नहीं है जब कैटरीना की कोई पोस्ट सुर्खियां बटोर रही हो। हाल ही में नवरात्रि के अवसर पर उन्होंने साड़ी में अपनी कुछ शानदार तस्वीरें साझा की थीं, जिसने भी फैंस का दिल जीत लिया था। कैटरीना कैफ ने अपने करियर में कई बड़ी हिट फिल्में दी हैं और हिंदी सिनेमा में एक सफल स्थान बनाया है। उन्हें राजनीति, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, एक था टाइगर, बैंग बैंग, टाइगर जिंदा है, सूर्यवंशी और अब टाइगर 3 जैसी सुपरहिट फिल्मों के लिए पहचाना जाता है। हाल ही में वह 2023 में रिलीज हुई फिल्म मेरी क्रिसमस में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने मिस्ट्री थ्रिलर के दिलचस्प किरदार मारिया को निभाया। इस फिल्म में उनके साथ विजय सेतुपति भी मुख्य भूमिका में थे। कैटरीना कैफ जल्द ही फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित फिल्म जी ले जरा में प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी।

